नई दिल्ली

बुधवार, 3 दिसंबर 2025

मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 230

पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00


**मौसम**
अधि. 23
न्यून. 11


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


रूस की संसद ने दी भारत संग अहम सैन्य समझौते को मंजूरी

## अमेरिका संग कोई विवाद नहीं: नौसेनाप्रमुख

*नौसेनादिवस के पूर्व में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बोले नौसेनाप्रमुख एडमिरल त्रिपाठी*



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा को अब लगभग 24 घंटे का समय ही शेष बचा है। लेकिन उससे ठीक पहले मॉस्को की संसद के निचले सदन यानी स्टेट ड्यूमा ने मंगलवार को भारत के साथ किए गए लॉजिस्टिक सहयोग से संबंधित पारस्परिक आदान-प्रदान (आरईएलओएस) से जुड़े हुए एक महत्वपूर्ण समझौते को अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसके जरिए दोनों देशों की नौसेनाएं भविष्य में लॉजिस्टिक्स आदान-प्रदान से जुड़ी तमाम ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सामरिक स्वायत्तता पर गर्व करता भारत

एडमिरल त्रिपाठी के मुताबिक, मुझे नहीं लगता कि मामले पर किसी तरह का कोई विवाद है। अगर ऐसा होता तो अभी तक वह सामने आ जाता। कोई मसला नहीं है। भारत को अपनी सामरिक स्वायत्तता पर अत्यंत गर्व है। जिसका स्पष्ट रूप से वर्णन शीर्ष नेतृत्व द्वारा किया गया है। इसी के तहत ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भारत ने श्रीलंका के चक्रवात प्रभावितों तक सहायता पहुंचाने के पाक के अनुरोध को स्वीकार किया

# भारत ने महज साढ़े चार घंटे में पाकिस्तान के लिए खोल दी अपनी हवाई सीमा: जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 से 10 मई 2025 तक चली सशस्त्र सेनाओं की ऑपरेशन सिंदूर की कार्यवाही के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पहला बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला है।

जिसमें भारत ने श्रीलंका के दित्वा चक्रवात प्रभावितों तक मानवीय सहायता पहुंचाने के पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उसके लिए चंद घंटों के अंदर ही अपनी हवाई सीमा खोल दी है। जबकि पाकिस्तान है कि वो इस मामले में भी अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पड़ोसी दुश्मन देश के ▶▶ शेष पेज 5 पर

**मामले में भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बयानों को हास्यास्पद बताते हुए भारत ने किया खारिज**




**श्रीलंका को एक्सपायरी डेट की राहत सामग्री भेजने पर सोशल मीडिया पर झेलनी पड़ी पाक को जमकर आलोचना**

### कुछ यूं मिला था पाक का अनुरोध

*रणधीर ने बताया कि मामले में इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग को बीते सोमवार (1 दिसंबर) दोपहर 1 बजे श्रीलंका तक मानवीय सहायता भेजने के लिए हवाई सीमा का इस्तेमाल करने की अनुमति देने के लिए औपचारिक अनुरोध किया गया था। विषय भीषण बाढ़ से जूझ रहे श्रीलंका को तत्काल मानवीय सहायता पहुंचाने का था। इसलिए बिना कोई वक्त गवाए भारत ने पाकिस्तान के अनुरोध पर प्रतिक्रिया दी और उसी दिन जवाब* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सोशल मीडिया पर पिटी पाक की भद्द

इन सबके बीच पाकिस्तान द्वारा श्रीलंका को भेजी गई एक्सपायरी डेट की राहत सामग्री को लेकर सोशल मीडिया पर उसे जमकर आलोचना का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान उच्चायोग ने इसे लेकर फोटो के साथ कुछ पोस्ट की थीं। जिनमें दिखाई गई राहत सामग्री के वास्तविक इस्तेमाल की डेट निकल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### तबाही को शब्दों में बयां करना मुश्किल

दित्वा चक्रवात से भारत के इस निकट पड़ोसी द्वीपीय देश में बड़ी भारी तबाही हुई है। करीब 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। जबकि कई अन्य घायल हैं। बड़ी तादाद में लोग विस्थापित भी हुए हैं। श्रीलंका की सरकार ने मौजूदा समय में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की है। उधर, जमीनी स्थिति की गंभीरता ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### इंडिगो विमान की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग



**हैदराबाद।** बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद मंगलवार को इंडिगो की कुवैत-हैदराबाद उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे मुंबई हवाई अड्डे पर उतारा गया। विमान सुरक्षित रूप से मुंबई में उतारा गया। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। धमकी भरे ईमेल में दावा किया था।

#### बैटिंग एप: ईडी ने एक्ट्रेस नेहा शर्मा से की पूछताछ



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री नेहा शर्मा आनलाइन सट्टेबाजी मंच 1 एक्सबेट से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुईं। अधिकारियों ने बताया कि बयान पीएमएलए के तहत दर्ज किया गया। इससे पहले पूर्व क्रिकेटरों शिखर धवन और सुरेश रैना से पूछताछ की थी।

## 8 दिसंबर को सदन में वंदे मातरम पर होगी चर्चा, प्रधानमंत्री मोदी बहस की शुरुआत करेंगे

# 9 दिसंबर को संसद में होगी चुनाव सुधारों पर चर्चा हंगामे की भेंट चढ़ी लोकसभा की कार्यवाही

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने पर की मांग पर अड़े विपक्ष के लिए मंगलवार को राहत की बात रही। केंद्र सरकार ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने पर सहमति जताई। कार्य मंत्रणा परिषद की मंगलवार को हुई बैठक में तय हुआ है कि 9 दिसंबर को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा होगी।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बुधवार,10 दिसंबर को इसका उत्तर देंगे। 8 दिसंबर को सदन में वंदे मातरम पर चर्चा होगी। चर्चा के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 'एक्स' पर पोस्ट किया,आज लोकसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान सोमवार आठ दिसंबर को दोपहर 12 बजे से राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर लोकसभा में चर्चा और मंगलवार नौ दिसंबर को दोपहर 12 बजे से चुनाव सुधार पर सदन में चर्चा करने का निर्णय लिया गया है।

संसद में दूसरे दिन मंगलवार को भी जबरदस्त हंगामा देखने को मिला। तमाम विपक्षी दल एसआईआर के मुद्दे को लेकर सदन में नारेबाजी और शोर करते हुए नजर आए। लोकसभा में मंगलवार को बिल्कुल भी



कामकाज नहीं हो सका। लेकिन एसआईआर पर विपक्ष का शोर लगातार जारी रहा। दूसरी ओर विपक्ष के विरोध के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने पर सहमति जताई।

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) समेत कुछ मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बाधित लोकसभा की बैठक मंगलवार को दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई, वहीं सरकार ने कहा कि वह चुनाव सुधार समेत हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भी लोकसभा में गतिरोध की स्थिति बनी रही और सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजकर पांच मिनट पर दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने पत्रकारों से कहा, संसद सत्र समय-सीमा के अनुसार चलता है। हम कह रहे हैं कि एसआईआर पर चर्चा होनी चाहिए। बीएलओ को इतने भारी टारगेट दिए जा रहे हैं कि वे तनाव से मर रहे हैं। इस पर चर्चा होनी चाहिए। वे ऐसा नहीं करना चाहते क्योंकि 'चोर की दाढ़ी में तिनका' है।

केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मंगलवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल सरकार प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) में सहयोग नहीं कर रही और ऐसे कारणों से विकसित भारत बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच को पूरा करने में कठिनाई आ रही है।

### जॉर्जिया से आए संसदीय शिष्टमंडल ने लोकसभा की कार्यवाही देखी

*संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को जॉर्जिया से आए संसदीय शिष्टमंडल ने लोकसभा की कार्यवाही देखी। सदन की बैठक शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों को विशिष्ट दीर्घा में जॉर्जिया के संसदीय शिष्टमंडल के उपस्थित होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा, "हमारे सदन की विशिष्ट दीर्घा में जॉर्जिया की संसद के चेयरमैन शाल्वा पापुआशविली के नेतृत्व में जॉर्जिया का उच्चस्तरीय संसदीय शिष्टमंडल उपस्थित है। मैं अपनी ओर से और सदन की ओर से उनका अभिनंदन और स्वागत करता हूं।"*

## राज्यसभा में एसआईआर पर हुई तकरार तो केंद्र ने कहा चर्चा को तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद के दोनों सदन में एसआईआर मुद्दे पर विपक्षी हंगामे और एक बाद एक बीएलओ की मौत की खबर के बीच केंद्र सरकार आगामी मंगलवार को संभवतः लोकसभा में और बुधवार को राज्यसभा में चर्चा करा सकती है। उससे एक दिन पहले वंदे मातरम् पर दोनों सदनों में दस दस घंटे चर्चा होनी हैं। केंद्र सरकार का कहना है कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष 7 नवंबर को पूरे हो रहे है, इसलिए इस पर पहले चर्चा होनी चाहिए।

राज्यसभा में मंगलवार को भी एसआईआर मामले पर बहस की माँग करते हुए जोरदार हंगामा, नारेबाजी विपक्षी दलों के सांसदों ने किया। बवाल तब और बढ़ गया जब सभापति सीपी राधाकृष्णन ने विपक्ष के विभिन्न दलों के सांसदों द्वारा इसी विषय पर दिए गए नोटिस का बिना आसंदी से जिक्र किए फरमान सुना दिया कि इस पर चर्चा नहीं की जा सकती। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमने आज नियम 267 के तहत जो नोटिस दिया है, उसका सब्जेक्ट क्या है और कौन कौन से सदस्यों ने नोटिस दिया है, यह बताना चाहिए। ये परंपरा रही है। यहां ऐसा ही होता था और निचले सदन में भी यही किया जाता है। अचानक जिन सदस्यों ने नोटिस दिया है, उनका नाम भी नहीं पढ़ते, यह अच्छा नहीं है। बतौर विपक्ष नेता खरगे ने कटाक्ष करते हुए कहा, आपको हर तरफ देखना चाहिए। आपको केवल एक तरफ देखते देखा गया है। आप केवल नड्डा साहब की ओर देखते हैं, सभापति ने कहा कि जब हाउस ऑर्डर में नहीं होगा, तो चेयरपर्सन कहां सभी को देख पाएगा। विपक्ष के नेता ने आगे कहा कि हम जो सब्जेक्ट आपके सामने रखते हैं. आप हमें उस पर चर्चा की इजाजत दीजिए। उन्होंने यह भी कहा कि हम इस पर अभी चर्चा चाहते हैं। यह अर्जेंट विषय है। विस्तार से जवाब देते हुए संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने एसआईआर पर चर्चा के लिए सरकार तैयार है। आपसी बातचीत के बाद समय और तारीख़ तय कर दी जाएगी। मगर विपक्ष केंद्रीय मंत्री से तारीख़ बताने को सदन में दबाव बनाकर नारेबाजी करते रहे। हंगामे के बीच सदस्यों को विशेष उल्लेख के तहत विषय उठाने को सभापति ने कहा। भाजपा और उनके साथी दलों में मामले उठाये। विपक्ष की ओर से किसी सदस्य ने विशेष उल्लेख के तहत जनहित के मामले सूचीबद्ध कराने के बाद भी नहीं उठाए। नारेबाजी और कुछ समय के लिए ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वंदे मातरम कांग्रेस लाई भाजपा नहीं : खरगे

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नियम 267 में यह प्रावधान है कि सभी बिजनेस साइड कर सदन इस विषय को चर्चा के लिए लेगा। एसआईआर को पहले चर्चा के लिए लेना चाहिए। वंदे मातरम् पर कभी भी चर्चा हो सकती है। सभापति से मुखातिब विपक्ष के नेता ने कहा, आप हार्डकोर लीडर रहे हैं। आप जानते हैं कि वंदे मातरम् हमारी तरफ से आया था, उनकी तरफ से नहीं।

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने विपक्ष के भ्रम फैलाने के आरोपों को खारिज किया

## संचार साथी ऐप वैकल्पिक है चाहें तो हटा सकते हैं: सिंधिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संचार साथी ऐप को लेकर विपक्ष के आरोपों को मनगढंत और बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि यह ऐप वैकल्पिक और डिलीट योग्य है।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यदि आप संचार साथी नहीं चाहते हैं, तो आप इसे हटा सकते हैं। यह वैकल्पिक है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम इस ऐप को सभी तक पहुंचाएं। इसे अपने डिवाइस में रखना या न रखना, उपयोगकर्ता पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, और वे कुछ खोजने की कोशिश कर रहे हैं, तो हम उनकी मदद नहीं कर सकते। हमारा कर्तव्य उपभोक्ताओं की मदद करना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। संचार साथी ऐप हर उपभोक्ता को उनकी सुरक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर

संचार साथी ऐप सुरक्षा कवच

## विपक्ष बेवजह मचा रहा हंगामा: रविशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि विपक्ष संचार साथी ऐप पर बेबुनियाद विवाद खड़ाकर रहा है। उन्होंने इस एप को सुरक्षा कवच बताते हुए विपक्ष से सवाल पूछा कि आपको परेशानी क्या है। प्रसाद ने विपक्ष की आलोचना की कि वे लाभकारी पहल को कमजोर कर रहे हैं, और इसे बिहार चुनाव में उनकी हार से जोड़ा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को दूरसंचार विभाग द्वारा मोबाइल हैंडसेट में संचार साथी ऐप पहले से इंस्टॉल करने के निर्देश का बचाव करते हुए इसे 'सुरक्षा कवच' बताया। उन्होंने निराधार विवाद पैदा करने के लिए विपक्ष की आलोचना की और आरोप लगाया कि वे एक लाभकारी पहल को कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि हर मोबाइल में कई ऐप होते हैं, लेकिन अगर कोई एक ऐप ▶▶ शेष पेज 5 पर

## हरियाणा और कनाडा के बीच शिक्षा व निवेश जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कनाडा के राजदूत क्रिस्टोफर कूटर ने की मुलाकात**

भारत में कनाडा के राजदूत क्रिस्टोफर कूटर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके निवास स्थान संत कबीर कुटीर पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कनाडा ने हरियाणा राज्य के साथ शिक्षा, निवेश और तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में सहयोग करने की पेशकश करने के साथ-साथ कनाडा द्वारा हरियाणा में एक विश्वविद्यालय खोलने पर भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान चर्चा की गई कि फास्ट ट्रैक सिस्टम के माध्यम से हरियाणा और कनाडा के निवेश प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाया जाएगा। फास्ट ट्रैक सिस्टम के माध्यम से अनुमति प्रक्रियाओं के सरलीकरण, विभागों के बीच समन्वय सहित सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके अलावा, ▶▶ शेष पेज 5 पर

## एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर दूरसंचार आधारित सुरक्षा चेतावनी की तैयारी शुरू की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रिलायंस जियो के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर**

राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षा बढ़ाने और निर्बाध यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर एक दूरसंचार-आधारित सुरक्षा चेतावनी प्रणाली शुरू करने हेतु रिलायंस जियो के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। जियो के मौजूदा 4जी और 5जी नेटवर्क का उपयोग करते हुए, यात्रियों को दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों, आवारा पशुओं के क्षेत्रों, कोहरे से प्रभावित क्षेत्रों और आपातकालीन मोड़ों जैसे चिन्हित जोखिम वाले स्थानों के पास पहुंचने पर उनके मोबाइल फोन पर अग्रिम चेतावनी प्राप्त होगी। इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को समय पर सूचना प्रदान करके सड़क सुरक्षा को ▶▶ शेष पेज 5 पर

## राज्यसभा में चिपको आंदोलन की अगुवा गौरा देवी को भारत रत्न देने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तराखंड से भाजपा के राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने राज्यसभा में स्पेशल मेंशन के दौरान चिपको आंदोलन का नेतृत्व करने वाली गौरा देवी को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की।

उन्होंने कहा कि गौरा देवी सीमांत जिले चमोली के जोशीमठ विकास खंड के रैंणी गांव की भूटिया जनजाति की ग्रामीण महिला थीं। इन्होंने अपने जीवकाल में पर्यावरण संरक्षण के लिए चिपको आंदोलन की शुरुआत की थी। चिपको आंदोलन पेड़ों की कटाई के खिलाफ मातृ शक्ति की ओर से वृक्षों के आलिंगन से जुड़ा आंदोलन था। भाजपा सांसद ने कहा कि इस आंदोलन के अब 51 वर्ष पूरे हो गए हैं. चिपको आंदोलन की गूंज पूरी दुनिया ने सुनी और यह अन्य राज्यों तक भी फैल गया. इस आंदोलन का ही परिणाम रहा कि भारत सरकार ने 15 वर्षों तक पेड़ों की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रही सरकार

राज्यों के राजभवन लोकभवन कहलाएंगे, पीएम कार्यालय जल्द ही नए कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट होगा

# प्रधानमंत्री कार्यालय अब 'सेवा तीर्थ' केंद्रीय सचिवालय कर्तव्य भवन हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पीएम कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। देश भर के राज्य भवन का नाम अब लोक भवन होगा। इसके अलावा केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा।

मंगलवार को यह जानकारी दी गई है। पीएमओ के अफसरों ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सत्ता से सेवा की




ओर बढ़ रहे हैं।

ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक है। यह बदलाव छवि निर्माण नहीं बल्कि शासन की सोच में परिवर्तन का प्रतीक है- सत्ता, नियंत्रण और दूरी के पुराने संकेतों को हटाकर सेवा, कर्तव्य और जवाबदेही को केंद्र में लाना।

पीएम कार्यालय जल्द ही नए कॉम्प्लेक्स में शिफ्ट होगा। इस बिल्डिंग का नाम ही सेवा तीर्थ रखा गया है। नया कॉम्प्लेक्स, बनने के आखिरी चरण में है, पहले सेंट्रल विस्टा रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव के नाम से जाना जाता था।

पीएमओ सेवा तीर्थ-1 से काम करेगा। कैबिनेट सचिवालय सेवा तीर्थ-2 में होगें। सेवा तीर्थ-3 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) का दफ्तर होगा। 14 अक्टूबर को कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन सेवा तीर्थ-2 में सेना प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर चुके हैं।

### औपनिवेशक मानसिकता हटा रहे

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब लोक भवन और लोक निवास के नाम से जाना जाएगा। नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद से ही उपनिवेशकालीन शाही ठिकानों की छवि को बदलने की कोशिश जारी है। इसकी शुरुआत 2016 में हुई थी, जब पीएम मोदी ने अपने आवास का नाम 7, रेस कोर्स रोड से बदलकर 7, लोक कल्याण मार्ग कर दिया था। इसके बाद 2022 में राज पथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया गया। भारत के प्रशासनिक केंद्र में अब सेंट्रल सेक्रेटेरिएट नहीं, बल्कि कर्तव्य भवन है।

# आईजीआई हवाई अड्डे पर नकली वीजा रैकेट का भंडाफोड़, एजेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आईजीआई पुलिस ने नकली वीजा रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में एक मेन एजेंट को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के तार तमिलनाडु से जुड़े हुये थे। एजेंट व रैकेट में शामिल लोग नौकरी के इच्छुक व्यक्तियों के लिए नकली फ्रांसीसी वीजा उपलब्ध कराने का दावा करते थे।

पुलिस के अनुसार रैकेट में शामिल एक प्रमुख एजेंट को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से तीन यात्रियों को भी हिरासत में लिया गया। मामले का खुलासा 28 अक्टूबर को उस वक्त हुआ जब तीन यात्री नवीराज सुब्रमण्यम (23), प्रभाकरण सेंथिलकुमार (28) और मोहन गांधी एलंगोवन (38) पेरिस जाने वाली उड़ान के लिए हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर आव्रजन मंजूरी के लिए पहुंचे थे। जांच के दौरान पता चला कि उनके पासपोर्ट पर लगे फ्रांसीसी डी-टाइप वीजा नकली थे और उनमें आवश्यक सुरक्षा विशेषताएं भी मौजूद नहीं थी। भारतीय न्याय संहिता और पासपोर्ट अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान पता चला कि नवीराज के फर्जी वीजा का इंतजाम उसके भाई ने छह लाख रुपये में किया था, जबकि अन्य दो ने नमक्कल जिले के एक एजेंट को 12-12 लाख रुपये दिए थे। तकनीकी निगरानी और स्थानीय जानकारी के आधार पर एक टीम ने एजेंट वी कन्नन (55) का पता लगाया और उसे तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया। कन्नन, परमथी में सरकार से संबद्ध आईटीआई और वेलूर में वेट्री ओवरसीज नामक एक विदेशी कंसलटेंसी फर्म चलाता है। कन्नन ने मदुरै के सातिक सैयद उर्फ अब्दुल हकीम के रूप में पहचाने गए एक अन्य एजेंट के साथ मिलकर नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए फर्जी वीजा की व्यवस्था करने की बात कबूली है। इस गिरोह ने पेरिस में गोदाम में नौकरी दिलाने का वादा करके करीब 16 लोगों को चूना लगाया। इस धांधली से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। आईजीआई पुलिस ने नवंबर में जाली पासपोर्ट और वीजा से जुड़े मामलों में छह धोखेबाज एजेंट सहित 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसी अवधि में हवाई अड्डे पर अवैध गतिविधियों के लिए 28 अन्य एजेंटों को भी पकड़ा गया।

# ट्रेन से 10 लाख की ज्वैलरी चोरी करने वाले गिरोह के पांच लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह कथित तौर पर लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों के गहनें, नकदी और कीमती सामान चुराने में शामिल था। पुलिस ने बताया कि आरोपी पिछले महीने महाराष्ट्र के मिराज रेलवे पुलिस थाने में दर्ज एक मामले में वांछित थे, जिसमें करीब 10 लाख रुपये मूल्य की ज्वैलरी चोरी की गई थी।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के इस चोरी के संबंध मिराज रेलवे पुलिस ने 26 नवंबर को एक प्राथमिकी दर्ज की थी। जांचकर्ताओं को बाद में पता चला कि पांचों संदिग्ध गोवा गए थे और रविवार को दिल्ली पहुंचने वाले है। अधिकारी ने बताया कि मिराज के बारे में रेलवे पुलिस से सूचना मिली थी। इसके बाद इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ट्रेप लगाया गया था। इसके बाद हवा सिंह (65), अमित कुमार (35), कुलदीप (34), अजय (36) और मोनू (32) को पकड़ा गया। सभी हरियाणा के जींद और भिवानी जिले के रहने वाले हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने 177 ग्राम चांदी के सामान बरामद किए, जिन्हें आरोपियों ने किसी अन्य घटना में यात्रियों से चुराया था। चार आरोपियों ने महाराष्ट्र मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इस गिरफ्तारी की सूचना मिराज रेलवे पुलिस को दे दी गई है। सभी पांचों आरोपी आदतन अपराधी हैं और विभिन्न राज्यों में ट्रेनों में हुई कई चोरियों में शामिल रहे हैं।

### लाल किला विस्फोट मामला

## आमिर राशिद अली की एनआईए हिरासत सात दिन और बढ़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



ल्ली की एक अदालत ने लाल किला विस्फोट में मदद करने के आरोपी आमिर राशिद अली की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) हिरासत मंगलवार को सात दिन और बढ़ा दी। अली को 27 नवंबर को उसकी 10 दिन की रिमांड की अवधि समाप्त होने से पहले, 26 नवंबर को सात दिन की एनआईए हिरासत में भेजा गया था। लाल किला विस्फोट के सिलसिले में 16 नवंबर को गिरफ्तार किए गए जम्मू-कश्मीर निवासी अली को मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना के समक्ष पेश किया गया। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा भंडाफोड़ किए गए ''सफेदपोश'' आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा है। दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे। कथित आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी द्वारा चलाई जा रही हुंडई आई-20 कार में हुए विस्फोट में 24 से अधिक लोग घायल हुए थे। यह कार आमिर राशिद अली के नाम पर पंजीकृत पाई गई थी।

## संचार साथी ऐप को अनिवार्य बनाने का आदेश निजता पर हमला : केजरीवाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने सभी नए स्मार्टफोन में 'संचार साथी' ऐप को पहले से इंस्टॉल करने के दूरसंचार विभाग के आदेश को व्यक्तिगत निजता पर खुला हमला बताते हुए मंगलवार को इस ''फरमान'' को तुरंत वापस लेने की मांग की। दूरसंचार विभाग ने मोबाइल हैंडसेट निर्माताओं और आयातकों को निर्देश दिया है कि 90 दिनों के भीतर सभी नए उपकरणों में धोखाधड़ी की जानकारी देने वाला ऐप 'संचार साथी' पहले से इंस्टॉल होना चाहिए। केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सभी मोबाइल निर्माताओं को नए और मौजूदा फोन में संचार साथी ऐप पहले से इंस्टॉल करने का मोदी सरकार का आदेश व्यक्तिगत निजता और स्वतंत्रता पर खुला हमला है। दुनिया के किसी भी लोकतंत्र ने ऐसा करने की कोशिश नहीं की है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में न तो ऐप इंस्टॉल करने के लिए व्यक्तिगत सहमति की बात कही गई है और न ही इसे किसी भी समय हटाने का विकल्प देने का उल्लेख है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी इस तरह के घोर तानाशाही कदम की निंदा करती है और अधिसूचना को तत्काल वापस लेने की मांग करती है।

## बाइक से स्टंट के दौरान ई-रिक्शा से हुई टक्कर, शख्स की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में 'स्टंट' करते समय मोटरसाइकिल पर कथित तौर पर नियंत्रण खोने और डिवाइडर एवं ई-रिक्शा से टकराने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना सोमवार की बताई गई है। जब एक व्यक्ति ने गंभीर दुर्घटना होने और घटनास्थल पर भीड़ जमा होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के अनुसार व्यक्ति यह नहीं बता सका कि दुर्घटना कैसे हुई। बाद में मृतक की पहचान वजीरपुर निवासी शिवम के रूप में हुई है। उसे अस्पताल पहुंचने पर मृत घोषित कर दिया गया था। प्रारंभिक पुलिस जांच में पता चला है कि पटेल नगर स्थित एक ऑनलाइन किराना डिलीवरी कंपनी में कार्यरत शिवम एक विवाह समारोह से लौट रहा था, जहां वह अपने रिश्ते के भाई यश और उनके दोस्त अंशु के साथ ढोल बजा रहा था। यश और अंशु दोनों ही ढोल बजाते हैं और स्थानीय कार्यक्रमों में प्रस्तुति देते हैं। जांचकर्ताओं के मुताबिक तीनों यादव अस्पताल के पास रुके। अंशु पानी लेने के लिए किराने की दुकान पर गया। इसी दौरान शिवम अपनी मोटरसाइकिल पर कथित तौर पर स्टंट करने लगा। उसने अपना नियंत्रण खो दिया और डिवाइडर के दूसरी ओर की लेन पर एक ई-रिक्शा से टकराकर सड़क पर गिर गया।

## दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे पर हादसे का शिकार हुए बाइक सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




शाहदरा जिले के गांधी नगर थाना इलाके में से गुजर रहे दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे पर ट्रायल रन शुरू हो चुका है। लंबे समय से यमुनापार के लोग इसका इंतजार कर रहे थे। चूंकि अब एक्सप्रेसवे खुल गया है तो आसपास के इलाके के लोग इस पर स्टंटबाजी करने से भी पीछे नहीं हट रहे। सोमवार को एक्सप्रेसवे पर रफ्तार का रोमांच लेने पहुंचे बाइक सवार दो दोस्त हादसे का शिकार हो गए। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को अस्पताल लेकर गई, जहां उनका उपचार किया गया। घायलों की पहचान फरहान और कैफ के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार दोनों युवक सोमवार की हालत नाजुक थी। बाद में उनका बयान लिया जाएगा। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला कि हादसा बाइक फिसलने की वजह से हुआ है। अब पुलिस यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि युवक स्टंटबाजी तो नहीं कर रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल मामले की छानबीन कर रही है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक उर्फ दीपू, पुत्रः अछेवर उर्फ अशोक, पताः ई–7/192, सुल्तानपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 245/2023, U/s 25 Arms Act, पुलिस थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक उर्फ दीपू** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **दीपक उर्फ दीपू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 245/2023, U/s 25 Arms Act, पुलिस थाना नांगलोई, दिल्ली** के अभियुक्त **दीपक उर्फ दीपू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.01.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री विजयश्री राठौर**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–10**
**पश्चिम जिला, कमरा नं. 345**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15918/OD/2025**


## कश्मीरी गेट के पास पर्यटक बस में लगी आग 15 लोग बाल-बाल बचे



**नई दिल्ली।** कश्मीरी गेट के निकट स्लीपर पर्यटक बस में मंगलवार सुबह आग लग गई। बस में सवार कम से कम 15 यात्री बाल-बाल बच गए। आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है। बहरहाल पुलिस आग लगने के कारणों की पड़ताल कर रही है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार आग के कारण बस पूरी तरह से नष्ट हो गई। निजी पर्यटक बस हरियाणा के करनाल जा रही थी। बस में कम से 15 यात्री सवार थे। डीएफएस ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 6.50 बजे आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद तीन दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी। घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। सुबह 7.35 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था।

### इंडिया गेट प्रदर्शन

## अदालत ने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई के मामले में आठ लोगों को दी जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने संसद मार्ग थाने के बाहर पुलिस के साथ हाथापाई के सिलसिले में गिरफ्तार किये गये आठ प्रदर्शनकारियों को मंगलवार को जमानत दे दी। संसद मार्ग थाने में दर्ज एक मामले में पुलिस ने आरंभ में 17 लोगों को गिरफ्तार किया था। उनमें से नौ को 28 नवंबर को ज़मानत मिल गई थी। शेष आठ को मंगलवार को प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिल मोंगा ने 20,000 रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी। सुनवाई के दौरान, अतिरिक्त लोक अभियोजक ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि माडवी हिडमा के समर्थन में लगाए गए राजनीतिक नारों के पीछे की साजिश का पर्दाफाश करने और विद्यार्थियों के वित्त पोषण के स्रोत का पता लगाने के लिए और समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इन विद्यार्थियों के पास महंगे फोन हैं और वे प्रतिबंधित 'समूह रैडिकल स्टूडेंट्स यूनियन' द्वारा पहले आयोजित एक सम्मेलन में भाग लेने हैदराबाद गए थे। प्रदर्शनकारियों के वकील ने दलील दी कि गिरफ्तार किए गए विद्यार्थी युवा और मेधावी हैं तथा उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। जमानत आदेश में कहा गया है कि जांच अधिकारी द्वारा उठाई गई आपत्तियों का एक बड़ा हिस्सा वर्तमान संसद मार्ग मामले से संबंधित नहीं है, बल्कि काली मिर्च स्प्रे के इस्तेमाल से जुड़े कर्तव्य पथ मामले की जांच से संबंधित है। दो दिसंबर के जारी जमानत आदेश में कहा गया है कि वर्तमान प्राथमिकी में ये पहलू एक अलग घटना से संबंधित हैं और जमानत का विरोध करने का आधार नहीं हो सकते। उसमें कहा गया है, ''उनके फरार होने या सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने से संबंधित चिंताओं को उचित शर्तें लगाकर दूर किया जा सकता है। आगे हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जांच अधिकारी (आईओ) ने पुलिस हिरासत की मांग नहीं की है और जांच में उनके कारावास की आवश्यकता नहीं प्रतीत होती है। संसद मार्ग और कर्तव्य पथ थानों में दर्ज अलग-अलग मामले में कुल 23 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया था। उनमें से 17 को संसद मार्ग थाने में हुई हाथापाई के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था, जबकि छह को इंडिया गेट पर प्रदर्शनकारियों द्वारा पुलिस पर कथित तौर पर मिर्च स्प्रे के इस्तेमाल के मामले में में गिरफ्तार किया गया था।

# दिल्ली में सुबह छाई रही धुंध, एक्यूआई 340 दर्ज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को हवा जहरीली रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार सुबह नौ बजे दिल्ली का एक्यूआई 340 रहा, जो सोमवार सुबह नौ बजे 301 था। सीपीसीबी के 'समीर' 'ऐप' के आंकड़ों के अनुसार, 39 निगरानी केन्द्रों में से दो-चांदनी चौक और विवेक विहार में वायु गुणवत्ता 'गंभीर श्रेणी' में रही, जहां एक्यूआई 400 के पार था। सीपीसीबी के अनुसार शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51-100 को 'संतोषजनक', 101-200 को 'मध्यम', 201-300 को 'खराब', 301-400 को 'बहुत खराब' और 401-500 को 'गंभीर' माना जाता है। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली का न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 0.1 डिग्री अधिक है। अधिकतम तापमान के 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं।

### जहरीली हवा को लेकर माताओं ने उठाई आवाज एनएचआरसी से स्वतः संज्ञान लेने का किया आग्रह

माताओं के एक समूह 'वॉरियर मॉम्स' ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) से दिल्ली की जहरीली हवा के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया है। समूह का कहना है कि दिल्ली की हवा अब एक "स्थायी और रोके जा सकने वाली" समस्या बन चुकी है, जो बच्चों के जीवन के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है। एनएचआरसी के एक सदस्य को सौंपे गए ज्ञापन में 'वॉरियर मॉम्स' ने चेतावनी दी कि अक्सर 'बहुत खराब' से 'गंभीर' श्रेणी के बीच रहने वाली शहर की वायु गुणवत्ता हर साल एक ऐसी सार्वजनिक स्वास्थ्य आपदा का रूप ले रही है जो लाखों बच्चों में फेफड़ों और संज्ञानात्मक क्षमता को अपरिवर्तनीय नुकसान पहुंचा रही है। समूह ने कहा कि दिल्ली के बच्चे इस संकट का सबसे बड़ा बोझ उठा रहे हैं। बढ़ते वैज्ञानिक प्रमाण बताते हैं कि हवा में मौजूद सूक्ष्म प्रदूषक कणों का संबंध दमा, श्वसन संक्रमण, फेफड़ों की क्षमता में कमी, बौनापन (स्टंटिंग), समय से पहले जन्म और बच्चों में संज्ञानात्मक क्षमता में गिरावट से जुड़ा है। स्थिति को ''सिर्फ पर्यावरणीय समस्या नहीं बल्कि अधिकारों का मुद्दा'' बताते हुए समूह ने कहा कि राज्य संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत अपने दायित्वों को निभाने में विफल हो रहा है और बच्चों के अधिकारों से जुड़े भारत के अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का भी पालन नहीं कर पा रहा है। पर्यावरण कार्यकर्ता भवरीन कंधारी ने कहा, "एक ही साल में 17 लाख भारतीयों की मौत वायु प्रदूषण के कारण हुई। यह कोई आंकड़ा मात्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आपात स्थिति है। दिल्ली के बच्चे शासन की सबसे बड़ी नाकामी के सबसे ज्यादा जोखिम उठा रहे हैं। एनएचआरसी को जिम्मेदार अधिकारियों को जवाबदेह ठहराना चाहिए, क्योंकि बच्चों से उनका सबसे बुनियादी अधिकार 'सांस लेने का अधिकार' छीन लिया गया है। 'वॉरियर मॉम्स' की सदस्य ज्योतिका सिंह ने कहा कि दिल्ली की जहरीली हवा ने बचपन को दैनिक स्वास्थ्य खतरे में बदल दिया है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पॉल डोमिनिक, पुत्रः** श्री डोमिनिक, **पताः** मकान नं. 210, दुर्गा अपार्टमेंट, फ्लैट नं. बी – 2, वार्ड नं. – 2, महरौली, नई दिल्ली–110030; **अन्य पताः** कराक्कट्टू हाउस, डाकघरः करुणापुरम, जिला– इदुक्की, केरल – 685552 ने **CC No. 4187/24, U/s 138 NI Act, थानाः करोलबाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पॉल डोमिनिक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पॉल डोमिनिक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 4187/24, U/s 138 NI Act, थानाः करोलबाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पॉल डोमिनिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आरूषी परवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट) – 05, (केन्द्रीय)
कमरा नं. 02, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/16065/CD/2025**
**(Court Matter)**


# इस साल 15 नवंबर तक दिल्ली में 21 हजार पांच सौ लोग हुए लापता : दिल्ली पुलिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में इस साल 15 नवंबर तक कुल 21,591 लोगों के लापता होने की सूचना मिली है, जिनमें से 13,072 महिलाएं और 8,519 पुरुष हैं। दिल्ली पुलिस ने यह आंकड़ा जारी किया है। पुलिस का कहना है कि लापता लोगों में बड़ी संख्या महिलाओं और लड़कियों की बनी हुई है तथा मध्य नवंबर तक दर्ज ऐसे मामलों में 60 प्रतिशत मामले महिलाओं और लड़कियों की गुमशुदगी के हैं। पुलिस के आंकड़ों से पता चला है कि 15 अक्टूबर तक लापता लोगों की संख्या 19,682 थी, जिसमें एक महीने में 1,909 और मामले जुड़ गये, यानी उसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि हो गयी। इस एक माह में और 1,155 महिलाएं एवं 754 पुरुषों की गुमशुदगी की शिकायतें आईं।

आंकड़ों के अनुसार, सबसे कम उम्र के समूह, यानी 0 से 8 वर्ष के बच्चों में, 15 नवंबर तक कुल 339 बच्चों के लापता होने के मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 136 (40 प्रतिशत) लड़कियां और 203 (60 प्रतिशत) लड़के थे। पुलिस ने इस श्रेणी के 192 बच्चों को ढूंढ निकाला, जबकि 147 अभी भी लापता हैं पंद्रह अक्टूबर के आंकड़ों की तुलना में, जब इस आयु वर्ग के 304 बच्चे लापता हुए थे, यह संख्या 35 मामलों की वृद्धि दर्शाती है। लापता लड़कियों की संख्या 124 से बढ़कर 136 हो गई, जबकि लापता लड़कों की संख्या 180 से बढ़कर 203 हो गई। आंकड़ों से पता चला कि आठ से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लापता होने की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पंद्रह नवंबर तक इस आयु वर्ग में गुमशुदगी के कुल मामलों की संख्या 422 तक पहुंच गई, जिनमें 143 लड़कियां (34 प्रतिशत) और 279 लड़के (66 प्रतिशत) शामिल थे। सत्ताइस नवंबर को अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, इनमें से 332 का पुलिस ने पता लगा लिया, जबकि 90 का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## 'उपराज्यपाल द्वारा शुरू किए सुधारों से डीडीए को हुआ जबरदस्त लाभ'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा शुरू किए गए दूरगामी सुधारों के परिणामस्वरूप, डीडीए द्वारा 21 नवंबर 2025 से 27 नवंबर 2025 के बीच आयोजित रेजिडेंशियल, ग्रुप हाउसिंग, कमर्शियल, इंडस्ट्रियल और इंस्टीट्यूशनल जैसी विभिन्न श्रेणियों के भूखंडों की ई-नीलामी के 20वें चरण को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। डीडीए प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि ई-नीलामी में रखे गए 81 भूखंडों के लिए 629.19 करोड़ रुपये के रिजर्व प्राइस के मुकाबले, डीडीए को 1494.67 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि प्राप्त हुई है। इंडस्ट्रियल लैंड कैटेगरी के अंतर्गत 41 भूखंडों के लिए, डीडीए को 53.08 करोड़ रुपये के रिजर्व प्राइस के मुकाबले एच 1 बोली से कुल 272.39 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जो रिजर्व प्राइस से 413.10 प्रतिशत अधिक थीं। इसी प्रकार, इंस्टीट्यूशनल लैंड के 10 भूखंडों के लिए, जिनका रिजर्व प्राइस 224.80 करोड़ रुपये था, डीडीए को कुल 307.71 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 437 दिनांक 29.11.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।



**गुमशुदा की पहचान**
नाम - किरण।
पति का नाम - मंगल।
पता - वासी गाँव बड़ोता तहसील गोहाना सोनीपत।
उम्र - 28 वर्ष।
कद - 5 फुट।
**हुलियाः**– रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला शरीर हैं।
**पहनावा** - जामनी रंग का सुट सलवार, लाल रंग की शोल व पैरो में चमकीली जुती पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनाकं 29.11.2025 को किरण पत्नी मंगल वासी गाँव बड़ोता तहसील गोहाना सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चली गयी हैं। अब तक वापिस नही आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना सदर गोहाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरो पर सुचित करें।

प्रबन्धक थाना सदर गोहाना मो0 न0–7419410545
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 9467773641
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत 0130–2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी, कृते पुलिस उपायुक्त। मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/4171/2026/40807/88/7 दि. 02.12.2025

### अस्पतालों में मरीजों को सर्दी से बचाव के लिए न हो कोई कमी

# बेघरों व गरीबों को सर्दी से बचाएगा विंटर एक्शन प्लान : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




बेघरों को सर्दी से बचाने के लिए दिल्ली सरकार ने समुचित तैयारी कर ली है। उनके लिए पर्याप्त मात्रा में रैन बसेरे (शेल्टर होम) कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में विंटर एक्शन प्लान की तैयारियों की समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि इस बार विंटर एक्शन प्लान के अंतर्गत अधिकारियों को यह भी आदेश दिए गए हैं कि अस्पतालों में मरीजों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल आदि की कमी न होने पाए। मुख्यमंत्री के अनुसार अधिकारियों को यह भी कहा गया है कि स्कूली बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए विभिन्न संभावनाओं का पता किया जाए और उन पर अमल किया जाए, ताकि उनके स्वास्थ्य पर विपरित असर न पड़े। सीएम ने आंगनवाड़ी/पालना केंद्रों को भी सर्दी से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश जारी किए हैं।

### 197 रैन बसेरों में करीब 18 हजार बेघरों के रहने का इंतजाम

बैठक में मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि सर्दी के दौरान राजधानी के बेघर और निर्धन नागरिकों को सर्दी के मौसम में सुरक्षित आश्रय देने की व्यवस्था कर ली गई है। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राजधानी में 197 स्थायी रैन बसेरे हैं, जहां लगभग 18 हजार बेघरों के रहने के इंतजाम है। इसके अलावा विभिन्न इलाकों में बेघरों के रहने के लिए 250 अस्थायी रैन बसेरों में से 204 बना लिए गए हैं और वहां पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है।

मुख्यमंत्री ने इस बार एक विशेष आदेश यह भी जारी किया है कि सरकारी इमारतों में कार्यरत गाड्‌र्स को सर्दी को सर्दी से बचाव के लिए हीटर आदि लगाए जाएं।

### सुरक्षा के लिए रैन बसेरा ऐप भी कर रहा काम

बैठक में अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि सभी रैन बसेरे कार्यरत हैं और 15 मार्च तक उनकी पूरी निगरानी की जाएगी ताकि बेघरों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि बेघरों की जानकारी व उनकी सुरक्षा के लिए रैन बसेरा ऐप भी काम कर रहा है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि कोई भी नागरिक सर्द रातों में खुले आसमान के नीचे न रहे। दिल्ली के ये रैन बसेरे केवल छत नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षा के प्रतीक हैं।

### रैन बसेरों में मिलेगी ये सुविधाएं

बताया गया कि प्रत्येक रैन बसेरे में बिस्तर, गद्दे, चादरें, तकिए, कंबल, बिजली, मच्छर नियंत्रण यंत्र, वॉटर कूलर और महिलाओं के लिए सीसीटीवी व सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार विंटर एक्शन प्लान के तहत हमारी सरकार ने पिछली बार की अपेक्षा इस बार अधिक प्रभावी कदम उठाए हैं और इसकी परिधि में गरीबों के अलावा अन्य समुदाय को भी जोड़ा गया है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सर्दियों के दौरान अस्पतालों में मरीजों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल आदि की कमी न होने पाए। सीएम के अनुसार सर्दियों के दौरान स्कूली बच्चों को ठंड से बचाना बहुत जरूरी है ताकि उनके स्वास्थ्य पर विपरित असर न पड़े। अफसरों को निर्देश दिए गए हैं कि स्कूली बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए विभिन्न संभावनाओं का पता किया जाए और संभव हो तो सीएसआर के माध्यम से उन पर अमल किया जाए।

# वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस करेगी महारैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ महारैली की तैयारियों को लेकर देवेन्द्र यादव ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में की बैठक

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में 14 दिसम्बर, 2025 को भाजपा और चुनाव आयोग की सांठगांठ से लगातार हो रही वोट चोरी के खिलाफ होने वाली महारैली की तैयारियों को लेकर मंगलवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में बैठक की।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष यादव ने दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व विधायकों, जिला अध्यक्षों, ब्लाक अध्यक्षों, निगम पार्षदों, चुनाव लड़े प्रत्याशियों, अग्रिम संगठन महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई के अध्यक्षों, सेल एवं प्रकोष्ठों के चेयरमैन, लोकसभा, जिला, विधानसभा के आर्ब्जवरों की अलग-अलग समय पर बैठकें ली। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन व पूर्व मंत्री डॉ नरेंद्र नाथ भी मौजूद थे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए देवेन्द्र यादव ने कहा कि जन नायक, नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के खिलाफ लड़ाई को निर्णायक बनाने के लिए हमें 14 दिसम्बर को अधिक से अधिक संख्या में महारैली में पहुंचना है। यहां से भाजपा को उखाड़ फैंकने के लिए दिल्ली से देश भर की जनता को एक संदेश पहुंचाना है। लोगों को बताएंगे कि संवैधानिक व्यवस्था में आपके वोट के अधिकार की चोरी करके भाजपा केन्द्र और राज्यों की सत्ता हथियाकर लगातार लोकतंत्र की हत्या कर रही है।

# स्कूलों में 'डिज़ास्टर रेडी स्कूल कैंपेन' की शुरुआत, प्रशिक्षण शुरू

### उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को पूसा रोड स्थित स्प्रिंगडेल्स स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में 'डिजास्टर रेडी स्कूल कैंपेन' का शुभारंभ किया। यह अभियान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत पहले चरण में दिल्ली के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त तथा मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों सहित कुल 2000 से अधिक विद्यालयों में दो-दिवसीय संरचित प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सचिव मनीष भारद्वाज, सदस्य एवं विभागाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा भूकंप सुरक्षा ड्रिल, ड्रॉप-कवर-होल्ड डेमोंस्ट्रेशन आदि का प्रदर्शन किया गया।

### बच्चों को जागरूक बनाने की दिशा में बेहतर संकल्प : सक्सेना

इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस कार्यक्रम को बच्चों को सुरक्षित और जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकल्प बताया और कहा कि वर्तमान समय में इसकी विशेष आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के सिस्मिक ज़ोन-4 में स्थित होने के कारण भूकंप की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील है और आग, हीट वेव, जलभराव आदि जैसे जोखिम इसे और भी चुनौतीपूर्ण बनाते हैं।

उपराज्यपाल ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'ज़ीरो कैजुअल्टी' विज़न और उनके ग्लोबली मान्यता प्राप्त '10-पॉइंट्स एजेंडा' के अनुरूप बताया, जिसमें जोखिम प्रबंधन, सामुदायिक लचीलापन, तकनीक आधारित अर्ली वार्निंग और संस्थागत स्तर पर आपदा तैयारी जैसे पहलू शामिल हैं।

### अभियान के 'ब्रांड एंबेसडर' हैं बच्चे : रेखा गुप्ता

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बच्चों को इस अभियान का 'ब्रांड एंबेसडर' बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी युवा पीढ़ी को देश का वास्तविक ब्रांड एंबेसडर मानते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में जिस तरह बच्चों ने अपने माता-पिता को गंदगी न फैलाने की सीख दी थी, उसी तरह अब ये बच्चे अपने परिवार और समाज को आपदा सुरक्षा की संस्कृति सिखाएंगे।

### 'एबीवीपी पूरे वर्ष छात्र हित एवं राष्ट्र हित में करेगा कार्य'

**नई दिल्ली।** शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्र निष्ठा पर आधारित सकारात्मक छात्र आंदोलन के माध्यम से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) पूरे वर्ष छात्र हित एवं राष्ट्र हित में कार्य करेगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 71 वें राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद संगठन की वार्षिक गतिविधियों, प्रमुख प्रस्तावों और आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर मंगलवार को दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने यह जानकारी दी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए उन्होंने बताया कि विद्यार्थी परिषद ने इस वर्ष 76 लाख से अधिक नए सदस्यों के साथ अपने इतिहास में सर्वाधिक सदस्यता प्राप्त की है, जिसके परिणामस्वरूप संगठनात्मक विस्तार और जनसंपर्क कार्य पूर्व की अपेक्षा कहीं अधिक प्रभावी रूप में विकसित हुए हैं। सोलंकी ने बताया कि अधिवेशन में पारित प्रस्तावों में राष्ट्रीय शिक्षा के समग्र विकास, मानवजनित आपदाओं की चुनौती, बांग्लादेशी घुसपैठ से उत्पन्न राष्ट्रीय सुरक्षा संकट, समाज में बढ़ती विभाजनकारी प्रवृत्तियों की रोकथाम तथा युवा शक्ति की सकारात्मक भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों के रूप में रेखांकित किया गया। एबीवीपी दिल्ली प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि देहरादून में सम्पन्न राष्ट्रीय अधिवेशन ने छात्रहितों और राष्ट्रहित के मुद्दों पर एबीवीपी की दिशा को और अधिक स्पष्ट किया है।

# सांसद खेल महोत्सव में होंगी कई प्रतियोगिताएं : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सात दिसंबर से होगी शुरूआत, खिलाड़ी दिखाएंगे अपना हुनर

उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने मंगलवार को खजूरी चौक के पास स्थित डीडीए मैदान पर डीडीए दिल्ली नगर निगम और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधियों के साथ पहुंच कर निरीक्षण किया। सांसद तिवारी ने सांसद खेल महोत्सव के लिए मैदान को दुरुस्त करने और खेल के योग्य बनाने का आदेश दिया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ यू के चौधरी, दिल्ली नगर निगम के उपायुक्त अभिषेक मिश्रा, सहायक आयुक्त हेमराज मीणा, थाना प्रभारी खजूरी खास, उस्मानपुर भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद त्रिवेदी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि 7 दिसंबर से खेल महोत्सव की शुरुआत होगी और इस दौरान क्रिकेट से लेकर कई अन्य खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी जिसमें संसदीय क्षेत्र के 41 वार्ड की 41 टीम होगी और सर्वश्रेष्ठ खेल प्रदर्शन करने वाली टीमों को उचित सम्मान और पुरस्कार दिया जाएगा और कुछ प्रतिभाएं जो बेहतर खेल का प्रदर्शन करेंगे उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर मदद भी की जाएगी। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश और प्रेरणा से पूरे देश में खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है और इसका मकसद गली मोहल्ले में मौजूद खेल प्रतिभाओं को निखारना है और उचित मंच देकर उन्हें देश दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर देना है।

### डिजिटल तरीके से चलेगा दिल्ली विधानसभा का शीतकालीन सत्र : विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली।** 'दिल्ली विधानसभा में अब कागज़ी दस्तावेज़ नहीं, आगामी शीतकालीन सत्र से प्रश्न, विधेयक और अन्य कार्य पूर्णतः डिजिटल होंगे। हमारा हर डिजिटल दस्तावेज़ पर्यावरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।' दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने विधानसभा में आयोजित डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। आगामी शीतकालीन सत्र के लिए दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) पर आईटी विभाग द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित थे। अध्यक्ष गुप्ता ने अधिकारियों से संवाद करते हुए इस प्रणाली को दक्षतापूर्वक अपनाने का आग्रह किया और कहा कि यह परिवर्तन न केवल विभागों बल्कि विधानसभा की कार्यप्रणाली के लिए भी अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगा। अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि मंगलवार के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामाजिक कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, सहकारी विभाग, चुनाव, विधि एवं न्याय, श्रम, रोजगार, विकास, कला, संस्कृति एवं भाषा, पर्यटन, उद्योग, खाद्य एवं आपूर्ति तथा पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

# दिल्ली नगर निगम सदन बैठक में प्रदूषण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में सदन बैठक में मंगलवार को प्रदूषण मामले पर पक्ष विपक्ष के पार्षदों के बीच जमकर चर्चा हुई और यह बैठक करीब चार घंटे चली। बैठक के दौरान दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया कि नगर निगम के सदन की बैठक में दिल्ली की जनता के हित में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

महापौर सिंह ने कहा कि सदन बैठक विचारशील और परिणाम मुखी माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान जनरल ट्रेड लाइसेंस को संपत्ति कर भुगतान व्यवस्था में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि दिल्ली का प्रदूषण कम करने के लिए भाजपा सरकार के पास कोई एक्शन प्लान नहीं है। बैठक में मुख्य रूप से राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु एवं धूल प्रदूषण पर गहन चर्चा की गई। वर्तमान समय में प्रदूषण एक गंभीर चुनौती बन चुका है, और इसको नियंत्रित करने के लिए पार्षदों ने कई व्यवहारिक एवं ठोस सुझाव प्रस्तुत किए। सदन में वायु प्रदूषण पर प्रस्तुत किए गए सुझावों और आंकड़ों पर विस्तृत चर्चा के बाद महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रदूषण रोकथाम के लिए ठोस, समयबद्ध, तथा परिणाम-आधारित कार्रवाई तुरंत शुरू की जाए। इसमें सड़क किनारे धूल नियंत्रण, निर्माण स्थलों की निगरानी, कूड़ा जलाने की घटनाओं पर सख्ती, तथा प्रभावित क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान जैसे कदमों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### वायु प्रदूषण दिल्ली के लिए गंभीर समस्या : महापौर

महापौर राजा इक़बाल सिंह ने कहा कि वायु प्रदूषण दिल्ली के लिए गंभीर समस्या है इसलिए इस बैठक में पक्ष और विपक्ष दोनों को अपने विचार, सुझाव और चिंताएँ रखने का पूरा अवसर प्रदान किया गया। हमारे लिए दोनों ही पक्षों की राय समान रूप से महत्वपूर्ण है और हम हर सुझाव का स्वागत करते हैं। निगम की जिम्मेदारी है कि लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए सभी पार्षदों को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार दिया जाए।

### जीटीएल को संपत्ति कर भुगतान व्यवस्था में शामिल करने को मंजूरी

दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली में व्यापारियों को राहत प्रदान करने और ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस को और मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण सुधार को मंजूरी दी। नगर निगम ने सदन में पारित इस बड़े निर्णय के तहत डीएमसी एक्ट की धारा 417 के अंतर्गत जारी किए जाने वाले जनरल ट्रेड लाइसेंस (जीटीएल) को अब संपत्ति कर भुगतान प्रणाली में शामिल कर दिया जाएगा। इससे लाइसेंस के लिए अलग से आवेदन करने या कोई अलग दस्तावेज प्राप्त करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

### प्रदूषण कम करने के लिए भाजपा सरकार के पास कोई एक्शन प्लान नहीं : नारंग

एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बैठक में कहा कि दिल्ली का प्रदूषण कम करने के लिए भाजपा सरकार के पास कोई एक्शन प्लान नहीं है। दिल्ली में हर चार में से तीन व्यक्ति प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से ग्रसित है, लेकिन भाजपा सरकार बेफिक्र है। दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार है, फिर भी प्रदूषण को कम करने में पूरी तरह असहाय है। नारंग ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 पार का नारा सच नहीं कर पाई, लेकिन एक्यूआई 400 पार जरूर कर दिया। एमसीडी सदन की बैठक में नेता विपक्ष अंकुश नारंग के नेतृत्व में आप पार्षदों ने प्रदूषण को लेकर भाजपा को घेरा।

### यमुना में माइक्रोप्लास्टिक के कारणों पर की गई चर्चा

# यमुना सफाई को लेकर मिलकर काम करें विभाग : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सभी विभाग यमुना सफाई को लेकर मिलकर काम करें और इस सफाई प्रक्रिया में आने वाली रुकावटों को हटाए, ताकि दिल्ली के लोगों को यमुना के पानी की गुणवत्ता बेहतर नजर आए और आने वाले दिनों में बेहतर परिणाम मिले। मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने यह बात कही। बैठक में टेरी की यमुना में माइक्रोप्लास्टिक और फोमिंग के स्तर के कारणों पर की गई विस्तृत स्टडी पर चर्चा हुई। जानकारी के अनुसार टेरी के विशेषज्ञों ने मंत्री के समक्ष यमुना के पानी की गुणवत्ता पर विस्तृत जानकारी दी जिसमें सर्फ़ैक्टेंट्स, ऑर्गेनिक प्रदूषण, अमोनिया और माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा शामिल थी। इस अवसर पर पर्यावरण, उद्योग, स्वास्थ्य, जल एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों भी मौजूद रहे।

### 'डेटा आधारित कदम तेज़ी से उठा रही सरकार'

सिरसा ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार यमुना की सफ़ाई को सबसे बड़ी प्राथमिकता मानते हुए वैज्ञानिक और डेटा आधारित कदम तेज़ी से उठा रही है। टेरी की रिपोर्ट के आधार पर माइक्रोप्लास्टिक, फोमिंग और बाकी प्रदूषकों से निपटने के लिए सीवेज, उद्योग, ठोस कचरा और जन-जागरूकता पर एक साथ काम करना होगा। टेरी ने विभागवार एक्शन प्लान भी प्रस्तुत किया, जिसमें एसटीपी और सीईटीपी को एडवांस तकनीकों से अपग्रेड करने, स्थानीय स्तर पर छोटे एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट बनाने, गैर-अनुपालन करने वाली यूनिट्स पर कड़ी कार्रवाई करने, स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाने, संवेदनशील इलाकों में नियमित हेल्थ सर्वे कराने और रियल-टाइम मॉनिटरिंग डैशबोर्ड तैयार करने की सिफारिशें शामिल थीं।

### 50 मुख्य स्थानों से करीब 100 सैंपल लिए

बताया गया कि अध्ययन के लिए टेरी ने दिल्ली हिस्से में यमुना और उससे जुड़े प्रमुख नालों, औद्योगिक इलाकों और एसटीपी के लगभग 50 मुख्य स्थानों से करीब 100 सैंपल लिए। रिपोर्ट में यह सामने आया कि कुछ जगहों पर बिना ट्रीट किया हुआ सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट और ठोस कचरा यमुना में फोमिंग, केमिकल प्रदूषण और माइक्रोप्लास्टिक बढ़ाने के प्रमुख कारण हैं। रिपोर्ट में एडवांस ऑक्सीडेशन प्रोसेस, बायोलॉजिकल ट्रीटमेंट और बेहतर मॉनिटरिंग जैसी तकनीकें अपनाने की सलाह दी गई है।



खबर संक्षेप

## आयुष सिन्हा ने उपायुक्त का कार्यभार संभाला



**फरीदाबाद।** 2018 बैच के आईएएसअधिकारी आयुष सिन्हा ने फरीदाबाद के उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने से पूर्व वह मानेसर नगर निगम के आयुक्त के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। इससे पहले वह यमुनानगर में बतौर अतिरिक्त उपायुक्त और अन्य पदों पर कार्यरत रहे है। सिन्हा ने 2018 की सिविल सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय सातवीं रैंक प्राप्त की थी।

## कार लूटने का विरोध करने पर की थी हत्या



**गाजियाबाद।** स्वाट टीम नगर जोन व थाना विजयनगर पुलिस टीम ने कार चालक हत्याकांड का खुलासा कर दिया। आरोपियों ने चालक की हत्या कार लूट का विरोध करने पर की थी। पुलिस ने हत्याकांड को अंजाम देने वाले दो को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से मृतक का मोबाइल , गाड़ी का आरसी व डीएल , आधार कार्ड , पैन कार्ड , वोटर कार्ड , मृतक का अंगोछा बरामद किया है।

## नील गाय से टकराने पर बाइक सवार की मौत




**गुरुग्राम ।** फर्रुखनगर थाना एरिया में रोड पर अचानक आई नील गाय से टकराने पर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया और छानबीन शुरू की।फर्रुखनगर के खेड़ा झांझरोला गांव के अमित (31) वेयरहाउस में नौकरी करता था। सोमवार की शाम को वह ड्यूटी खत्म होने के बाद बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहा था।

## 14 मोस्ट वांटेड अपराधी पुलिस की गिरफ्त में



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में पुलिस ने वर्ष 2025 में साइबर क्राइम, नशा तस्करी, लूट, चोरी, हत्या, हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी और एक्सटॉर्शन के मामलों में 14 मोस्ट वांटेड अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इनमें हत्या के मामले में 3, हत्या के प्रयास में 4, धोखाधड़ी में 1, एक्सटॉर्शन के 2, चोरी, लूट में 3 तथा नशा तस्करी के मामले में 1 अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

## फोन हैक कर खाता से निकाले 93900, काबू



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी ने लिंक भेज फोन हैक कर खाता से पैसे निकालने के मामले में कॉलर को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। दरअसल एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 24 नवंबर को उसके पति के पास कॉल कर ठग ने कहा कि उनका कोरियर आना था, पेमेंट न होने से उनके पास पेंडिंग पड़ा है। ठग ने एक लिंक भेजा, जिस पर क्लिक करते ही उसका फोन हैक हो गया ।

## प्री-पेड टेलीग्राम टास्क के नाम पर 9 लाख की ठगी



**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के नाम पर ठगी के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोप लगाया कि उसके व्हॉट्सएप पर एक अंजान नंबर से एक लिंक आया। जिस पर पार्टटाइम काम के लिए गूगल मेप्स पर रेटिंग और कमेंट करने के लिए कहा गया था। क्लिक करते ही टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गया।

## मनोनीत तीन पार्षदों को मेयर ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

# अब और अधिक मजबूती से हो पाएगा शहर का विकास

मंगलवार को नगर निगम महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने हरियाणा सरकार द्वारा मनोनीत निगम के तीनों पार्षद क्रमश: जसवंत पंवार सैनी, योगेश शर्मा व प्रिंयका बिष्ट बुधानी को न केवल पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, बल्कि उनको आई कार्ड और उनका स्टैंप भी भेंट किया।


हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम फरीदाबाद के पार्षदों की संख्या 46 से बढ़कर 49 हो गई। मंगलवार को नगर निगम महापौर प्रवीण बत्रा जोशी ने हरियाणा सरकार द्वारा मनोनीत निगम के तीनों पार्षद क्रमशः जसवंत पंवार सैनी, योगेश शर्मा व प्रिंयका बिष्ट बुधानी को न केवल पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई, बल्कि उनको आई कार्ड और उनका स्टैंप भी भेंट किया।

इस मौके पर निगम महापौर ने कहा कि तीन पार्षदों के और निगम सदन परिवार में जुड़ने के साथ ही फरीदाबाद के हर वर्ग का सीधा संपर्क नगर निगम से हो गया है, उन्होंने कहा कि मनोनयन की प्रक्रिया इसलिए बनाई गई ताकि जो वर्ग सीधे चुनाव के माध्यम से सदन में न पहुंच सके। उनको प्रतिनिधित्व दिया जाए। इसी कड़ी में निगम के इन तीनों पार्षदों को सरकार ने सदन का सदस्य बनाया गया है।

बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिप्पर चंद शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, फरीदाबाद महानगर के जिला अध्यक्ष सोहनपाल छोकर, निगम आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा, अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा सहित निगम के अन्य अधिकारियों एवं पार्षदों ने मनोनीत पार्षद बल्लभगढ़ निवासी योगेश शर्मा ग्राम चंदावली निवासी जसवंत सैनी तथा ग्रेटर फरीदाबाद निवासी प्रियंका बिष्ट बुधानी को बधाई दी।

### कुल पार्षदों की संख्या 49 हो गई



उल्लेखनीय है कि फरीदाबाद नगर निगम में मेयर के अतिरिक्त 46 पार्षद चुनाव जीत कर आए थे और इसके बाद सरकार ने इन तीन को नगर निगम का मनोनीत पार्षद नियुक्त किया था, जिनको आज महापौर द्वारा शपथ दिलाई जाने के बाद निगम सदन में कुल पार्षदों की संख्या 49 हो गई। निगम महापौर का मानना है की इन नवनियुक्त पार्षदों के साथ निगम और अधिक मजबूती के साथ शहर का विकास कर पाएगा। उन्होंने कहा कि अब के बाद यह तीन मनोनीत पार्षद भी अन्य पार्षदों की तरह इस क्षेत्र के विकास में अपना सहयोग देंगे।

मौके पर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने नए सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम प्रशासन उनके साथ मिलकर शहर के विकास सफाई बुनियादी ढांचे और आमजन की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है। शहर को तीन नए पार्षद मिलने के साथ ही नगर निगम की कार्यप्रणाली को और गति मिलने की उम्मीद भी निगमायुक्त ने जताई।

## आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भव्य महिला सम्मेलन

# देश के आर्थिक विकास और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महिलाओं का अमूल्य योगदान

भारत के हर कोने में महिलाएं घर-घर में स्वदेशी उत्पाद बनाकर न सिर्फ आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि देश का मान-सम्मान भी बढ़ा रही हैं और आर्थिक सशक्तिकरण भी कर रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भाजपा जिला कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत के तहत आयोजित महिला सम्मलेन में बोलते हुए जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महिलाओं का योगदान अमूल्य है। भारत के हर कोने में महिलाएं घर-घर में स्वदेशी उत्पाद बनाकर न सिर्फ आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि देश का मान-सम्मान भी बढ़ा रही हैं और आर्थिक सशक्तिकरण भी कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्वगुरु और विकसित भारत का सपना साकार करने का मार्ग स्वदेशी से होकर गुजरता है। कोविड काल में भारत ने आपदा को अवसर में बदलते हुए आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की और वे उत्पाद भी देश में बनने लगे जिनके लिए हम पहले विदेशों पर निर्भर थे। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे स्वदेशी उत्पादन की दिशा में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएं और देश को आत्मनिर्भर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। भाजपा की ओर से आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत एक भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न सेल्फ हेल्प ग्रुप, एनजीओ और सामाजिक संगठनों से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य महिला शक्ति को आत्मनिर्भरता, स्वदेशी उत्पादों के संवर्धनए और राष्ट्र निर्माण से जोडऩा था।



### स्वदेशी केवल व्यापार नहीं, सांस्कृतिक कर्तव्य

पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने आत्मनिर्भर भारत तथा लोकल फॉर वोकल अभियान को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक मुद्दा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक भावनाओं का विषय है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि हमारे देवी-देवताओं की मूर्तियां विदेशों, विशेषकर चीन में बड़े पैमाने पर बनाई जाती हैं और हम अनजाने में उनकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं, जबकि हमें अपनी सांस्कृतिक पहचान की रक्षा करते हुए स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए स्वदेशी अपनाएं

महापौर प्रवीण जोशी ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देकर देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब हम स्वदेशी खरीदेंगे, तो स्थानीय उद्योग बढ़ेगा, रोजगार मिलेगा और हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

महिला सम्मलेन में जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, महिला मोर्चा अध्यक्ष राजबाला सरदाना, महिला मोर्चा सोशल मीडिया राष्ट्रीय संयोजिका टीना बैंटिक, आत्मनिर्भर भारत की लोकसभा संयोजिका अनीता शर्मा, जिला संयोजिका सीमा भारद्वाज मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने स्वदेशी अपनाने और स्वदेशी का प्रचार प्रसार करने की शपथ ली।

## निस्तारण के लिए मौके पर अधिकारी

# नगर आयुक्त ने संभव समाधान दिवस में सुनी जन समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को संभव जनसुनवाई में जन समस्याओं को सुना। तथा मौके पर ही अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। साथ ही मौके पर भी भेजा। मंगलवार को संभव में 13 शिकायतें प्राप्त हुई। नंदग्राम, दीनदयाल पुरी, दीना गड़ी, स्वर्ण जयंतीपुरम गोविंदपुरम, सेक्टर 23 संजय नगर, विजयनगर, शक्ति खंड इंदिरापुरम, रईसपुर व अन्य क्षेत्र से आए हुए शिकायतकर्ताओं द्वारा अपनी समस्याएं नगर आयुक्त के समक्ष रखी गई l

आयुक्त ने बताया कि मुख्यालय में प्रत्येक मंगलवार की भांति संभव दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जिनके साथ आगंतुकों की समस्याओं को सुना गया तथा कार्यवाही के लिए मौके पर ही टीम भेज कर समाधान के निर्देश दिए। जिसके क्रम में मौके पर टीम पहुंची आवश्यक कार्यवाही को कार्य प्रारंभ कराया गया।

### नगर निगम मुख्यालय में तीसरी लिफ्ट का लोकार्पण

नगर निगम मुख्यालय में शहरवासियों का मूल सुविधाओं के लिए आना जाना लगा रहता है व आये हुए आंगतुकों के लिए नगर निगम अच्छी व्यवस्था दे ऐसा प्रयास भी रहता है और इसी के क्रम में मुख्यालय में आने जाने हेतु लिफ्ट का कार्य कराया जा रहा था जिसका कार्य पूर्ण हुआ एवं महापौर व नगर आयुक्त ने रिबन काटकर लोकार्पण किया है जिससे आने वाले आंगतुकों को सुविधा मिल सके। महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि नगर निगम में आने वाले लोगो को प्रथम तल से पंचम तल तक आना जाना पड़ता है और कुछ बुजुर्ग व महिलाएं भी आती जाती हैं । जिनको सीढ़ी से आने जाने में समस्या होती है एवं अधिक लिफ्ट न होने के कारण एक लिफ्ट पर बहुत भार रहता है। इसलिए एक और लिफ्ट की व्यवस्था की गई है।

# भूपगढ़ में 1 दिवसीय पशुपालक जागरूकता एवं स्वास्थ्य कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



शीतकालीन मौसम में पशुओं के अच्छे स्वास्थ्य और रखरखाव के लिए फरीदाबाद के गांव भूपगढ़ नीमका में एक दिवसीय पशुपालक जागरूकता एवं स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया जिसमें पशुपालकों को पशुओं की विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक किया गया तथा 250 पशुओं को विभिन्न रोगों की दवाई दी गई। शिविर में पशुपालकों को राजकीय पशु अस्पताल नीमका के प्रभारी वीएलडीए राजबेल देशवाल ने बताया कि सभी पशुपालकों को सर्दी के मौसम में पशुओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए विशेष तौर पर ताजा प्रसव वाले पशुओं का तथा उनके नवजात बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पशु का ज्यादा दूध नहीं निकालना चाहिए। दूध देने वाले पशुओं को प्रतिदिन 100 ग्राम कैल्शियम या 50 ग्राम खनिज लवण मिश्रण अवश्य देना चाहिए इससे दूध उत्पादन बढ़ता है। बड़े पशुओं गाय भैंस उनके छोटे बच्चों को पेट के कीड़ों की दवाई अवश्य देनी चाहिए उसके बाद हाजमा वर्तक और स्वास्थ्यवर्धक पाउडर आवश्यक खिलाना चाहिए।

सभी पशुपालकों को पशुओं के संक्रामक रोगों से बचाव के टीकाकरण अभियान के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई इसके अलावा पशुपालन विभाग की अन्य योजनाओं बीमा योजना गो संरक्षण एवं संवर्धन योजना मुर्रा दुग्ध प्रोत्साहन योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पशुपालक श्रीचंद, पवन कुमार, ज्ञानचंद आदि पशुपालक मौजूद रहे।

# प्रशिक्षु अधिकारियों को पुलिस की परिचालन प्रणाली से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) की ओर से आयोजित आठ सप्ताह के विशेष फाउंडेशन कोर्स के अंतर्गत 18 अधिकारी प्रशिक्षुओं (आईपीएस, आईपी एंड टीएएफसी व आईएफसी) का अध्ययन भ्रमण मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों को वास्तविक पुलिस कार्य प्रणाली, आधुनिक कानून व्यवस्था तंत्र, साइबर सुरक्षा उपायों और महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न अभियानों की व्यावहारिक समझ प्रदान की गई।

हिपा द्वारा पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा-निर्देशन में आयोजित इस दौरे में प्रशिक्षुओं को गुरुग्राम पुलिस की परिचालन प्रणाली से अवगत कराने एक विस्तृत प्रस्तुति श्रृंखला आयोजित की गई। संयुक्त पुलिस आयुक्त संगीता कालिया और पुलिस उपायुक्त डॉ. अर्पित जैन भी मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों ने संबंधित कार्य प्रणाली के बारे में बतायाा। यह अध्ययन भ्रमण प्रशिक्षु अधिकारियों को वास्तविक फील्ड अनुभव प्रदान करने और लोक प्रशासन में आवश्यक समन्वय, व्यावसायिकता, प्रतिक्रियात्मकता और नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

इसमें पुलिस आयुक्त (पूर्व) गौरव ने गुरुग्राम पुलिस के प्रशासनिक ढांचे, ऑपरेशनल सिस्टम, सामुदायिक पुलिसिंग और आधुनिक तकनीकों के उपयोग के बारे में बताया। पुलिस उपायुक्त (यातायात) डॉ. राजेश मोहन ने शहर के यातायात नियंत्रण उपाय, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, दुर्घटना विश्लेषण और सडक़ सुरक्षा अभियानों के बारे में जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध) प्रियांशु दीवान ने साइबर अपराधों की बदलती प्रवृत्तियां, डिजिटल फ्रॉड, साइबर फॉरेंसिक प्रक्रिया व त्वरित कार्रवाई तंत्र के बारे में बताया।

# होटल बुकिंग और एयर टिकट के नाम पर 12 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-53 एरिया में विदेशों में घूमने के लिए होटल बुकिंग और एयर टिकट के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को सेक्टर-53 से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। दरअसल, 10 नवंबर को एक व्यक्ति ने सेक्टर-53 थाने में दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी व पत्नी के लिए स्विट्जरलैंड में घूमने के लिए द वॉयेज कंपनी के माध्यम से होटल व एयर टिकट करवाई थी। लेकिन उनको होटल में ठहरने व एयर टिकट नहीं मिली। कंपनी ने होटल बुकिंग व एयर टिकट के नाम पर उनके साथ ठगी की थी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।

### स्विट्जरलैंड की टिकट बुक करवाई थी

पूछताछ में बताया कि आरोपी द वॉयेज कंपनी का मालिक/प्रोप्राइटर है। कंपनी विदेशों में होटल व एयर टिकट उपलब्ध करवाती है। शिकायतकर्ता को स्विट्जरलैंड की टिकट बुक करवाई थी और वहां ठहरने के लिए होटल कमरे उपलब्ध करवाए थे, आरोपी ने अधिक मुनाफा कमाने इरादे से 12 लाख लेने के बाद भी उन्हें सर्विस उपलब्ध नहीं कराई।

## डीसी आयुष सिन्हा के निर्देश पर कार्रवाई

# बिना मान्यता प्राप्त डिग्री के इलाज कर रहा व्यक्ति पकड़ाया

स्वास्थ्य विभाग ने क्लीनिक बंद कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



उपायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा अटाली गांव में बिना मान्यता प्राप्त डिग्री के चिकित्सा गतिविधियां संचालित किए जाने पर एक क्लीनिक को सील किया गया है।

सीएम विंडो के माध्यम से प्राप्त शिकायत में बताया गया था कि अटाली गांव में संजय नामक व्यक्ति स्वयं को डॉक्टर बताकर क्लीनिक चला रहा है और बिना किसी विधिक पात्रता के लोगों को उपचार प्रदान कर रहा है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर जोखिम उत्पन्न हो रहा था। शिकायत का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा ने कौराली सीएचसी के एसएमओ डॉ. राजेश की अध्यक्षता में एक जांच टीम गठित की। टीम ने सत्यापन के लिए एक स्वास्थ्यकर्मी को मरीज के रूप में क्लीनिक पर भेजा। तत्पश्चात विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर उससे चिकित्सकीय डिग्री एवं प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने को कहाए जो उपलब्ध नहीं थे। जांच के दौरान टीम को क्लीनिक से गंभीर बीमारियों में प्रयोग होने वाली विभिन्न दवाइयां भी बरामद हुईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएमओ डॉ. राजेश द्वारा थाना छांयसा पुलिस को लिखित शिकायत प्रेषित की गई। पुलिस द्वारा संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधिक कार्रवाई हेतु मामला दर्ज कर लिया गया है।




## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 84 BNSS 2023 देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अलेक्जेंडर पुत्र पोतराज सोमसन निवासी ए-502, शिव विहार, जेजे कॉलोनी, उत्तम नगर, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं./सीसी नं. **698/2020, अन्तर्गत धारा 356/379/411/34 आईपीसी, थाना सागरपुर, दक्षिण-पश्चिम जिला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अलेक्जेंडर** मिल नही रहा है, और मुझे समाधानाप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अलेक्जेंडर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं./सीसी नं. **698/2020, अन्तर्गत धारा 356/379/411/34 आईपीसी, थाना सागरपुर, दक्षिण-पश्चिम जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अलेक्जेंडर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.01.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री अरिदमन सिंह चीमा**
एलडी न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम श्रेणी-03
रूम नंबर 28, मेन बिल्डिंग
पटियाला हाउस कोर्ट्स, नई दिल्ली

**DP/16031/SW/2025**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **आमिर,** पुत्रः निजामुद्दीन, **पताः** मकान न. ई–702 और 714, गली न. 23, ओल्ड मुस्तफाबाद, नई दिल्ली, ने **FIR No.: 407/2022, U/s 356/379 IPC, 84,** भारतीय नागरिक सुरक्षा **संहिता, 2023, थानाः फतेहपुरी बेरी, जिला दक्षिण, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **आमिर,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **आमिर,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 407/2022, U/s 356/379 IPC, 84,** भारतीय नागरिक **सुरक्षा संहिता, 2023, थानाः फतेहपुरी बेरी, जिला दक्षिण, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **आमिर,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री आशीष कुमार मीना
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम वर्ग—01
दक्षिण जिला, कमरा न. 214
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/16096/SD/2025**
**(Court Matter)**

## योगी आदित्यनाथ कैबिनेट ने 20 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

# खिलाड़ियों से लेकर अयोध्या, बरेली और कानपुर को सौगात

राजधानी में सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें पेश किए गए 21 प्रस्तावों में से 20 पर मुहर लगी...

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 21 प्रस्ताव पेश किए गए, जिसमें 20 पर मंत्रिपरिषद की मुहर लगी। एक 14 नंबर के प्रस्ताव को पुनर्परीक्षण के लिए भेजा गया है। यह निजी अस्पतालों को प्रोत्साहन नीति के लिए था। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने जानकारी दी।

एक प्रस्ताव अयोध्या को विश्व स्तर पर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक नगरी के तौर पर विकसित के संबंध में भी रहा। योगी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए टाटा संस के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित वर्ल्ड क्लास 'मंदिर संग्रहालय' का दायरा और बड़ा कर दिया है। इसके अलावा बरेली और कानपुर में दो बड़ी पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी,अंतरराष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले प्रदेश के नियुक्त खिलाड़ियों को राहत और राज्य के हर मंडल में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बनाए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

### अयोध्या में प्रस्तावित वर्ल्ड क्लास 'मंदिर संग्रहालय' का दायरा और बढ़ा



कैबिनेट में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अयोध्या में एक विशाल मंदिर संग्रहालय बनाया जाएगा। इस संबंध में टाटा संस ने अपने सीएसआर फंड से संग्रहालय विकसित करने और उसकी देख-रेख का प्रस्ताव रखा था। संग्रहालय निर्माण के लिए कंपनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी एसपीवी बनाया जाएगा। केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि भी इस एसपीवी में शामिल रहेंगे। संग्रहालय के लिए, जमीन के आवंटन को लेकर केंद्र, यूपी सरकार और टाटा संस के बीच 3 सितंबर 2024 को ही एमओयू साइन हो चुका है।

### हर मंडल में खुलेगा दिव्यांग पुनर्वास केंद्र

बैठक में दिव्यांगजनों के लिए एक अहम निर्णय लिया गया। सरकार ने राज्य के सभी 18 मंडलों में नए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) खोलने को मंजूरी दे दी है।वर्तमान में प्रदेश के 38 जिलों में ऐसे केंद्र चल रहे हैं, लेकिन कुछ समस्याओं के कारण कई जगह संचालन प्रभावित हो रहा था।

### एसजीएसटी और स्टांप ड्यूटी पर छूट

उन्होंने बताया कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उद्योग करने वाले लोगों को एसजीएसटी और स्टांप ड्यूटी पर छूट दी जाएगी। इसके तहत मेरठ की मेसर्स पसवारा पेपर्स लिमिटेड को 65.67 हजार का लाभ दिया गया। 1.5 करोड़ का लाभ पहले दिया जा चुका है।इसके अलावा चंदौली में 4.91 अरब से 29.67 किमी सड़क को फोरलेन बनाया जाएगा। यह सकलडीहा, चहनियां और सैदपुर होते हुए जनपद को गाजीपुर से जोड़ेगा। काफी समय से इसकी मांग चल रही थी। अब इसे मंजूरी मिली।

उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल 2022 की नियमावली पर भी संशोधन किया जाएगा। इसके जाति के आधार पर किसी भी बंदी से भेदभाव नहीं हो सकेगा।

इंटीग्रेटेड टाउनशिप नीति-2005 एवं 2014 के तहत स्वीकृत एवं निष्क्रिय परियोजनाओं को निरस्तीकरण एवं क्रियाशील परियोजनाओं को पूर्ण कराने के लिए नीति को लागू किए जाने से रुकी हुई आवासीय परियोजनाएं पूर्ण हो सकेंगी। आर्थिक विकास को बढ़ावा भी मिलेगा।


## खबर संक्षेप

### सपा नेता के बरातघर पर गरजे बुलडोजर



**बरेली।** जिले के सूफी टोला स्थित ऐवान-ए-फरहत बरातघर को गिराने के लिए बीडीए ने मंगलवार दोपहर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। बरातघर को गिराने के लिए दो बुलडोजर लगाए गए हैं। बीडीए के अफसर और भारी पुलिस बल मौके पर तैनात किया था। ध्वस्तीकरण से पहले महिलाओं ने रोते हुए रहम की गुहार लगाई, लेकिन बीडीए की टीम ने बरातघर को अवैध निर्माण बताते हुए कार्रवाई शुरू कर दी।

### 40 हजार की घूस लेते कृषि अधिकारी गिरफ्तार



**समस्तीपुर।** निगरानी विभाग पटना की टीम ने समस्तीपुर के दलसिंहसराय अनुमंडल कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार को 40 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। टीम ने उनके सहायक ललन कुमार को भी हिरासत में लिया है। काम के बदले 40 हजार रुपए लेते राकेश को निगरानी ने उन्हें उनके ही ऑफिस में दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

## नमोघाट पर काशी-तमिल संगमम का शुभारंभ

## तमिलनाडु के राज्यपाल ने किया शुभारंभ

# प्रधानमंत्री मोदी के दिल में बसते हैं तमिल लोग

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, सीएम योगी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व डिप्टी सीएम मंगलवार को काशी पहुंचे। सभी अतिथियों ने काशी-तमिल संगमम का शुभारंभ किया। पुडुचेरी के उपराज्यपाल कैलासनाथन, तमिलनाडु के शिक्षा मंत्री भी शामिल रहे।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी तमिल संगमम 4.0 का शुभारंभ मंगलवार को नमो घाट पर हुआ। कार्यक्रम में तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलासनाथन शामिल हुए। सीएम योगी समेत सभी अतिथियों का एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में तमिलनाडु और तमिल लोग बसते हैं। उन्होंने इस दर्द को समझा और इस काशी तमिल संगमम यात्रा की शुरुआत हुई। तमिल करकलाम यानी तमिल सीखें की थीम पर आधारित इस आयोजन में तमिलनाडु से 1400 से अधिक प्रतिनिधि काशी पहुंच रहे हैं। काशी और तमिलनाडु के पारंपरिक कलाकार संयुक्त प्रस्तुति देते हुए भारतीय संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगे।

**खास बातें**

- तमिलनाडु से 1400 से अधिक प्रतिनिधि काशी पहुंचे
- आईआईटी मद्रास के विद्या शक्ति पोर्टल की मदद से तमिल सीखेंगे




### काशी तमिल संगमम कार्यक्रम दो चरणों में 31 दिसंबर तक

सोमवार की देर रात तमिलनाडु से अतिथियों की पहली ट्रेन बनारस स्टेशन पहुंची। यहां जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने सभी का स्वागत किया। कमिश्नर एस राजलिंगम ने बताया कि काशी तमिल संगमम कार्यक्रम दो चरणों में 31 दिसंबर तक चलेगा। पहला चरण 2 से 15 दिसंबर तक काशी में और दूसरा चरण 16 से 31 दिसंबर तक चेन्नई में होगा।

### 650 स्कूलों के 15 हजार बच्चों को तमिल सिखाई जाएगी

इस बार आओ तमिल सीखें थीम पर आयोजन हो रहा है। इसके तहत आईआईटी मद्रास के विद्या शक्ति पोर्टल की मदद से 650 स्कूलों के 15 हजार बच्चों को तमिल सिखाई जाएगी। 50 शिक्षक तमिलनाडु से काशी आएंगे जो यहां विद्यालयों में तमिल भाषा और संस्कृति का परिचय देंगे और छात्रों को तमिल सिखाने की जिम्मेदारी निभाएंगे।

### सुरक्षा में चूक सीएम योगी के तरफ दौड़ा युवक सुरक्षाकर्मियों ने दबोचा

नमो घाट पर मंगलवार को काशी तमिल संगमम का आगाज हुआ। कार्यक्रम के दौरान एक बड़ी सुरक्षा चूक सामने आई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, इसी दौरान अचानक एक युवक सुरक्षा घेरा तोड़कर मंच तक पहुंच गया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया।

## श्रीकृष्ण सेतु के बराबर नए पुल को मंजूरी

# उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच बढ़ेगी कनेक्टिविटी

एजेंसी ▶▶ मुंगेर

जमालपुर, मुंगेर सहित बेगूसराय और खगड़िया के लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब मुंगेर के लोगों को ट्रेनों की कमी नहीं खलेगी, वहीं उत्तर बिहार को बिहार एवं झारखंड के दक्षिणी-पूर्वी हिस्से से सीधा जोड़ा जाएगा, ताकि मुंगेर जिले से व्यापार को बढ़ावा मिल सके और कनेक्टिविटी की सहूलियत और बढ़ सके। रेल मंत्रालय ने श्रीकृष्ण सेतु के समानांतर एक नए रेल पुल के निर्माण को हरी झंडी दे दी है।

इसके साथ ही मुंगेर-जमालपुर के बीच दूसरी रेल लाइन बिछाने व बाइपास निर्माण का लक्ष्य जुलाई, 2030 तक पूरा कर लेना है। इसकी घोषणा 28 नवंबर को 103वें नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) अंडर पीएम गतिशक्ति यूनिट के साथ रेल मंत्रालय की बैठक में लिया। इस बैठक में मुंगेर के अलावा तीन अन्य परियोजनाओं पर मुहर लगाई गई है।



### 15 किलोमीटर लंबे प्रोजेक्ट में खर्च होंगे 1890 करोड़

रेल मंत्रालय ने बिहार में पूर्वी एवं पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत जमालपुर-मुंगेर-खगड़िया डबल रेल लाइन के निर्माण, गंगा नदी पर नए पुल तथा जमालपुर एवॉइडिंग लाइन के निर्माण में करीब 1890 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। इसमें जमालपुर से मुंगेर और खगड़िया दिशा से उमेश नगर तक लाइन डबल होगी।

### शुरू होगा मुंगेर का दूसरा रेलब्रिज

मुंगेर रेलब्रिज चालू हुए 9 साल बीत गए। इस बीच जमालपुर, भागलपुर, बेगूसराय और खगड़िया के लिए जहां 5 से 6 ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है, लेकिन दूसरा रेलब्रिज चालू होने, जमालपुर-मुंगेर डबलिंग और मुंगेर से रतनपुर बाइपास निर्माण के बाद मालगाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी हो जाएगी। जबकि जमालपुर से मुंगेर, भागलपुर से मुंगेर और बेगूसराय एवं खगड़िया से मुंगेर रेलखंड पर कई एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन 130 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हो सकेगा।

## पेज एक का शेष

### भारत ने महज....

विदेश मंत्रालय द्वारा इस संबंध में भारत के खिलाफ किए जा रहे दुष्प्रचार का करारा जवाब दिया है। मंगलवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक बयान जारी कर पाक को दो टूक अंदाज में यह बता दिया कि उसके द्वारा की जा रही बयानबाजी एक बार फिर से भारत के खिलाफ दुष्प्रचार करने की कोशिश का हिस्सा मात्र है। जो पूरी तरह से मूर्खतापूर्ण और हास्यास्पद जान पड़ता है। गौरतलब है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान के लिए अपनी हवाई सीमा के इस्तेमाल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था। जिसकी देखादेखी पाकिस्तान ने भी भारत के लिए अपनी हवाई सीमा बंद कर दी थी। ये प्रतिबंध वर्तमान में भी जस का तस लागू था। लेकिन भारत ने पाक के लिए फिलहाल इस पाबंदी में श्रीलंका में आई मानवीय त्रासदी के मद्देनजर कुछ ढील दे दी है।

**पीएम ने की श्रीलंका के राष्ट्रपति से बातचीत:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 1 दिसंबर को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से फोन पर बातचीत की और दित्वा चक्रवात से हुई दुखद जनहानि और व्यापक तबाही पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। एक्स पोस्ट में इस बारे में बताते हुए पीएम ने बताया कि एक घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र के रूप में भारत इस कठिन घड़ी में श्रीलंका और उसके लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। राहत और बचाव प्रयासों के लिए चल रहे ऑपरेशन सागर बंधु के तहत सभी आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगा और हम आने वाले दिनों में पुनर्वास और पुनः प्राप्ति के कार्यों में श्रीलंका के साथ खड़े रहेंगे। 8शेष पेज 5 पर

### कुछ यूं मिला ...

देते हुए अपनी हवाई सीमा मानवीय सहायता ले जाने वाले पाकिस्तानी विमानों के लिए खोल दी। 1 दिसंबर को भारत की तरफ से पाक के अनुरोध पर स्वीकृति शाम साढ़े पांच बजे दी गई थी और उसके बाद इसे लेकर पाकिस्तान को आधिकारिक चैनलों के माध्यम से सूचित भी कर दिया गया था। वहीं, भारत का ये जवाब एक प्रकार से पाकिस्तान की सरकार से इतर उसके मीडिया में भी किए जा रहे उन तमाम ऑनलाइन झूठे दावों पर किया गया कड़ा पलटवार है। जिसमें वो यह कह रहे हैं कि नई दिल्ली ने अपनी हवाई सीमा को इस्तेमाल करने की इजाजत पाकिस्तान को श्रीलंका तक मदद पहुंचाने के लिए नहीं दी है।

### सोशल मीडिया पर ...

चुकी थी। कई पैकेटों पर एक्सपायरी:10/2024 लिखा हुआ था। जिसे लेकर कुछ यूजर्स ने काफी नाराजगी के साथ पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि वो बीते कुछ वर्षों में आई सबसे विनाशकारी बाढ़ से बुरी तरह से जूझ रहे एक देश (श्रीलंका) को अपने एक्सपायरी उत्पाद भेज रहा है। मामले पर अपनी फजीहत होता देख पाकिस्तानी सरकार ने अपने हैंडल से उक्त विवादित पोस्ट की फोटो हटा दी।

### तबाही को शब्दों ....

को भांपते हुए कोलंबो की सरकार ने अपने सभी क्षेत्रीय भागीदार देशों से मदद की अपील की है। भारत ने प्राकृतिक आपदा के तुरंत बाद सबसे पहले प्रतिक्रिया देते हुए ऑपरेशन सागर बंधु अभियान लांच किया और इसके जरिए अब तक नौसेना के स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत, जंगी युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि, सुकन्या के जरिए 50 टन से अधिक राहत और बचाव सामग्री भेजी गई है।

### अमेरिका संग कोई ...

गतिविधियों का संचालन करेंगी। भारत ने वर्ष 2016 में लॉजिस्टिक एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (लेमोआ) नामक ऐसा ही एक समझौता अमेरिका के साथ भी किया था। जिसके जरिए भारत, अमेरिका की नौसेनाएं पारस्परिक रूप से लॉजिस्टिक्स का आदान-प्रदान करने, सप्लाई, जहाजों में ईंधन भरने व अन्य सेवाओं के लिए एक-दूसरे के नौसैन्य अड्डों का दौरा करती हैं। मामला गंभीर है, इसलिए नौसेनादिवस के पूर्व में मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में नौसेनाप्रमुख से भी इसे लेकर एक सवाल भी पूछा गया। जिसके जवाब में एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि इस संबंध में अमेरिका के साथ हमारा कोई विवाद नहीं है। आरईएलओएस पर भारत और रूस की सरकारों के बीच इस साल 18 फरवरी को हस्ताक्षर किए गए थे। जिसे रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्टिन ने बीते सप्ताह ड्यूमा की मंजूरी के लिए भेजा था। यहां बता दें कि रूस के राष्ट्रपति बीते 4 से 5 दिसंबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जो वर्ष 2022 में शुरू हुए यूक्रेन युद्ध के बाद की जा रही उनकी नई दिल्ली की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। संवाददाता सम्मेलन में नौसेनाप्रमुख ने कई अन्य विषयों पर पूछे गए प्रश्नों का भी जवाब दिया।

### सामरिक स्वायत्तता पर ...

हमारे पास सभी के साथ सामंजस्य के साथ काम करने की क्षमता मौजूद है। हमने पूर्व में भी ऐसा करके दिखाया है कि हम सभी के साथ काम कर सकते हैं। उन्होंने ये भी बताया कि करीब 15 दिन पहले मैं वाशिंगटन डीसी में था और वहां पर रूस को लेकर कोई प्रश्न मुझसे नहीं पूछा गया। इसलिए मुझे लगता है कि लोग प्रत्येक देश की आवश्यकताओं को समझते हैं। देश भी मामले में काफी परिपक्व हैं और मामले को समझते भी हैं।

### राज्यसभा में एसआईआर...

सांकेतिक वॉकआउट के बाद विपक्षी दल सदन में वापस आए।

विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर जीएसटी बिल पर चर्चा की शुरुआत के साथ ही सदन से वॉकआउट कर दिया था। विपक्षी सदस्य सदन में लौट कर आए और वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। नारेबाजी के बीच ही सभापति सीपी राधाकृष्णन ने रकांपा की फौजिया खान का नाम विशेष उल्लेख का मामला उठाने को लिया। उन्होंने एसआईआर का मामला उठाने की कोशिश की तो सभापति ने इसके बाद वामदल के शिवदासन का नाम लिया। उन्होंने भी एसआईआर का मुद्दा उठाया। सभापति ने उनको भी रोका और इसके बाद असम से असम गण परिषद के सांसद बीरेंद्र प्रसाद बैश्य से बोलने के लिए कहा और मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) विधेयक पर चर्चा जारी रखी।

### संचार साथी ऐप....

सुनिश्चित करने में सक्षम बनाता है। सिंधिया ने विपक्ष के भ्रम फैलाने के आरोपों को खारिज किया और डेटा गोपनीयता की चिंताओं को दूर किया। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, सिंधिया ने जोर देकर कहा कि ऐप को कभी भी हटाया जा सकता है और यह उपयोगकर्ता द्वारा सक्रिय किए जाने के बाद ही काम करता है। सिंधिया का यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दूरसंचार विभाग ने निर्माताओं को दिए गए आदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि ऐप की कार्यक्षमता को अक्षम या प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि संचार साथी ऐप को सक्रिय करना वैकल्पिक है और केंद्र के निर्देश से गोपनीयता संबंधी चिंताएँ और राज्य की निगरानी की आशंकाएँ पैदा होने के बाद इसे कोई भी हटा सकता है। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्य द्वारा विकसित इस साइबर सुरक्षा ऐप में किसी भी तरह की जासूसी या कॉल निगरानी शामिल नहीं है।

यह स्पष्टीकरण दूरसंचार विभाग के स्मार्टफोन निर्माताओं को ऐप प्री-इंस्टॉल करने के निर्देश के बाद आया है, जिससे राजनीतिक विवाद और डेटा संग्रह पर बहस छिड़ गई है। संचार साथी ऐप चोरी हुए फोन को ब्लॉक करने और धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने जैसी सुरक्षा सुविधाएं प्रदान करता है, लेकिन इसके अनिवार्य इंस्टॉलेशन को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संचार साथी पोर्टल के 20 करोड़ से अधिक डाउनलोड हैं, और ऐप के 1.5 करोड़ से अधिक डाउनलोड हैं। संचार साथी ने लगभग 1.75 करोड़ धोखाधड़ी वाले मोबाइल कनेक्शनों को डिस्कनेक्ट करने में सक्षम बनाया है। लगभग 20 लाख चोरी हुए फोन का पता लगाया गया है, और लगभग 7.5 लाख चोरी हुए फोन उनके मालिकों को सौंप दिए गए हैं, यह सब संचार साथी की वजह से है, यह ऐप स्नूपिंग या कॉल मॉनिटरिंग को सक्षम नहीं करता है। आप इसे अपनी इच्छानुसार सक्रिय या निष्क्रिय कर सकते हैं। यदि आप संचार साथी नहीं चाहते हैं, तो आप इसे हटा सकते हैं। यह वैकल्पिक है। यह ग्राहक सुरक्षा के बारे में है। मैं सभी गलतफहमियों को दूर करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस ऐप को सभी के लिए पेश करना हमारा कर्तव्य है। इसे अपने डिवाइस पर रखना या न रखना उपयोगकर्ता पर निर्भर है, इसे किसी भी अन्य ऐप की तरह मोबाइल फोन से हटाया जा सकता है।

### हरियाणा और कनाडा...

हरियाणा की तीव्र आर्थिक वृद्धि, मजबूत औद्योगिक आधार और निवेश–अनुकूल नीतियों को देखते हुए कनाडा ने राज्य के साथ अपने आर्थिक व रणनीतिक जुड़ाव को और सुदृढ़ करने में रुचि व्यक्त की है। हरियाणा और कनाडा के बीच यह पहल राज्य में निवेश के नए द्वार खोलेगी, रोजगार सृजन को गति देगी और वैश्विक साझेदारियों को मजबूत बनाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि हरियाणा को उत्तरी भारत का सबसे विश्वसनीय वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया जाए। इस दौरान क्रिस्टोफर कूटर ने मुख्यमंत्री के साथ वेस्ट टू एनर्जी, विद्युत उत्पादन और कनाडा के खनन क्षेत्र में हरियाणा के युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की। इसके अलावा, उन्होंने कनाडा के निवेशकों को हरियाणा में निवेश के लिए आकर्षित करने संबंधी विस्तृत रोडमैप पर भी विचार–विमर्श किया, ताकि दोनों पक्षों के व्यावसायिक संबंध और अधिक मजबूत तथा परिणाम मुखी बन सकें।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं को वैश्विक स्तर पर अवसर प्रदान करने और प्रदेश को विकास के नए आयामों की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर दिलाने के लिए भी विस्तृत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2047 तक हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें शिक्षा, ऊर्जा, एआई इत्यादि क्षेत्रों का प्रमुख योगदान होगा।

क्रिस्टोफर ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि आने वाले समय में हरियाणा और कनाडा के बीच यह साझेदारी बहुआयामी रूप से आगे बढ़ेगी और इसका लाभ सीधे–सीधे प्रदेश के लोगों और युवाओं को मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनएचएआई ने राष्ट्रीय....

मजबूत करना है, जिससे वे गति और ड्राइविंग व्यवहार को पहले से समायोजित कर सकें। राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को एसएमएस, व्हाट्सएप और उच्च-प्राथमिकता वाली कॉल के माध्यम से अलर्ट भेजे जाएंगे। इस प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के डिजिटल प्लेटफॉर्म, जिसमें 'राजमार्गयात्रा' मोबाइल एप्लिकेशन और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1033 शामिल हैं, के साथ एकीकृत किया जाएगा। यह स्वचालित प्रणाली राष्ट्रीय राजमार्गों पर या उसके आस-पास सभी जियो मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिए काम करेगी और राष्ट्रीय राजमार्ग यात्रियों को किसी खतरनाक क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही चेतावनी प्रदान करेगी। यह समाधान मौजूदा दूरसंचार टावरों का उपयोग करेगा। इसे शीघ्र स्थापित किया जा सकता है। यह रणनीतिक साझेदारी जियो के डिजिटल बुनियादी ढांचे का लाभ उठाएगी – जो देश में 50 करोड़ से ज़्यादा ग्राहकों को सेवा प्रदान करेगा। इस पहल पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने कहा कि यह पहल यात्रियों को समय पर और विश्वसनीय जानकारी प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे वे सोच-समझकर निर्णय ले सकेंगे और पहले से ही सुरक्षित ड्राइविंग के तरीके अपना सकेंगे। मुझे विश्वास है कि यह पहल राष्ट्रीय राजमार्ग पर तकनीक-सक्षम सड़क सुरक्षा प्रबंधन में एक नया मानक स्थापित करेगी। रिलायंस जियो के अध्यक्ष ज्योतिंद्र ठाकर ने कहा कि यह पहल जियो के दूरसंचार नेटवर्क की पहुंच का उपयोग करके बड़े पैमाने पर समय पर सुरक्षा अलर्ट प्रदान करती है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा अधिक सुरक्षित और अधिक सूचित हो जाती है।

### राज्यसभा में ....

लगा दिया था। यह आंदोलन गौरा देवी के संघर्षों की कहानी है। उन्होंने गौरा देवी को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की।

होशंगाबाद से चले वंदे भारतः मध्य प्रदेश से भाजपा की राज्यसभा सांसद माया नरोलिया ने नर्मदापुरम होशंगाबाद से नई दिल्ली के लिए वंदे भारत या राजधानी जैसी ट्रेन की मांग की और कहा कि यहां से बड़ी संख्या में लोग दिल्ली की यात्रा करते हैं, लेकिन कोई सीधी ट्रेन नहीं है। उन्होंने उच्च सदन में विशेष उल्लेख के तहत कहा कि भोपाल से चलने वाली वंदे भारत और राजधानी को नर्मदापुरम या इटारसी तक बढ़ाया जाए, तो यात्रियों को सुविधा होगी।

मणिपुर जीएसटी संशोधन बिल लौटायाः विपक्ष के हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) बिल राज्यसभा में विचार और लौटाने के लिए रखा। उन्होंने कहा कि यह बिल मणिपुर के लोगों की बेहतरी के लिए लाया गया है। इसे लौटा दिया जाए। उच्च सदन ने ध्वनिमत से मतदान के बाद लौटा दिया। मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) विधेयक पर चर्चा का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जवाब दिया. वित्त मंत्री ने कहा कि मणिपुर जीएसटी को लेकर ऑर्डिनेंस लाया गया था. यह बिल उसे ही कानूनी स्वरूप देने के लिए लाया गया है।

### विपक्ष बेवजह मचा ....

'सुरक्षा कवच' की तरह काम करता है, तो आपको क्या दिक्कत है? इस पर एक निराधार विवाद खड़ा किया जा रहा है।

भाजपा नेता प्रसाद ने विपक्ष के इस रुख को बिहार में उनकी हालिया हार से जोड़ते हुए दावा किया कि मतदाताओं ने चुनावी मुद्दों पर कोई शिकायत नहीं की। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भी निशाना साधा और कहा कि ऐसे विपक्ष के साथ उन्हें चुनाव जीतने में मुश्किल होगी। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष ने संसद के पिछले सत्र में भी एसआईआर का मुद्दा उठाया था। बिहार में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। करोड़ों मतदाताओं में से एक भी व्यक्ति ने यह शिकायत नहीं की कि उन्हें वोट देने नहीं दिया गया, कांग्रेस पार्टी इस तरह कभी नहीं जीतेगी।

## रांची में ईडी का एक्शन

# सीए नरेश केजरीवाल के 15 ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी ▶▶ रांची

जिले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी छापेमारी की है। ईडी ने फेमा से जुड़ मामले में सीए नरेश केजरीवाल के चर्च कॉम्प्लेक्स स्थित दफ्तर में छापा मारा है। यह मामला फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (फेमा) के तहत विदेशी मुद्रा लेन-देन उल्लंघन से जुड़ा है। ईडी सुबह 6 बजे से ही नरेश केजरीवाल और उनके परिजनों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

ईडी चर्च कॉम्पलेक्स स्थित दफ्तर के अलावा मुंबई और सूरत में एक साथ छापेमारी की। विदेशों में निवेश से जुड़े मामलों की जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन जानकारी मिली है। झारखंड में ईडी की ओर से फेमा के तहत की जाने वाली इस तरह की पहली बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। ईडी की कार्रवाई आयकर विभाग की जांच से उपजी है, जिसमें यह खुलासा हुआ है कि नरेश केजरीवाल संयुक्त



अरब अमीरात , नाइजीरिया और अमेरिका में अज्ञात विदेशी शेल कंपनियों को नियंत्रित करते हैं। ये कंपनियां वास्तव में भारत से ही संचालित हो रही थीं।

इन कंपनियों में 900 करोड़ से अधिक का अस्पष्ट भंडार जमा किया गया है। लगभग 1,500 करोड़ की राशि फर्जी टेलीग्राफिक ट्रांसफर के जरिए वापस भारत भेजी गई है। चूंकि विदेशी संपत्तियों का कानूनी दस्तावेजों में खुलासा नहीं किया था इसलिए तलाशी इन अनधिकृत सीमा-पार लेन-देनों के आपत्तिजनक डिजिटल और दस्तावेजी सबूत जुटाने के लिए महत्वपूर्ण है।

## बस की टक्कर से महिला की मौत

# पौन घंटे तक जाम में फंसे रहे सपा प्रमुख अखिलेश

एजेंसी ▶▶ आजमगढ़

सपा प्रमुख अखिलेश यादव मंगलवार दोपहर लखनऊ से दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह के घर घोसी जाते समय आजमगढ़ के मुबारकपुर के हरैया के पास पौन घंटे तक जाम में फंसे रहे।

रोडवेज बस की टक्कर से महिला की मौत से नाराज ग्रामीणों ने लखनऊ-बलिया हाइवे जाम कर दिया था। खबर पाकर पहुंची दो जिले की पुलिस ने उन्हें निकालने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण उनकी गाड़ी के सामने आ गए। अखिलेश ने मौके पर महिला के परिजनों को एक लाख रुपये की नगद सहायता दी।

जहानागंज थाना क्षेत्र के बस्ती गांव निवासी 50 वर्षीय लालमुनी पत्नी जोगखन राम मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे हरैया बाजार से दवा लेकर घर जा रही थी। इस दौरान आजमगढ़ से मऊ की ओर जा रही रोडवेज बस की टक्कर से उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने लखनऊ-बलिया मार्ग जाम कर दिया। इस बीच पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की तरफ से घोसी जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का काफिला भी जाम में फंस गया।



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम'8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट'से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।

## लाइफ Style




# एला
## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट

एजेंसी ▸▸ पेरिस

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट हैं, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।

फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।




# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...


**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।

## टीवी मसाला



# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...


**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।

## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।

# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट




**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी*** : टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी*** : फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा*** : *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर*** : *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन*** : *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

***नई दिल्ली।*** *बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुल हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोकाः चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शको के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।

## नशे में क्रूरता की सारी हदें कीं पार, पत्नी-बेटियों का चल रहा इलाज

# पत्नी पर हथौड़े से प्राणघातक हमला, बच्चियों को दिया जहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां नशे की लत ने एक पति को हैवान बना दिया। ग्राम तरदा, उरगा थाना क्षेत्र निवासी राइमंड प्रकाश जांगड़े ने शनिवार शाम नशे की हालत में अपनी पत्नी कविता बाई जांगड़े (38) पर लोहे के हथौड़े से सिर पर हमला कर दिया। इस क्रूरतापूर्ण हमले में कविता बाई गंभीर रूप से घायल हो गईं और उन्हें सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना के बाद, राइमंड ने अपनी दो बेटियों को भी गोली खाने को कहा, जिससे तंग आकर बड़ी बेटी ने गोली खा ली और उसकी तबीयत भी बिगड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार, राइमंड प्रकाश जांगड़े का विवाह करीब 20 साल पहले बेंदरकोना निवासी कविता बाई जांगड़े से हुआ था।

> ग्राम तरदा, उरगा थाना क्षेत्र निवासी राइमंड प्रकाश जांगड़े ने नशे की हालत में दिया वारदात को अंजाम

> घटना के बाद, राइमंड ने दो बेटियों को भी गोली खाने को कहा, जिससे तंग आकर बड़ी बेटी ने गोली खा ली



राइमंड खेती-किसानी कर अपने पत्नी और चार बच्चों का पालन-पोषण करता था, लेकिन बुरी संगत में पड़कर वह नशे का आदी हो गया। वह अक्सर अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था और इसी शक के चलते आए दिन उससे विवाद करता था। शनिवार शाम को भी राइमंड नशे में धुत होकर घर पहुंचा और आते ही पीछे से अपनी पत्नी के सिर पर लोहे के हथौड़े से वार कर दिया। इस हमले से कविता बाई के सिर से खून बहने लगा और वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ीं।

अपनी मां की ऐसी हालत देखकर दो बेटियां और एक बेटा बुरी तरह डर गए। वे किसी तरह पिता की पकड़ से बचकर थोड़ी दूर अपने परिजनों के घर भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल चौकी प्रभारी विश्वनारायण चौहान अपनी टीम के साथ आपातकालीन कक्ष पहुंचे। पुलिस ने पीड़िता कविता बाई का बयान दर्ज कर लिया है। डॉक्टरों के अनुसार, कविता बाई की हालत गंभीर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए सिम्स बिलासपुर भेजा गया है।

### आरोपी पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

पत्नी पर हमला करने के बाद भी राइमंड का गुस्सा शांत नहीं हुआ। उसने अपने पास रखी गोलियां दोनों बेटियों को दीं और कहा कि यदि वे उसकी बेटी हैं तो गोली खा लें। पिता की इस धमकी और रोज-रोज के विवाद व मारपीट से तंग आकर बड़ी बेटी ने गोली खा ली, जिससे उसकी तबीयत भी बिगड़ गई। उसका उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। राइमंड प्रकाश जांगड़े का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उस पर हत्या का मामला दर्ज था और वह अपने साथियों के साथ मिलकर चचेरे भाई की हत्या के आरोप में जेल भी जा चुका है। करीब चार साल पहले वह जेल से रिहा हुआ था। विवाहिता के परिजनों ने भी राइमंड के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

## खबर संक्षेप

### मध्यप्रदेश के दस जिलों में एसआईआर का काम सौ प्रतिशत पूरा

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है। अभी तक मप्र में लगभग 5 करोड़ 42 लाख गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। जो कुल कार्य का 94.5% है। दस जिलों अशोक नगर,नीमच, बैतूल, गुना,मंडला, डिंडोरी, शाजापुर, सीहोर, सीधी और उमरिया में शत प्रतिशत डिजीटाइजेशन का काम हो चुका है। सीईओ झा ने सभी शासकीय सेवकों और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित समयावधि से पूर्व यह उपलब्धि सभी के प्रयास और कर्तव्य निष्ठा से ही संभव हुई है। झा ने बताया कि प्रदेश के 35 अन्य जिलों ने 96प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रदेश के 5जिलों में 93% से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है।

### सीएस की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समन्वय समिति पुनर्गठित

**भोपाल।** सिंचाई के लिए सोलर पम्प स्थापना की प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के क्रियान्वयन के लिए कैबिनेट की 18 नवम्बर 2025 को हुई बैठक के निर्णय अनुसार राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति का पुनर्गठन किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश अनुसार समिति में सचिव ऊर्जा, वित्त, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सदस्य होंगे। सचिव नवीन नवकरणीय ऊर्जा को सदस्य सचिव बनाया गया है।
समिति द्वारा योजना के सभी घटकों अंतर्गत प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए विभागों के बीच आवश्यक समन्वय बनाना, योजना की प्रगति नियमित (अधिकतम 3 माह) में समीक्षा करना जिससे समय-सीमा में लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

### जर्मनी के दल ने देखी इंदौर की स्मार्ट मीटरिंग

**भोपाल।** केएफडब्ल्यू बैंक जर्मनी के सदस्य सुश्री जोर्डिस फ्लोदर, राहुल ठाकुर सोमवार से बुधवार तक मप्र पश्चिम क्षेत्र कंपनी इंदौर क्षेत्र में ऊर्जा क्षेत्र के कार्यों के अवलोकन के लिए आए हैं। जर्मनी की सुश्री जोर्डिस फ्लोदर के नेतृत्व में इंदौर पहुंचे दल का पोलोग्राउंड बिजली कंपनी मुख्यालय में स्वागत मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। जर्मनी के दल ने सोमवार अपराह्न स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य देखने के लिए इंदौर शहर में विभिन्न स्थानों पर भ्रमण किया। शहर के मनोरमागंज क्षेत्र में उन्होंने बहुमंजिला इमरातों में एक साथ दर्जनों उपभोक्ताओं के लिए विशेष पैनल्स पर लगे स्मार्ट मीटर्स के फायदे देखे, उपभोक्ताओं से चर्चा भी की। सुखलिया क्षेत्र के पिंक सिटी में दल ने वितरण ट्रांसफार्मर पर स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य एवं इससे होने वाले सकारात्मक बदलाव की जानकारी ली। दल ने सोमवार शाम को स्मार्ट मीटर कंट्रोल सेंटर में गतिविधियों का अवलोकन किया।

### कैलाश विजयवर्गीय बोले- सीएम से समीक्षा करवाकर प्रदेश भर का बनाएंगे एक्शन प्लान

# ध्यानाकर्षण में पूर्व स्पीकर ने उठाया अतिक्रमण का मुद्दा- भाजपा के तीन विधायकों का समर्थन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में ध्यानाकर्षण के दौरान पूर्व स्पीकर और बीजेपी विधायक सीतासरण शर्मा ने पिपरिया और नर्मदापुरम में अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। इस मुद्दे पर बीजेपी के तीन विधायकों ने समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह तो पूरे प्रदेश भर की समस्या है। हालांकि नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस विषय पर मुख्यमंत्री के साथ समीक्षा होने वाली है। प्रदेश भर के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

वहीं बीजेपी विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त कराने से पहले विस्थापन की व्यवस्था की जाए। अतिक्रमण के चक्कर में गरीब का नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोजना कमाने खाने वाले अपनी रोजी रोटी की व्यवस्था करते हैं। रोजी छीनी जाएगी तो कोई और काम न करने लगे। सीतासरण शर्मा ने कहा कि मंत्री ने स्वीकार किया है कि 269 से अधिक अतिक्रमण हटाए गए है। इलाके में वीआईपी इलाकों में अतिक्रमण है कि फिर भी कोई देखना वाला नहीं है। अगर अतिक्रमण हटाया जाता है तो दूसरे दिन फिर से हो जाता है। अब तो नालों में भी अतिक्रमण हो रहा है। दुकान का फर्श तोड़कर नाला साफ कराया गया था। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जिलाधीश, एसपी और नगर निगम की टीम बना देंगे। फिर शैलेंद्र जैन ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में यही समस्या बनी हुई है। विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि बरसात के समय नालों की बेकार स्थिति होती है। नाले के आसपास की कालोनियों और बस्तियों में भराव हो जाता है।




विधानसभा अध्यक्ष के चैंबर में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के का स्वागत करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री चौधरी राकेश सिंह, प्रहलाद पटेल और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार।

### जंडेल ने बिजली, फसल बीमा, मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना जैसे मुद्दों को लेकर घेरा

विधानसभा में सोमवार को 139 के तहत चर्चा में कांग्रेस सदस्य बाबू जंडेल ने बिजली, फसल बीमा, मुख्यमंत्री खेत सड़क योजना जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि मैदानी जिलों में दो-दो तीन-तीन लाख रुपए के बिजली बिल किसानों के आ रहे हैं। सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। भाजपा विधायक गौरव पारधी ने कहा कि मप्र सरकार ने निर्णय लिया है की फसल बीमा योजना में किसी भी किसान को 1000 रुपए से काम की राशि न दी जाए। कांग्रेस इस मुद्दे पर गलत बयान दे रही है। किसी भी किसान को 1000 रुपए से कम का कोई मुआवजा नहीं मिला है। कांग्रेस सदस्य जयवर्धन सिंह ने कहा कि सरकार ने भावांतर योजना शुरू की, पर किसानों को इसका लाभ नहीं मिला है। बड़े व्यापारी, बिचौलिए इसका फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मक्का एक हजार व बारह सौ में खरीदी की जा रही है। जबकि 14 अक्टूबर 2025 को ऋषि अग्रवाल ने केंद्रीय कृषि मंत्री को पत्र लिखा था। इस पर भारत सरकार ने उत्तर में लिखा की मप्र में मक्का खरीदी का कोई प्रस्ताव अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। सरकार गलत तरीके से दावे कर रही है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सरकार की तरफ से कहा कि 2 लाख 67 हजार किसानों को 482 करोड रुपए भावांतर योजना में दिया गया है। 6 लाख टन फसलों का एमएसपी में खरीदी हुई है। 10 लाख टन फसल किसानों ने बेची है। सभी को भावांतर का लाभ दिया गया। ऐसे में यह कहना गलत है की भावांतर योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

## विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के सभापतित्व में आज विधानसभा में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें दिसंबर सत्र 2025 के कामकाज के संबंध में विचार विमर्श हुआ।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायकगण गोपाल भार्गव, अजय विश्नोई, हरिशंकर खटीक, यादवेन्द्र सिंह, लखन घनघोरिया,उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत सत्यदेव कटारे सहित प्रमुख सचिव अरविंद उपस्थित रहे। दिसंबर सत्र 2025 के प्रथम दिवस पर विधानसभा अध्यक्ष तोमर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं अन्य मंत्री गणों ने सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

# किसानों के मसले पर विस में हुई पक्ष-विपक्ष में तीखी बहस

- शेखावत ने कहा, भावांतर भ्रमित करने की योजना, किसानों को नहीं मिल रही बीमा की राशि
- रामेश्वर बोले, किसानों को दिलाएं बीमा की राशि, बारिश से दागदार उपज की भी हो खरीद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विधानसभा में सोमवार को नियम 139 के तहत किसानों के मुद्दे पर पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। विपक्षी कांग्रेस सदस्यों ने आरोप लगाया कि इस समय सबसे ज्यादा परेशान किसान है। सरकार उनकी ओर ध्यान नहीं दे रही है जबकि सत्तापक्ष का कहना था कि भाजपा की केंद्र और राज्य की सरकार किसानों के हित में सबसे ज्यादा काम कर रही है। चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के भंवर सिंह शेखावत ने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में किसान सबसे ज्यादा परेशान है। भावांतर योजना भ्रमित करने की योजना बन कर रह गई है। यह किसानों के साथ धोखा के सिवाय कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार घोषणा करने के बावजूद किसानों का मक्का एमएसपी पर नहीं खरीद रही है। किसानों को फसलों के नुकसान का मुआवजा नहीं मिला और वह खाद, बीज और बिजली को लेकर परेशान है। शेखावत ने कहा कि फसल बीमा की राशि देने में किसानों के साथ मजाक किया जा रहा है। सौ से तीन सौ तक की बीमा राशि दी जा रही है और बीमा कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव न करा कर सहकारिता की अंत्येष्टि की जा रही है।

सत्तापक्ष की ओर से रामेश्वर शर्मा ने शेखावत की इस बात से सहमति जताई कि बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी मौके पर जाना चाहिए और किसानों को फसल बीमा की पूरी राशि मिलना चाहिए। उन्होंने कृषि और राजस्व मंत्री से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया। शर्मा ने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों के हित में जितने निर्णय लिए हैं, इससे पहले कभी नहीं लिए गए। उन्होंने कहा कि कई बार बारिश की वजह से दागदार हुई उपज को खरीदने से इंकार कर दिया जाता है। शर्मा ने कहा कि किसानों की पूरी उपज खरीदी जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों को बारिश तथा अन्य आपदाओं से नुकसान पर तत्काल राहत प्रदान की जाना चाहिए।




वरिष्ठ पत्रकार देव श्रीमाली की पुस्तक का विमोचन करते विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सीएम डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेशध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल व अन्य।

### वरिष्ठ पत्रकार देवश्री माली की पुस्तक का विमोचन

**भोपाल।** विधानसभा प्रांगण में विधानसभा अध्यक्ष तोमर एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक देव श्रीमाली की लिखित पुस्तक चंबल संस्कृति एवं विरासत का सोमवार को विमोचन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, पूर्व विधायक रामनिवास रावत, भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ. आशीष अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## पंडित विजय शास्त्री सम्मानित



**नरवाना।** नक्षत्र भविष्य दर्पण ट्रस्ट नरवाना ने द्वितीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष एवं वास्तु महासम्मेलन का आयोजन किया। इस मौके पर अंबाला के पंडित विजय शास्त्री को ज्योतिष रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान अपने लगन एवं अथक परिश्रम से अर्जित ज्योतिष ज्ञान के प्रकाश को फैलाने के लिए दिया गया है। पंडित विजय शास्त्री निष्ठापूर्वक जन मानस की सेवा में सराहनीय योगदान दे रहे हैं। यह सम्मेलन भारत के सबसे बड़े सम्मेलनों में शुमार है।

## असामाजिक तत्वों ने कार में लगाई आग, पूरी तरह खाक

**बालोद।** शहर में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहाँ असामाजिक तत्वों ने रात के अंधेरे में हमर राज पार्टी के जिला अध्यक्ष की खड़ी ब्रेजा कार में आग लगा दी। यह घटना बुढ़ापारा वार्ड में रात करीब नौ बजे हुई, जिसमें कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। इस आपराधिक कृत्य ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है और पुलिस प्रशासन ने तत्काल जांच शुरू कर दी है। हमर राज पार्टी के जिला अध्यक्ष अपनी ब्रेजा कार को बुढ़ापारा वार्ड में खड़ी करके गए थे। इसी दौरान, असामाजिक तत्वों ने कार को निशाना बनाया और उसमें आग लगा दी। आग इतनी भीषण थी कि कार कुछ ही देर में पूरी तरह से जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। कार के मालिक ने बालोद थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। बालोद थाना क्षेत्र की यह गंभीर आपराधिक घटना है, जिसे पुलिस ने अत्यंत गंभीरता से लिया है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला | जिला फरीदाबाद में जीजीएसएसएस ओल्ड फरीदाबाद में नये स्कूल भवन का निर्माण, सी.एम. घोषणा (पहली बार आमंत्रण) समय सीमा 18 माह + 2 कार्य। | 01.12.2025 12.12.2025 | रु.812.15 लाख | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40816/1/88/7 दि. 02.12.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | जिला यमुनानगर में खाननवाला से नगली रोड में सम्पर्क सड़क पर सोम नदी के 3.5 मी. प्रत्येक ओवरक्रीक 12 स्पैन मौजूदा एचएल ब्रिज हेतु सुरक्षा कार्य हेतु डीएनआईटी। | 29.11.2025 08.12.2025 | 127.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | डीएच सिरसा के परिसर और मेन भवन का सौन्दर्यीकरण (पीडीजी.ई.आई. आंतरिक केवल) + 1 कार्य। | 28.11.2025 08.12.2025 | 28.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | सिविल हॉस्पीटल सिरसा के परिसर में 11 केवी हॉट लाइन फीडर का प्रावधान (पीडीजी.एल.टी. वितरण पैनल) + 1 कार्य। | 01.12.2025 08.12.2025 | 9.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज फतेहाबाद | भुथान खुर्द = गांव भुथान खुर्द खण्ड भुना में ओपन जिम की स्थापना, वीएएनजीवाई + 1 कार्य। | 01.12.2025 09.12.2025 | 14.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज नारनौल | रामपुरा खण्ड अटेली नांगल में ग्राम सचिवालय का निर्माण + 1 कार्य। | 28.11.2025 05.12.2025 | 107.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्षों की वारंटी सहित 90 वॉट स्ट्रीट लाइट्स। | 03.12.2025 17.12.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 2 वर्ष के दर अनुबंध पर प्रीकास्ट रिएनफोर्स्ड कंक्रीट पाइप (आरसीसी पाइप्स) आईएस : 1458-2003 की पुष्टि करते हुए, बेस प्लेट मोनोलिथिक, स्टील वैल्डेड विद दि रिइनफोर्समेंट (इनसाइन इनबिल्ट स्टील स्टेप्स)। | 03.12.2025 01.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | फिल्टर मैटीरियल (80 मिमी) की खरीद हेतु 2 वर्ष की दर अनुबंध का प्रबंधन। | 03.12.2025 01.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | नाइलॉन सोक्स (294 मिमी, 200 मिमी और 160 मिमी) की खरीद हेतु 2 वर्षों के दर अनुबंध का प्रबंधन। | 03.12.2025 01.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | दो वर्षों की दर अनुबंध हेतु परफोरेटेड कारोगेटेड पीवीसी पाइप फिटिंग आईएस-9271 : 2004 जल इनलेट एरिया सहित 15-80 सीएम टू/एम 80 मिमी ओडी 160 मिमी ओडी 200 मिमी ओडी 294 मिमी ओडी का साइज। | 03.12.2025 01.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | रबी सीजन 2025-26 से पूर्व आरडी 0 से 43050 तक टेल माइनर की आंतरिक सफाई + 6 कार्य। | 28.11.2025 05.12.2025 | 8.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2255291 knldivn335@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/220/40812/I/88/7 दि. 02.12.25

## चिंतन

# अब सत्ता से सेवा की ओर सरकार

केंद्र सरकार ने पिछले एक दशक में कई बदलाव कर बड़े संदेश दिए हैं। इस बार राज्यों की राजधानियों में राज भवनों के नाम बदले जा रहे हैं। अब इन्हें राज भवन के स्थान पर 'लोक भवन' के नाम से जाना जाएगा। उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, केरल, तमिलनाडु समेत कई राज्यों ने यह बदलाव कर दिया है। कई राज्यपालों ने तो खुद ही सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। वहीं, केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर 'सेवा तीर्थ' कर दिया है। इसके अलावा, केंद्रीय सचिवालय को 'कर्तव्य भवन' के नाम से जाना जाएगा। इन नाम बदलने के पीछे सरकार की एक बड़ी सोच छिपी है। ऐसे बदलाव साफ संदेश देते हैं कि सत्ता पद केवल लाभ उठाने के लिए नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी है। ये नाम बदलाव बस दिखावे के लिए नहीं, बल्कि संदेश देते हैं कि सरकार की सोच में बड़ा बदलाव आया है। यह दर्शाता है कि सरकार जनता की सेवा करने वाली है, न कि सिर्फ सत्ता चलाने वाली। अब यह बदलाव केवल पीएमओ, राज भवनों का नाम बदलने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रदर्शन पहले भी कई अवसरों पर दिखाई दे चुका है। इससे पहले राजपथ का नाम बदलकर 'कर्तव्य पथ' किया गया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी 'रेस कोर्स रोड' कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर 'लोक कल्याण मार्ग' किया गया था। अब पीएमओ के अफसरों ने कहा कि 'सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सरकार सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रही है। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक हैं।' बता दें कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में कहा था कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब 'लोक भवन' और 'लोक निवास' के नाम से जाना जाएगा। वहीं, अब पीएम नरेंद्र मोदी का दफ्तर (पीएमओ) भी 78 साल पुराने साउथ ब्लॉक से निकलकर 'सेवा तीर्थ' नाम वाले नए एडवांस कैंपस में शिफ्ट होने जा रहा है। यह बदलाव सेंट्रल विस्टा री डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का बड़ा हिस्सा है। अब पीएमओ सेवा तीर्थ-1 से काम करेगा, सेवा तीर्थ-2 में कैबिनेट सचिवालय होंगे, जबकि सेवा तीर्थ-3 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) का दफ्तर होगा। इन बदलावों के पीछे पीएम मोदी की सोच है जो जन सेवा के लिए उनके दीर्घकालिक दृष्टिकोण को परिलक्षित करती है। पिछले एक दशक में कई मौकों पर इसका परिचय मिला है। शुरुआत खुद ही प्रधानमंत्री आवास के पते से हुई थी, जब दशकों से चले आ रहे पते को बदला गया था। पहले प्रधानमंत्री का सरकारी आवास सात रेसकोर्स रोड के नाम से जाना जाता था, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 2016 में इसका नाम बदल कर लोक कल्याण मार्ग किया गया। इसके पीछे जनता की सेवा और कल्याण का उद्देश्य है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सरकारी कार्यस्थलों और सार्वजनिक स्थलों के नामकरण से कर्तव्य और पारदर्शिता की भावना प्रकट होती है। इसके पीछे का संदेश यही है कि सरकार का काम है जनता की सेवा करना, न कि सिर्फ सत्ता का सुख भोगना।

# सुरक्षा कवच या निजता पर निगरानी



संचार साथी

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

इस बार संसद में पक्ष और विपक्ष के बीच जारी चर्चा का केंद्र-बिंदु बना है हमारा मोबाइल फोन। दरअसल, संसद के वर्तमान सत्र में सरकार द्वारा 'संचार साथी' एप को देश के हर स्मार्टफोन में अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव एक ऐसे विमर्श को जन्म दे रहा है, जो आधुनिक भारत में तकनीक और नागरिक अधिकारों के बीच के संवेदनशील द्वंद्व का कारण बन गया है। पर यह भी ध्यान में रखना आवश्यक है कि संचार साथी का यह विमर्श केवल एक एप का विवाद नहीं, बल्कि भारत के उस भविष्य की रूपरेखा है जहां हमें तय करना है कि हम तकनीक के साथ कितनी आजादी, कितनी सुरक्षा और कितनी निजता के साथ जीना चाहते हैं।

देश की सबसे बड़ी पंचायत यानी संसद भवन के गलियारों में आज जो कोलाहल गूंज रहा है, उसका सरोकार किसी सरहद के तनाव या सियासी बिसात से नहीं, बल्कि उस धड़कन से है जो हमारी जेब में धड़कती है। इस बार संसद में पक्ष और विपक्ष के बीच जारी चर्चा का केंद्र-बिंदु बना है हमारा मोबाइल फोन। दरअसल, संसद के वर्तमान सत्र में सरकार द्वारा 'संचार साथी' एप को देश के हर स्मार्टफोन में अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव एक ऐसे विमर्श को जन्म दे रहा है, जो आधुनिक भारत में तकनीक और नागरिक अधिकारों के बीच के संवेदनशील द्वंद्व का कारण बन गया है। यह मुद्दा महज एक एप्लीकेशन को डाउनलोड करने का नहीं, बल्कि उस लक्ष्मण रेखा का है जो राज्य की शक्ति और नागरिक की निजता के बीच खिंची होनी चाहिए। इस डिजिटल युग में, जहां डेटा ही नया ईंधन है, हमारा स्मार्टफोन वह तिजोरी बन गया है जिसमें हम अपने जीवन के सबसे निजी पन्ने, अपनी आर्थिक कुंजी और अपनी पहचान सहेजकर रखते हैं।

विडंबना यह है कि आज यही तिजोरी सबसे अधिक असुरक्षित है। जामताड़ा के बीहड़ों से लेकर मेवात की गलियों तक, और अब देश के सुदूर कोनों से संचालित साइबर अपराधों ने आम आदमी के जीवन को एक अनजाने भय से भर दिया है। सुरक्षा एजेंसियां जब तक घटित हुए अपराध निदान निकालती हैं, तब तक अपराधी नए रास्ते खोज लेते हैं। इसी पृष्ठभूमि में सरकार 'संचार साथी' को एक 'केंद्रीयकृत डिजिटल प्रहरी' के रूप में प्रस्तुत करना चाहती है। इसे एक ऐसी व्यवस्था माना जा रहा है जो अपराध के घटित होने की प्रतीक्षा नहीं करती, बल्कि उसे अंकुरित होने से पहले ही कुचल देने का दावा करती है। इस ऐप की कार्यप्रणाली को समझना किसी विज्ञान-गल्प कथा के सच होने जैसा है। सरकारी दावों के अनुसार, यह ऐप 'एस्त्र' नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रणाली से संचालित होगा। यह तकनीक किसी जादुई आईने की तरह काम करेगी, जो सेकंडों में पहचान लेगी कि कहीं किसी अपराधी ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे सिम तो नहीं लिया है। यदि कोई व्यक्ति चेहरे बदलकर या नाम बदलकर ठगी का जाल बुनता है, तो 'एस्त्र' उसके चेहरे का मिलान डेटाबेस से करते ही उन सभी नंबरों को तत्काल ब्लॉक कर देगा। यह प्रक्रिया इतनी त्वरित होगी कि अपराधी को संभलने का अवसर ही नहीं मिलेगा। मोबाइल चोरी, जो एक आम समस्या बन चुकी है, उसके लिए प्रस्तावित 'किल स्विच' भी एक क्रांतिकारी कदम बताया जा रहा है।

अब तक अपराधी आईएमईआई नंबर बदलकर फोन बेच देते थे, लेकिन इस नई व्यवस्था में फोन के हार्डवेयर हस्ताक्षर को सीधे नेटवर्क से जोड़ दिया जाएगा। छेड़छाड़ का तनिक भी संकेत मिलते ही फोन हार्डवेयर स्तर पर लॉक हो जाएगा और वह महंगा उपकरण महज कांच और प्लास्टिक के एक बेजान टुकड़े में बदल जाएगा। सरकार का मानना है कि जब चोरी किए गए फोन का कोई मूल्य ही नहीं बचेगा, तो चोरी की घटनाएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी।

कल्पना कीजिए एक ऐसे अभेद्य सुरक्षा चक्र की, जहां हर कॉल सत्यापित हो, जहां 'घोस्ट सिम' का अस्तित्व न हो और जहां हम फर्जी संदेशों के जाल में फंसने से बचे रहें। निस्संदेह, एक सुरक्षित डिजिटल




भारत की यह तस्वीर अत्यंत मोहक है। किंतु, सुरक्षा के इस सुनहरे आवरण के पीछे निजता का एक घना और गहरा साया भी मंडरा रहा है और यही वह बिंदु है जिसने संसद से लेकर सड़क तक चिंता की लकीरें खींच दी हैं। एक अनिवार्य सरकारी ऐप, जो दिन-रात हमारे फोन में जागता रहे और हमारी गतिविधियों पर दृष्टि रखे, राज्य को एक असाधारण और असीमित शक्ति प्रदान करता है। कॉल लॉग्स, संदेश और लोकेशन- इन तक पहुंच की अनुमति भले ही सुरक्षा के नाम पर ली जाए, लेकिन इतिहास गवाह है कि निगरानी की शक्ति का दुरुपयोग अकसर राजनीतिक विरोधियों, पत्रकारों और असहमत स्वरों को दबाने के लिए किया जाता रहा है।

क्या हम एक ऐसे निगरानी घर (पेनोप्टिकॉन) का निर्माण तो नहीं कर रहे, जहां नागरिक हर पल संदेह के घेरे में होगा? इसके साथ ही, डेटा सुरक्षा का प्रश्न मुंह बाए खड़ा है। यदि सौ करोड़ से अधिक भारतीयों का रियल-टाइम डेटा एक केंद्रीय सर्वर पर एकत्र होता है, तो वह दुनिया का सबसे विशाल और संवेदनशील डेटाबेस होगा जो हैकर्स के लिए किसी 'सोने की खान' से कम नहीं होगा। आधार लीक और सरकारी पोर्टलों पर हुए पिछले हमलों ने यह सिद्ध किया है कि सरकारी साइबर सुरक्षा अभेद्य नहीं है। ऐसे में एक भी सेंध का अर्थ होगा - समूचे राष्ट्र की निजता का पतन। यह तकनीकी भाषा में 'विफलता का एकल बिंदु' (सिंगल पॉइंट ऑफ फेलियर) है, जो अत्यंत जोखिम भरा है। व्यावहारिक धरातल पर भी चुनौतियां कम नहीं हैं। भारत की एक बड़ी आबादी आज भी सीमित क्षमता वाले सस्ते स्मार्टफोन पर निर्भर है। क्या एक साधारण ग्रामीण का फोन इस 'हाई-टेक' पहरेदार का बोझ उठा पाएगा? परंतु, इन सबसे ऊपर एक दार्शनिक प्रश्न गूंज रहा है- लोकतंत्र 'विश्वास' के अनुबंध पर चलता है या 'संदेह' की बुनियाद पर? राज्य का दायित्व नागरिकों को सुरक्षा देना है, उनकी सांसों की गिनती रखना नहीं। सरकार का यह तर्क कि 'चूंकि आप अपनी सुरक्षा करने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए हमें आपके घर (फोन) के भीतर आकर पहरा देना होगा,' आपातकाल में तो स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन सामान्य जनजीवन में यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मूल भावना पर प्रहार अनुभव हो रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने निजता को मौलिक अधिकार माना है, ऐसे में किसी एप को 'अनिवार्य' बनाना संवैधानिक कसौटी पर कितना खरा उतरेगा, यह देखना शेष है।

संचार साथी पर जारी इस मंथन ने हमें दोराहे पर खड़ा कर दिया है। एक रास्ता पूर्ण सुरक्षा का है, जहां अपराध के लिए कोई जगह नहीं होगी और दूसरा रास्ता निगरानी का है, जहां स्वतंत्रता के लिए कोई जगह नहीं। समाज किस दिशा में जाएगा, यह तकनीक नहीं, बल्कि उसकी नियत तय करेगी। यदि सरकार वास्तव में नागरिकों की हितैषी है, तो उसे पारदर्शिता का मार्ग चुनना होगा। एप को 'ओपन सोर्स' किया जाए ताकि विशेषज्ञ उसकी जांच कर सकें, डेटा सुरक्षा के कड़े कानून बनें, और सबसे महत्वपूर्ण- इसे बाध्यकारी बनाने के बजाय इसकी उपयोगिता सिद्ध करके नागरिकों को इसे स्वेच्छा से अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। सुरक्षा अनिवार्य है, किंतु स्वतंत्रता उसकी आहुति नहीं हो सकती। बेशक साइबर सुरक्षा को लेकर कोई विवाद अथवा समझौता नहीं होना चाहिए। क्योंकि वर्तमान में साइबर सुरक्षा को लेकर कदम उठाना बहुत आवश्यक हो गया है। पर यह भी ध्यान में रखना आवश्यक है कि संचार साथी का यह विमर्श केवल एक एप का विवाद नहीं, बल्कि भारत के उस भविष्य की रूपरेखा है जहां हमें तय करना है कि हम तकनीक के साथ कितनी आजादी, कितनी सुरक्षा और कितनी निजता के साथ जीना चाहते हैं।

*(लेखक शिक्षण क्षेत्र से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. रमेश ठाकुर




# दिव्यांगों के लिए लड़नी होगी सामूहिक रूप से लड़ाई

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस, विश्व भर के दिव्यांगजनों को सम्मान देने और उनके वैश्विक स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित माना जाता है। शुरुआत 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। आज 33वां संस्करण समूचे संसार में मनाया जा रहा है। हर साल 3 दिसंबर को विभिन्न वैश्विक और स्थानीय संगठन, समाज के हर स्तर पर विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए एक मंच पर जुटते हैं। भारत सरकार द्वारा अक्षमों को दिव्यांग कहा जाता है। उनको स्वावलंबी बनाने के लिए तमाम तरह की कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। साथ ही प्रत्येक सरकारी विभाग में उनके लिए आरक्षित सीटों का प्रावधान भी केंद्र सरकार की ओर से सुनिश्चित किया हुआ है। वर्तमान में दिव्यांग दिवस का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। यह न केवल दिव्यांग व्यक्तियों के योगदान को मान्यता देने का अवसर है, बल्कि समाज और सरकार को उनकी समस्याओं, जरूरतों और अधिकारों के प्रति सजग करने का भी माध्यम है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और दिव्यांग अधिकार अधिनियम जैसे कानून दिव्यांग व्यक्तियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में बराबरी सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। इतिहास में, दिव्यांग व्यक्ति अक्सर शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में समान अवसरों से वंचित रहे हैं। इसके मद्देनजर, अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का महत्व केवल जागरूकता फैलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नीतिगत बदलावों और कानूनों को लागू करने की दिशा में भी एक प्रेरक शक्ति बन गया है। भारत में कई राष्ट्रीयकृत बैंक और वित्तीय संस्थान विकलांग व्यक्तियों को ऋण देते हैं। ये ऋण मुख्य रूप से राष्ट्रीय विकलांग वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के तहत दिए जाते हैं और कुछ बैंकों की अपनी विशेष योजनाएं भी हैं जैसे कि बैंक ऑफ इंडिया की स्टार मित्र पर्सनल लोन योजना। भारत में करीब 45 फीसदी दिव्यांगजन लोन लेकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक हिंदुस्तान में करीब 2. 68 करोड़ दिव्यांगजनों की संख्या बताई गई थी जिनमें 1.50 करोड़ पुरुष और 1.18 करोड़ महिलाएं थीं। इनमें अधिकांश करीब एक तिहाई आबादी गांवों में बताई गई। गनीमत ये रही कि सफल 'पल्स पोलियो अभियान' के बाद दिव्यांगों की संख्या एकदम रुक गई। बीते दो दशकों में भारत में सिंगल केस भी सामने नहीं आया। इसे हुकूमत की बड़ी सफलताओं में गिना जाना चाहिए। वर्ष 2016 से भारत में अक्षम लोगों को नया नाम दिया गया था दिव्यांग। दिव्यांग दिवस अक्षमों विकलांग के अधिकारों और उनके कल्याण को बढ़ावा देने के अलावा उनके राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभावों के विषय में जागरूकता बढ़ाता है। 1976 में हुई संयुक्त राष्ट्र की आम सभा ने मिलकर विकलांगजनों के लिए आज का खास दिन मुकर्रर किया था। 2016 में भारत के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने विकलांग शब्द को हटाकर उसकी जगह दिव्यांग कहना प्रचलित करवाया था। तभी से बोलचाल की भाषा में अक्षमों को दिव्यांग कहना शुरू किया गया। वह इसलिए कि इस शब्द में सम्मान का भाव झलकता है। विश्व की बात करें तो विकलांगों की संख्या मामले में लातविया अभी भी अव्वल पायदान पर काबिज है, 41.2 आबादी दिव्यांगों की वहां वास करती है। वहीं, दूसरे स्थान फिनलैंड हैं जहां 34.9 दिव्यांग रहते हैं। आज का दिन दिव्यांगों के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा समाज में समावेशिता और भेदभाव समाप्त करने की ललक भी पैदा करता है। देश हो, चाहे विदेश, सरकार केंद्र की हो या राज्यों की, सभी को सामूहिक रूप से दिव्यांगों के प्रति लाचारी नहीं, बल्कि उनके मुकम्मल हकों के लिए लड़ना चाहिए। अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ईराक जैसे मुल्कों में दिव्यांगों के हालात अभी भी बदतर हैं, इसलिए दिव्यांगों के लिए अभी और समावेशी लड़ाई लड़ने की जरूरत है। हालांकि, सरकारी सुविधाओं के मिलने के बाद भारत के ज्यादातर दिव्यांगजन साहस, संकल्प के बूते सफलता के नए आयाम गढ़ रहे हैं। खेलों के विभिन्न मंचों पर पैराओलंपिक खिलाड़ी वैश्विक स्तर पर स्वर्ण अक्षरों में नया इतिहास लिख रहे हैं। प्रसिद्ध दिव्यांग व्यक्तियों में वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग और अल्बर्ट आइंस्टीन, पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट, और भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी इरा सिंघल की कहानी दूसरे दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करती है। इन्होंने अपनी विकलांगताओं पर विजय प्राप्त कर अपने-अपने क्षेत्रों में असाधारण सफलता प्राप्त करके दूसरों को संबल दिया है।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित

## दर्शन

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

# ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित

## प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्या मजबूत विपक्ष जरूरी नहीं

संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है और इसमें भी हंगामे और हो-हल्ला होने के चांस हैं, लेकिन संसद में हो हल्ला न हो ऐसे कैसे हो सकता है? क्या विपक्ष सरकार की तानाशाही नीतियों का विरोध नहीं करे? सरकार कोई ऐसा बिल संसद के किसी सत्र में पास करने की कोशिश करे जो आमजन के लिए लाभदायक कम और हानिकारक ज्यादा हो, उसका विरोध विपक्ष न करे? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब नोटबंदी का फैसला लिया था, तब वो कितने दिन संसद ही नहीं गए थे। शायद उनके पास इस फैसले से संबंधित विपक्ष के प्रश्नों के जवाब नहीं थे। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। नहीं तो संसद में सत्ताधारी पार्टी कोई भी मनमाना कानून पास कर देगी।

*- शरद काले, जगदलपुर*

## ट्रेंड

### हार्दिक संवेदना व्यक्त



राष्ट्रपति दिसानायके से बात कर चक्रवात दित्वा से हुई दुखद जनहानि और व्यापक तबाही पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की। एक घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र के रूप में, भारत इस कठिन घड़ी में श्रीलंका और उसके लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### वनभूमि कब्जामुक्त होगी



असम की वनभूमि पर जितने भी अवैध रूप से कब्जा जमाए बैठे लोग हैं, उन्हें हटाने के लिए हमारी सरकार कड़ी कार्रवाई करती रहेगी। यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक वनभूमि अवैध कब्जाधारियों से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाती।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**


### एसआईआर पर चर्चा



आज हमने नियम 267 के तहत जो नोटिस दिया है, सदन में उसका उद्देश्य बताया जाना चाहिए। ये परंपरा रही है। हमारी अपील है कि एसआईआर पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए। ये बहुत ही गंभीर मुद्दा है, क्योंकि देश में बीएलओज की जान जा रही है। हम इस मुद्दे पर चर्चा करने को तैयार हैं।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेसाध्यक्ष**

### उद्यमियों से प्रार्थना



सपने आप अकेले पूरे नहीं करते। जिस समाज ने हमें खड़ा किया, उसे कुछ लौटाना हमारी ज़िम्मेदारी है। यही मेरी सारे उद्यमियों से भी प्रार्थना है। आगे बढ़ रहे हो? बहुत अच्छा। अपने साथ लोगों को भी बढ़ाते चलो। यही असली विकास है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**


## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# ट्रंप के हृदय और पेट का एमआरआई सामान्य



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चिकित्सक ने कहा कि राष्ट्रपति का अक्टूबर में एहतियात के तौर हृदय और पेट का एमआरआई स्कैन कराया गया था जिसके परिणाम 'पूरी तरह सामान्य' पाए गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस द्वारा चिकित्सक की ओर से जारी एक मेमो में यह जानकारी दी गयी है। डॉ. शॉन बारबाबेला ने सोमवार को एक बयान में कहा कि ट्रंप की शारीरिक जांच में 'एडवांस्ड इमेजिंग' शामिल थी, जो कि ट्रंप की आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए 'मानक शारीरिक परीक्षण' का हिस्सा है। डॉ बारबाबेला ने निष्कर्ष निकाला कि हृदय और पेट की इमेजिंग 'एकदम सामान्य' है। चिकित्सक ने लिखा, 'यह जांच निवारक तौर पर की गयी है ताकि समस्याओं की जल्द पहचान की जा सके, पूरी स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाया जा सके और उनकी दीर्घकालिक जीवन शक्ति तथा कार्यप्रणाली बनी रहे।' ट्रंप द्वारा रविवार को स्कैन के परिणाम जारी करने की घोषणा के बाद व्हाइट हाउस ने बारबाबेला का ज्ञापन जारी किया। इससे पहले व्हाइट हाउस ने यह बताने से इनकार कर दिया था कि अक्टूबर में वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में हुए इस शारीरिक परीक्षण के दौरान एमआरआई क्यों किया गया था।

## ऑफ बीट

# ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?



ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था – या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है। एक सदी पहले जब आइंस्टीन ने सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत विकसित किया, तो उन्हें एहसास हुआ कि उनके समीकरणों से पता चलता है कि ब्रह्मांड को या तो विस्तारित होना चाहिए या सिकुड़ना चाहिए।

# संसद का शीतकालीन सत्र दूसरे दिन भी रहा बाधित

# वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में लोकसभा में 8 को होगी इस पर चर्चा, प्रधानमंत्री मोदी बहस की करेंगे शुरुआत




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र में वंदे मातरम पर चर्चा सोमवार 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से की जाएगी। शीतकालीन सत्र में वंदे मातरम पर 10 घंटे की चर्चा होगी, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। यानी चर्चा के लिए 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है और प्रधानमंत्री मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। एक वरिष्ठ सांसद ने इस संबंध में बताया कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विस्तृत और विशेष चर्चा होगी।

यह चर्चा संसद के शीतकालीन सत्र का एक प्रमुख आकर्षण होने की उम्मीद है। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम की भूमिका और समकालीन भारत में इसकी प्रासंगिकता पर चर्चा का अवसर प्रदान करेगी। इसके साथ ही चुनाव सुधारों पर 9-10 दिसंबर को चर्चा होगी, जिसका जवाब केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल देंगे।

## 10 घंटे चर्चा का समय किया गया निर्धारित

**भारत की सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई देगी**

**इसकी प्रासंगिकता पर माननीय रखेंगे अपने विचार**



संसदीय मंत्री किरेन रिरिजू



भाजपा आईटी सेल के मालवीय

### वंदे मातरम कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं: रिजिजू

किरेन रिजिजू ने सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि वंदे मातरम बहुत जरूरी है। हमारी आजादी की लड़ाई में हमने वंदे मातरम का नारा लगाकर अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। बंकिम चंद्र चटर्जी को वंदे मातरम लिखे 150 साल हो गए हैं। पूरा देश इस पर यकीन करता है। यह कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। 150 साल हुए हैं, अगर हमें इस पर बात करनी भी पड़ी, तो मैं इसे सभी पार्टियों के सामने रखूंगा। मैं इसे बीएसी में उठाऊंगा। मैं यहां एजेंडा घोषित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि पूरे देश में वंदे मातरम को सम्मान मिलता है और हम सभी पार्टियों के साथ मिलकर इस पर चर्चा चाहते हैं।

**वंदे मातरम पहली बार 7 नवंबर 1875 को बंगदर्शन में हुआ था प्रकाशित**

बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम' पहली बार 7 नवंबर, 1875 को साहित्यिक पत्रिका 'बंगदर्शन' में प्रकाशित हुआ था। चटर्जी ने इसे अमर उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया, जो 1882 में प्रकाशित हुआ। इसे रवींद्रनाथ टैगोर ने संगीतबद्ध किया था। यह राष्ट्र की सभ्यतागत, राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग बन गया है। प्रधानमंत्री ने 7 नवंबर को 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 1 वर्ष तक चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया था।

### राजनीतिक नौटंकी कर रही टीएमसी कांग्रेसः मालवीय

एक दिन पहले भाजपा नेता अमित मालवीय ने कांग्रेस और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि संसद में जारी हालिया निर्देश को लेकर दोनों दल जिस तरह आपत्ति जता रहे हैं, वह पूरी तरह 'राजनीतिक नौटंकी' है, जबकि यह नियम दशकों से लागू है और किसी सरकार की तरफ से नहीं, बल्कि लोकसभा और राज्यसभा के पीठासीन अधिकारी की तरफ से बनाया गया था। दोनों दलों के बीच वार-पलटवार के बीच अब संसद सत्र में उनकी रणनीति ही राज्य के विधानसभा चुनाव की नींव तैयार करती दिखेगी।

## संसद में नेताओं ने कहा

### विपक्षी दलों की स्थिति बीमार की तरह हो गईः तिवारी



एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के विरोध पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि वे सदन नहीं चलने दे रहे हैं, हंगामा कर रहे हैं। उनका रवैया देश में ज़रा सा भी काम नहीं होने दे रहा है और जनता यह देख रही है। विपक्ष की स्थिति बीमार की तरह हो गई है।

### कोई शिकायत नहीं कि वोट काटे गए सहरावत बोली



एसआईआर पर विपक्ष के हंगामे पर भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत ने कहा कि पिछली बार भी उन्होंने सर के मुद्दे पर सदन नहीं चलने दिया था। हमने देखा कि किसी ने भी यह शिकायत नहीं की कि उनका वोट काटा गया, चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुए और वोट भाजपा के पक्ष में आए। विपक्ष फिर से सर पर हंगामा कर रहा है।

### एसआईआर के जरिए 'वोट चोरी' को अंजाम दे रही सरकार: प्रियंका



प्रियंका गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार और चुनाव आयोग मिलकर एसआई के जरिये 'वोट चोरी' को अंजाम दे रहे हैं। यह हमारे करोड़ों दलित, पिछड़े, आदिवासी और वंचित भाई-बहनों से वोट का अधिकार छीनने का संगठित प्रयास है। चुनाव आयोग किसी सवाल का जवाब नहीं दे रहा है और सरकार खुलकर आयोग का बचाव कर रही है।

### विपक्षी नेताओं को मुद्दे उठाने का समय : हरसिमरत



शिरोमणि अकाली दलकी सांसद हरसिमरत कौर बादल का कहना है कि पिछले 10 सालों में सदन का न चलना एक आम बात हो गई है। अगर आप रिकॉर्ड देखें, तो सदन की बैठकों की संख्या कम हो गई है। हम जैसे लोग अपने निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर यहां आने का क्या मतलब समझते हैं। हम तभी आएंगे जब सदन चलेगा। विपक्षी नेताओं को अपने मुद्दे उठाने का समय दिया जाना चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश ▶ केरल एसआईआर की तारीख बढ़ाने पर चुनाव आयोग दो दिन में ले फैसला

केरल में स्थानीय निकाय चुनावों के बीच सर के लिए गणना फॉर्म भरने की तारीख को एक सप्ताह और बढ़ाने की मांग का मामला मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग से इस मामले पर विचार करने को कहा है। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि सर के कार्य में सरकारी मशीनरी को कोई समस्या नहीं है, लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को समस्या आ रही है, क्योंकि वे स्थानीय चुनावों में व्यस्त हैं। कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा है कि क्या गणना फॉर्म भरने की तारीख को एक हफ्ते के लिए और बढ़ाया जा सकता है?

### 25,000 स्टाफ केवल एसआईआर के लिए

चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि एसआईआर के लिए पूरी तरह अलग स्टाफ है और चुनाव के लिए स्टाफ अलग हैं। आयोग ने बताया कि 25000 स्टाफ केवल सर के लिए मिले हैं। आयोग ने कोर्ट को यह भी बताया कि गणना फॉर्म भरने की मूल अंतिम तिथि 4 दिसंबर थी, जिसे पहले ही बढ़ाकर 11 दिसंबर कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने केरल की राजनीतिक पार्टियों को निर्देश दिया है कि वे अपनी मांग से संबंधित आवेदन जल्द चुनाव आयोग को दें और चुनाव आयोग दो दिनों के भीतर इन मांगों पर फैसला ले।

## खबर संक्षेप

### प्रेम कुमार बने बिहार विधानसभा अध्यक्ष



**पटना।** 18वीं विधानसभा के अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता प्रेम कुमार चुन लिए गए। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया। वह नवीं बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। उन्होंने बताया था कि इस पद को लेकर जनता दल यूनाईटेड और भाजपाके अंदर कोई गतिरोध नहीं है। सोमवार को प्रोटेम स्पीकर के सामने शपथ ली थी।

### बस में आग से 3 जिंदगियां हो गईं स्वाह



**बलरामपुर।** यूपी में बलरामपुर जिले की सुबह चीख-पुकार और एंबुलेंस के सायरन की आवाज के बीच हुई। यहां एक निजी बस सोनौली से यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही थी। तड़के करीब 4 बजे कोई कुछ समझ पाता, गाड़ी ने आग पकड़ ली। यात्रियों को बाहर निकाला गया। 3लोगों की सांसें मौके पर ही थम गईं। जबकि, 25 यात्री घायल हो गए।

### बीटेक छात्र ने 5वीं मंजिल से छलांग लगा दी जान



**सूरत।** देश के जाने-माने इंजीनियरिंग संस्थान सरदार वल्लभभाई नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी सूरत में 30 नवंबर की कंप्यूटर साइंस के थर्ड ईयर के छात्र अद्वैत नायर ने हॉस्टल से कूदकर जान दे दी। वह केरल का रहने वाला था। उसके माता-पिता ओमान में रहते हैं। वह भाभा भवन बॉयज हॉस्टल की एच नंबर बिल्डिंग में रहता था।

### दिल्ली पुलिस ने 'ऑपरेशन मिलाप' में 84 को मिलाया



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता और अपहृत 84 लोगों को उनके परिवारों से मिलाया। इनमें 30 बच्चे भी शामिल हैं। यह आंकड़ा नवंबर महीने का है। इसके साथ ही इस वर्ष जिला पुलिस द्वारा बचाए गए कुल लोगों की संख्या 1,201 तक पहुंच गई है, जिसमें 399 बच्चे और 882 वयस्क शामिल हैं।

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने गुजरात के सडली में किया बड़ा दावा

# सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू, सरदार पटेल के प्रस्ताव ने उन्हें रोका

**पटेल ने तुष्टिकरण की राजनीति कभी नहीं की**


"रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दावा किया कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे, लेकिन सरदार पटेल ने इसे रोक दिया। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार पटेल की एक भारत, श्रेष्ठ भारत की सोच को आगे बढ़ा रही है।"

एजेंसी ▶▶ सडली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया। गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया।राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया।

उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

**गुजरात के सडली गांव में 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में पटेल की भूमिका को बताया**



### कुछ राजनीतिक ताकतों ने पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की

रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनवाकर पटेल को वह सम्मान दिलाया जो उन्हें पहले मिलना चाहिए था। सिंह ने आरोप लगाया कि नेहरू ने खुद को भारत रत्न दिया, लेकिन पटेल को उस समय यह सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट दिखाता है कि उस समय उनकी विरासत को नजरअंदाज किया गया।

### सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया

कार्यक्रम में राजनाथ ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वे प्रधानमंत्री बने।

### कश्मीर के विलय पर पटेल की सलाह मान ली जाती तो ...

राजनाथ सिंह ने कहा कि कश्मीर के विलय पर पटेल की सलाह मान ली जाती तो कश्मीर समस्या लंबे समय तक देश के लिए बोझ नहीं बनती। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर पटेल ने कड़े कदम उठाए, जैसे हैदराबाद के विलय में किया गया सख्त निर्णय। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने भी ऑपरेशन सिंदूर में इसी मजबूत रुख का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि भारत किसी को उकसाता नहीं, लेकिन उकसाए जाने पर जवाब देना अच्छी तरह जानता है।

### एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश

सिंह ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाना आसान नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री ने यह कदम उठाकर कश्मीर को सही मायनों में भारत से जोड़ा। भारत आज दुनिया में अपनी शर्तों पर बात कर रहा है और तेजी से आर्थिक व सामरिक शक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि पटेल का सपना 'वन इंडिया, बेस्ट इंडिया' अब मजबूत रूप में साकार हो रहा है। 'यूनिटी मार्च' सरदार पटेल के 150वें जन्म वर्ष पर करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक आयोजित किया गया है।

### सवाल से ट्रेनी आईएएस हो गए हैरान

**देहरादून।** उत्तराखंड के मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 600 से अधिक आईएएस तैयार हो रहे हैं। हाल ही में एलबीएसएनएए में 100वें फाउंडेशन कोर्स का समापन समारोह हुआ। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इस दौरान ट्रेनी आइएएस को शुभकामनाएं दीं। सब सही चल रहा था, लेकिन प्रोग्राम के बीच गणित के एक सवाल कुछ देर के लिए सभी को हैरान कर दिया। रक्षा मंत्री ने मंच से कहा कि समाज के चैलेंज से निपटने में आपका बहुत बड़ा रोल है। आपको सिर्फ कानूनों और नियमों के लेटर या टेक्स्ट को ही ध्यान में रखकर काम नहीं करना है, बल्कि उनकी स्पिरिट को भी ध्यान में रखकर काम करना है।

## चुनाव से पहले ममता का रिपोर्ट कार्ड

# 14 साल के हिसाब में खेला 2 करोड़ नौकरी वाला दांव



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी चुनावी मोड में आ चुकी हैं। ममता ने मंगलवार को दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के 14 साल के शासन के दौरान राज्य में दो करोड़ से अधिक नौकरियां सृजित हुई हैं।

वर्ष 2011 से सत्ता में कायम अपनी सरकार के प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल केंद्र द्वारा धन रोके जाने से पहले मनरेगा, ग्रामीण आवास, ग्रामीण सड़क निर्माण में लगातार चार बार देश में शीर्ष पर रहा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर निशाना साधते हुए बेनर्जी ने आरोप लगाया कि उन्होंने विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में 10,000 रुपए बांटे, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद बुलडोज़र चला दिए।

### केंद्र ने नहीं किया भुगतान फिर भी कार्य नहीं रुके

बंगाल की सीएम ममता ने कहा कि केंद्र द्वारा राज्य का बकाया भुगतान नहीं किए जाने के बावजूद पश्चिम बंगाल सरकार ने अपनी विकास गतिविधियां जारी रखीं। हमने नौ करोड़ लोगों को कवर करने वाली 'खाद्य साथी' खाद्य सुरक्षा योजना पर एक लाख करोड़ रुपए और सात करोड़ लोगों के लिए 'दुआरे राशन' पर 1,717 करोड़ रुपए खर्च किए। बेनर्जी ने दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले 14 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में बजटीय आवंटन छह गुना बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल अब विभिन्न क्षेत्रों में शेष भारत के लिए एक आदर्श बन गया है।

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. मोहम्मद शाहिद** पुत्र नाज अहमद निवासी जे.3/139, किशन गंज एक्सटेंशन, थाना शकरपुर के पास, दिल्ली और **2. सहजादा निजाम** पुत्र स्व. बाबू खान निवासी ए–106, जवाहर पार्क, साहिबाबाद, (उ.प्र.) ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 236/2018 धारा 379/411 भा.द.स., थाना दरिया गंज, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. मोहम्मद शाहिद** और **2. सहजादा निजाम** मिल नहीं रहे हैं, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. मोहम्मद शाहिद** और **2. सहजादा निजाम** फरार हो गए हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। इनके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 236/2018 धारा 379/411 भा.द.स., थाना दरिया गंज, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्तों **1. मोहम्मद शाहिद** और **2. सहजादा निजाम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 12.01.2026 को हाजिर हों।

आदेशानुसारः डॉ. राज कुमार सिंह,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (केन्द्रीय),
कमरा नं. 241,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/16162/CD/2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दशमीत सिंह उर्फ नोनी** पुत्र **कंवरजीत सिंह उर्फ टोनी निवासी मकान नंबर A-2/199, तीसरी मंजिल, गौरी शंकर मंदिर के पास, जनकपुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 243/2024 U/S 420/34 IPC, अन्तर्गत तिलक नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दशमीत सिंह उर्फ नोनी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दशमीत सिंह उर्फ नोनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 243/2024 U/S 420/34 IPC, अन्तर्गत थाना तिलक नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दशमीत सिंह उर्फ नोनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.01.2026** को इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री विकास मदान
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15904/WD/2025(Court Matter)

## रोहिंग्याओं पर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

# घुसपैठियों के लिए भी रेड कार्पेट चाह रहे, अर्जी को किया खारिज

**अदालत ने पीआईएल पर तल्ख टिप्पणी की**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। दरअसल, याचिका में कुछ रोहिंग्या शरणार्थियों के लापता होने को लेकर चिंता जाहिर की गई थी और इस मामले में केंद्र को निर्देश देने की अपील की गई। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने मामले में सुनवाई को टाल दिया।

**कुछ रोहिंग्या शरणार्थियों के लापता होने को लेकर जताई थी चिंता**



### आपको नहीं मालूम- गैरकानूनी रह रहे

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में तीखी टिप्पणी करते हुए याचिकाकर्ताओं से कहा कि आप जानते हैं वे घुसपैठिए हैं। भारत के उत्तरी बॉर्डर बहुत संवेदनशील हैं। देश में क्या हो रहा है। अगर कोई यहां गैरकानूनी ढंग से आया है, तब भी आप उनके लिए रेड कार्पेट चाहते हैं। वे सुरंगों के जरिए घुसते हैं और फिर आपके खाने, निवास के अधिकारी, बच्चों की शिक्षा आदि के अधिकारी हो जाते हैं। क्या हम कानून का दायरा इस तरह खींचना चाहते हैं? ऐसे मामलों में बंदी प्रत्यक्षीकरण (हीबस कॉर्पस) जैसी मांगें करना काफी काल्पनिक बात है।

### बंगाल पुलिस का फरमान

### 72 घंटे के अंदर राज्य छोड़ो, थमाया अल्टीमेटम

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद के कई मुस्लिम युवक सालों से ओडिशा के नयागढ़ और आसपास के जिलों में कारोबार करते हैं। ये लोग वहां अपने दोपहिया वाहनों पर गांव-गांव और शहर-शहर जाकर कंबल, मच्छड़दानी और ऊनी कपड़े बेचते हैं। आपस में ये लोग बांग्ला में बात किया करते थे, यही बात वहां की पुलिस को नागवार लग गई। पुलिस ने उन्हें रोहिंग्या और बांग्लादेशी बताकर 72 घंटे के अंदर ओडिशा छोड़ने का फरमान थमाया है। उधर, ओडागांव पुलिस ने पिछले हफ्ते 4 मुस्लिम युवकों को ओडिशा छोड़ने का आदेश दिया था।

### ट्रायल में देरी हैरान करने वाला मामला

*सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली दंगे से जुड़े मुकदमे पर सुनवाई के दौरान गुलफिशा फातिमा नके वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि आरोपी लगभग छह साल जेल में बिता चुकी हैं। सिंघवी ने कहा कि ट्रायल में देरी हैरान करने वाला है। उन्होंने कहा कि ये काफी हैरान करने वाला मामला है।*

**खबर संक्षेप**




## एफडीआई 18% बढ़कर 35.18 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान 18 प्रतिशत बढ़कर 35.18 अरब डॉलर रहा। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में अमेरिका से निवेश दोगुना से अधिक बढ़कर 6.62 अरब डॉलर हो गया। पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान विदेशों से निवेश 29.79 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान, निवेश प्रवाह सालाना आधार पर 21 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 16.55 अरब डॉलर रहा।

## हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री नवंबर में 31 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि नवंबर में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 6,04,490 इकाई हो गई। दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ने पिछले साल इसी महीने 4,59,805 इकाइयों की बिक्री की थी। हीरो मोटोकॉर्प ने बयान में कहा कि पिछले महीने घरेलू बिक्री 5,70,520 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी समय में यह 4,39,777 इकाई थी। इस दौरान निर्यात बढ़कर 33,970 इकाई हो गया, जबकि पिछले साल नवंबर में यह 20,028 इकाई था।

## रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती संभवः रिपोर्ट

**कोलकाता।** मुद्रास्फीति में तेज गिरावट और मजबूत वृद्धि को देखते हुए आरबीआई अपनी आगामी दिसंबर मौद्रिक नीति समीक्षा के दौरान रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती करने की घोषणा कर सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केयरएज ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही।

# बैंक निफ्टी इंडेक्स में बड़ा फेरबदल, घोषणा होते ही यस व यूनियन बैंक शेयर चढ़े

**दोनों बैंकों को बैंक निफ्टी इंडेक्स में 31 दिसंबर 2025 को शामिल किया जाएगा**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यस बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों में 2 दिसंबर को 3 प्रतिशत तक की बढ़त देखी गई। इसका कारण है कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने 1 दिसंबर को घोषणा की कि इन दोनों बैंकों को बैंक निफ्टी इंडेक्स में 31 दिसंबर, 2025 से शामिल किया जाएगा। इस बदलाव के साथ, इस सेक्टोरल इंडेक्स में अब 12 के बजाय कुल 14 शेयर होंगे। 2 दिसंबर को एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक जैसे वित्तीय भारी-भरकम शेयर 0.8 प्रतिशत से 1.3 प्रतिशत तक गिरावट के साथ ट्रेड कर रहे थे। इसके उलट, वहीं इंडियन बैंक का शेयर भी 2.5 प्रतिशत गिरकर 865.65 रुपए प्रति शेयर पर पहुंच गया, क्योंकि बाजार में इसे बैंक निफ्टी इंडेक्स में शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही थी।

### वेटेज पर लगी सीमा

एनएसई ने यह भी कहा कि इंडेक्स के टॉप 3 स्टॉक्स का भार (वेटेज) क्रमशः 19 प्रतिशत, 14 प्रतिशत और 10 प्रतिशत तक सीमित रखा जाएगा। पहले प्रस्ताव में शीर्ष घटक का भार 20 प्रतिशत या उससे कम और शीर्ष तीन का कुल भार 45 प्रतिशत या उससे कम रखने की बात कही गई थी।




### फंडों के आवागमन पर असर

आईआईएफएल ऑल्ट डेस्क के अनुमान के मुताबिक, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक से क्रमशः 351 मिलियन डॉलर और 331 मिलियन डॉलर की निकासी हो सकती है, जो उनके औसत दैनिक कारोबार (एडीवी) का 1.9 गुना और 1.5 गुना है। वहीं, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक में क्रमशः 100 मिलियन डॉलर और 115 मिलियन डॉलर की आवक होने का अनुमान है, जो उनके एडीवी का लगभग 5 गुना और 4.9 गुना है। फेडरल बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भी ऐसे शेयर हैं जहां एडीवी से 2 गुना अधिक की आवक हो सकती है। इन बदलावों के कारण होने वाले फंड प्रवाह के समायोजन मार्च 2026 तक चार मासिक किस्तों में लागू किए जाएंगे।

### दूसरे शोध फर्म के अनुमान

नुवामा ऑल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च के अनुमानों के मुताबिक, इस संशोधन के चलते यस बैंक में 140 मिलियन डॉलर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में 109 मिलियन डॉलर की आवक हो सकती है। वहीं, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में उनके भार घटने के कारण क्रमशः 322 मिलियन डॉलर और 348 मिलियन डॉलर की निकासी हो सकती है।

वित्त मंत्री 18वीं 'ग्लोबल फोरम प्लेनरी' की बैठक में बोली

# डिजिटलीकरण, कर सूचना की चुनौतियों से निपटने समन्वित कार्रवाई जरूरी : सीतारमण


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण और क्रिप्टो एवं स्टेबलकॉइन जैसे नए वित्तीय उत्पादों के उद्भव से उत्पन्न नई चुनौतियों से निपटने की समन्वित कार्रवाई के लिए मंगलवार को वैश्विक सहयोग का आह्वान किया और देशों के बीच सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान सुनिश्चित करने पर बल दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यहां 18वीं 'ग्लोबल फोरम प्लेनरी' बैठक का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के बीच कर सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे प्रौद्योगिकी उपकरणों का उपयोग किया जाना चाहिए जिससे मापनीय परिणाम हासिल होंगे।

- क्रिप्टो एवं स्टेबलकॉइन जैसे नए वित्तीय उत्पादों से मिल रही नई चुनौतियां

### साइबर सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत

सीतारमण ने कहा, "भविष्य में नई चुनौतियां सामने खड़ी हैं जिन पर मिलकर ध्यान देने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण, नए वित्तीय उत्पादों के उद्भव एवं लाभकारी स्वामित्व की उभरती संरचनाओं के लिए विभिन्न न्याय-क्षेत्रों के बीच निरंतर सहयोग की जरूरत है। गोपनीयता एवं साइबर सुरक्षा पर भी काफी ध्यान देने की जरूरत है।"



### देश चुनौतियों का अकेले समाधान नहीं कर सकता

वित्त मंत्री ने कहा कि कोई भी देश इन चुनौतियों का अकेले समाधान नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, " इन चुनौतियों के लिए समन्वय, विश्वास और प्रासंगिक सूचनाओं का समय पर आदान-प्रदान आवश्यक है।" इस मौके पर राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि देशों को मजबूत डेटा गोपनीयता प्रणाली सुनिश्चित करने की दिशा में काम करने की जरूरत है।

### कई चुनौतियों को अनुकूल बनाना होगा

इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत साझा की गई जानकारी का प्रभावी ढंग से उपयोग भी सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों को डिजिटल अर्थव्यवस्था कराधान और 'क्रिप्टो संपत्ति सूचना ढांचा' सहित नई चुनौतियों के अनुकूल बनाना होगा। इसके लिए प्रौद्योगिकी नवाचार एवं समन्वित कार्रवाई दोनों की जरूरत होगी।

### ग्लोबल फोरम एक बहुपक्षीय ढांचा

श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले कुछ वर्ष में वैश्विक मंच ने वैश्विक कर परिदृश्य में बैंकिंग गोपनीयता एवं सीमित सहयोग से लेकर पारदर्शिता तथा सूचना आदान-प्रदान तक बदलाव लाने में मदद की है। कर उद्देश्यों के लिए पारदर्शिता एवं सूचना के आदान-प्रदान पर ग्लोबल फोरम एक बहुपक्षीय ढांचा है जिसमें 170 न्याय-क्षेत्र शामिल हैं।

### पारदर्शिता निष्पक्ष होने पर ही प्रभावी

यह पारदर्शिता और सूचना के आदान-प्रदान पर अंतरराष्ट्रीय मानकों के कार्यान्वयन की निगरानी एवं समीक्षा करता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता तभी प्रभावी एवं निष्पक्ष हो सकती है जब वह स्पष्ट नियमों, पारस्परिक सम्मान और साझा उद्देश्यों द्वारा निर्देशित हो। भारत के संदर्भ में सीतारमण ने कहा कि पिछले एक दशक में स्वैच्छिक अनुपालन में स्पष्ट रूप से मजबूती आई है।

## एलन कोटा में एडमिशन शुरू, स्पेशल फी-बेनिफिट 20 दिसम्बर तक



**कोटा।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में सत्र 2026-27 के एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई। संस्था द्वारा 20 दिसम्बर तक अर्ली फी बेनिफिट की घोषणा की गई है। इस तिथि तक प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को रियायती फीस पर एडमिशन दिया जाएगा। इस तिथि के बाद एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को बढ़ी हुई फीस देनी होगी। एलन कोटा प्रसीडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि एलन की ओर से आयोजित की गई टैलेंटेक्स परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। ऐसे में जिन विद्यार्थियों को इस परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर स्कॉलरशिप दी जा रही है, उनके लिए दोहरा लाभ लेने का अवसर है। ऐसे विद्यार्थी रियायती फीस पर टैलेंटेक्स स्कॉलरशिप का लाभ लेते हुए शुल्क जमा करवा सकते हैं। इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश के ख्यातनाम संस्थान एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट हर विद्यार्थी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ करवाने के अपने उद्देश्य के साथ-साथ बेहतर परिणाम दे रहा है। जेईई-एडवांस्ड व जेईई-मेन हो या मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी दोनों एलन के परिणाम देश में बेहतर हैं।

## दो हजार रुपये के 74 करोड़ और नोट वापस आए

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि नवंबर के दौरान उसके कार्यालयों में 2,000 रुपये के 74 करोड़ रुपये के नोट और वापस आए। केंद्रीय बैंक ने बताया कि इसके साथ ही, 29 नवंबर तक 2,000 रुपये मूल्य के 5,743 करोड़ रुपये के नोट चलन में रह गए हैं। इस साल 31 अक्टूबर को 5,817 करोड़ रुपये चलन में थे।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सोना 1,670 रुपये टूटा चांदी 4,360 रुपये तेज

**सोना टूटकर 1,31,530 रुपए प्रति दस ग्राम**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोर कारोबार के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,670 रुपये टूटकर 1,31,530 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,33,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। हालांकि, चांदी में लगातार छठे दिन तेजी बनी रही और यह 4,360 रुपये बढ़कर 1,81,360 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज), सौमिल गांधी ने कहा, "पिछले सत्र में कीमतें कई सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद कारोबारियों की मुनाफावसूली से मंगलवार को सोने में गिरावट आई। इसके साथ इस सप्ताह के आखिर में आने वाले अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों के आने से पहले व्यापारियों के सतर्क रुख ने भी गिरावट में योगदान दिया।" सराफा

- चांदी बढ़कर 1,81,360 रुपए प्रति किलोग्राम



संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी में लगातार छठे सत्र में तेजी रही और यह 4,360 रुपये बढ़कर 1,81,360 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। सोमवार को यह 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। मिराए एसेट शेयरखान के प्रमुख (जिंस) प्रवीण सिंह ने कहा कि घरेलू सराफा की कीमतों को कमजोर भारतीय रुपये से समर्थन मिल रहा है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर

रुपया व्यापार समझौते की अनिश्चितता के कारण डॉलर के मुकाबले 89.95 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 45.17 डॉलर यानी 1.07 प्रतिशत टूटकर 4,187 डॉलर प्रति औंस रहा, जबकि चांदी 1.77 प्रतिशत घटकर 56.97 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# घरेलू बाजार तीसरे दिन गिरकर बंद, सेंसेक्स 504 अंक फिसला

एजेंसी ▸▸ मुंबई

प्रमुख बैंकों और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को लगातार तीसरे दिन नुकसान में रहे। सेंसेक्स में करीब 504 अंक जबकि निफ्टी में 144 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि औद्योगिक उत्पादन के खराब आंकड़ों और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर तक गिर जाने से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 503.63 अंक टूटकर 85,138.27 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 143.55 अंक फिसलकर 26,032.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और लार्सन एंड टूब्रो में सर्वाधिक गिरावट रही। इसके विपरीत, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,171.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,558.93 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की खरीदारी की।

- प्रमुख बैंक व रिलायंस के शेयरों में रही बिकवाली




### एफआईआई की बिकवाली ने जोर पकड़ी

*मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, "एफआईआई की बिकवाली ने एक बार फिर तेजी पकड़ ली है। पिछले तीन सत्रों में एफआईआई ने करीब 6,000 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। बाजार के ऊंचे मूल्यांकन और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा में देरी से निवेशकों के बीच घबराहट देखी जा रही है।*

**एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख :** एशिया के अन्य बाजारों में मिले-जुले रुझान रहे। चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट में रहा, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक लाभ में रहे। यूरोपीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

# नई आशा ने अपना चौथा वार्षिक दिवस समावेश मनाया



**नई दिल्ली।** नई आशा लहर फाउंडेशन द्वारा संचालित ने 29 नवंबर 2025 को अपना चौथा वार्षिक दिवस समावेश मनाया। यह विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिए एक शिक्षण एवं थेरेपी केंद्र है। इस अवसर पर अमित यादव, आईएएस, सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. विकास कुमार, प्रबंध निदेशक, डीएमआरसी और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही इस अवसर पर केंद्र के बच्चों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

## खोरधा रोड मंडल ने भारतीय रेल में फ्रेट हैंडलिंग में सबसे अग्रणी

**नई दिल्ली।** पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मंडलने एक बार फिर अपनी अब तक की सर्वोत्तम लोडिंग निष्पादनहासिल करके अपनीबेहतर ऑपरेशनल क्षमता प्रदर्शित की है। इससे भारतीय रेल में फ्रेट हैंडलिंग में सर्वोत्तम निष्पादनकरने वाले मंडल के तौर पर खोरधा रोड मंडल की जगह पक्की हो गई है। यह मंडल लगातार रिकॉर्ड तोड़ परिणाम दे रहा है, जो भारत में माल ढुलाई और आर्थिक विकास में इसकी अहम भूमिका को दर्शाता है। खोरधा रोड मंडलओवरऑल ट्रैफिक हैंडलिंग में देश में सबसे आगे है, नवंबर 2025 तक इसने 209 मिलियन टन का शानदार ट्रैफिक हैंडलिंग हासिल किया है, जिसमें 115 मिलियन टन लोडिंग और 94 मिलियन टन अनलोडिंग शामिल है। बिलासपुर मंडल169.6 मिलियन टन के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसके बाद धनबाद मंडल (152.8 मिलियन टन) और चक्रधरपुर मंडल (145.8 मिलियन टन) रहे।



**NOTICE**

I, SARITA GIRI W/o SUSHIL GIRI R/o Flat No. 148, Pocket-6, Sec. B4, Narela, Delhi 110040 declare that I have changed my name from Sarita Kumari to Sarita Giri for all future purposes. In future I maybe known as Sarita Giri

## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 6066




**बाएँ से दाए**

1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 6065 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6076

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6075 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# वैभव ने 14 की उम्र में ठोका तीसरा टी20 शतक, बने दुनिया के पहले खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैभव सूर्यवंशी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में महाराष्ट्र के खिलाफ मुकाबले में शतक ठोका। इस खिलाड़ी ने 58 गेंद में करियर का तीसरा टी20 शतक पूरा किया। सूर्यवंशी 61 गेंद में सात छक्कों व इतने ही चौकों से 108 रन बनाकर नाबाद रहे। सूर्यवंशी इस शतक के साथ दुनिया के पहले टीनएजर (किशोर) बन गए, जिन्होंने 14 की उम्र में तीन टी20 शतक लगा दिए। उन्होंने अभी केवल 17 ही टी20 मैच खेले हैं।

वैभव ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक लगाया। इस फॉर्मेट मे बिहार के लिए यह उनका पांचवां ही मैच था। उनकी पारी से बिहार ने कोलकाता में खेले गए मुकाबले में पृथ्वी शॉ की कप्तानी वाली महाराष्ट्र टीम के सामने तीन विकेट पर 176 का स्कोर बनाया। वैभव ने इससे पहले आईपीएल 2025 में शतक लगाकर कमाल किया था। फिर एशिया कप राइजिंग स्टार्स में यूएई के खिलाफ भी शतक बनाया था।

सूर्यवंशी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के खिलाफ 58 गेंद में मारी सेंचुरी



### वैभव का सबसे धीमा टी20 शतक

वैभव की यह सबसे धीमी सेंचुरी रही। उन्होंने एशिया कप राइजिंग स्टार्स में यूएई के खिलाफ 32 गेंद में ही सैकड़ा पूरा कर लिया। यह संयुक्त रूप से भारतीय बल्लेबाजों में तीसरा सबसे तेज शतक रहा।वैभव ने इससे पहले आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 35 गेंद में शतक पूरा किया था।

### पहली बार त्रिपुरा से हारा दिल्ली

**अहमदाबाद।** दिल्ली का मौजूदा घरेलू सत्र में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के ग्रुप डी मैच में आईपीएल खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद उसे त्रिपुरा की कमजोर मानी जाने वाली टीम के खिलाफ पहली बार 12 रन से हार का सामना करना पड़ा। त्रिपुरा के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली के बल्लेबाजों ने धीमी पिच पर निराश किया और मणिशंकर मूरासिंह (19 रन पर दो विकेट) तथा विक्की साहा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 145 रन ही बना सके। मूरासिंह ने इससे पहले 18 गेंद में नाबाद 25 रन की पारी भी खेली, जिससे त्रिपुरा ने पांच विकेट पर 157 रन बनाए। दिल्ली की टीम में शामिल नितीश राणा (40 गेंद में 45 रन), आयुष बडोनी (13 गेंद में 14 रन) और प्रियांश (10 गेंद में आठ रन) जैसे आईपीएल खिलाड़ी भी टीम को जीत नहीं दिला पाए।



### पंड्या ने ढाई महीने बाद आते ही लूटी महफिल, बनाए 77 रन

**हैदराबाद।** हार्दिक पंड्या ने दो महीने बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए नाबाद 77 रन बनाए, जिसकी मदद से बड़ौदा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी ग्रुप सी के मैच में पंजाब को सात विकेट से हराया। पंड्या ने 42 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से यह पारी खेली। पंजाब ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 222 रन बनाए थे, जिसमें अभिषेक शर्मा के 19 गेंद में 50 रन शामिल है। पंड्या की पारी के दम पर बड़ौदा ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 224 रन बनाए। उन्होंने चार ओवर गेंदबाजी करके 52 रन दिए और एक विकेट भी लिया।

## खबर संक्षेप



### 7 दिसंबर से एशियाई पैरा खेल, दल को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने दुबई में 7 से 14 दिसंबर तक होने वाले एशियाई युवा पैरा खेलों के लिए 161 सदस्यीय भारतीय दल को मंजूरी दे दी लेकिन अतीत में विदेश में कुछ अधिकारियों और खिलाड़ियों के गायब होने की घटनाओं को देखते हुए सभी की पृष्ठभूमि की जांच भी अनिवार्य कर दी है। सूची में 99 खिलाड़ियों (61 पुरुष और 38 महिलाओं) , 62 कोचों, सहयोगी स्टाफ और दल के अधिकारियों के नाम है । मंत्रालय ने दल के लौटने के 30 दिन के भीतर प्रदर्शन पर भी विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिसमें एक्शन फोटो और अन्य विजुअल शामिल हैं। भारतीय पैरालम्पिक समिति (पीसीआई) को भेजे पत्र में कहा गया, 'अतीत में विदेश में कुछ अधिकारियों और खिलाड़ियों के गायब होने की घटनाओं के कारण मंत्रालय का मानना है कि दल के सदस्यों और अधिकारियों की पृष्ठभूमि की भारतीय खेल प्राधिकरण या राष्ट्रीय खेल महासंघों की ओर से पूरी जांच कराई जाए।'

### दिल्ली हाईकोर्ट ने की बजरंग विनेश की याचिका खारिज




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ के दिसंबर 2023 में हुए चुनाव को चुनौती देने वाली बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और सत्यव्रत कादियान की याचिका खारिज कर दी क्योंकि अलग अलग तारीखों पर भी वे अदालत के समक्ष पेश नहीं हुए। इन तीनों ओलंपियनों की उम्मीदवार अनिता श्योराण को हराकर संजय सिंह उस समय अध्यक्ष बने थे। न्यायाधीश मिनी पुष्करना ने 27 नवंबर को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सुनवाई के दौरान एक भी याचिकाकर्ता मौजूद नहीं था और पिछली दो सुनवाई में भी वे नहीं आए। अदालत ने अपने फैसले में कहा, 'लगता है कि इस मामले को आगे ले जाने में याचिकाकर्ताओं की कोई रुचि नहीं है।' पहलवानों ने आरोप लगाया था कि डब्ल्यूएफआई चुनाव अच्छे और पारदर्शी माहौल में नहीं हुए थे।

### फ्रांस क्वार्टर फाइनल में, बांग्लादेश को हराया



**चेन्नई।** पिछले सत्र के रजत पदक विजेता फ्रांस ने बांग्लादेश को 3-2 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखते हुए एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ ही फ्रांस की टीम पूल 'एफ' में अधिकतम नौ अंक लेकर शीर्ष पर रही। फ्रांस ने इससे पहले कोरिया को 11-1 और ऑस्ट्रेलिया को 8-3 से हराया था। टूर्नामेंट के अपने शुरुआती दो मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले फ्रांस ने बांग्लादेश के खिलाफ भी मैच के अधिकांश समय अपना नियंत्रण बनाए रखा।

**रायपुर वनडे :** आज दोपहर 1.30 बजे से दो दिग्गज टीमों के बीच कांटे का मुकाबला

# द. अफ्रीका पर श्रृंखला जीत के लिए रो-को पर टिकी भारत की उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ड्रेसिंग रूम के माहौल को लेकर अफवाहों के बीच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को दूसरा वनडे और श्रृंखला जीतने के लिए भारत की उम्मीदें विराट कोहली के शानदार फॉर्म और रोहित शर्मा की दमदार मौजूदगी पर लगी होंगी। कोहली के 52वें वनडे शतक और रोहित की 57 रन की आक्रामक पारी के दम पर भारत ने रांची में पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया। वनडे विश्व कप 2027 में अभी दो साल है और ऐसे में कोहली और रोहित के लिए हर मैच अपनी फिटनेस और फॉर्म को साबित करने का जरिया है। मुख्य कोच गौतम गंभीर से लगातार बढ़ते मतभेदों का मसला भी अहम है। इसे लेकर लग रही अटकलों के बीच लगता है कि बीसीसीआई को कहीं न कहीं दखल देना होगा।



### रोहित-कोहली ने किया विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता

पिछले दो वनडे में भारत की जीत के सूत्रधार रहे रोहित और कोहली ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले विश्व कप के लिए अपना दावा पुख्ता कर दिया है। रोहित के शानदार प्रदर्शन से भारत ने अक्टूबर में आस्ट्रेलिया को सिडनी वनडे में नौ विकेट से हराया था। चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर और गंभीर ने विश्व कप में दोनों की भागीदारी को लेकर कुछ नहीं कहा है, जो शायद तनाव की वजह हो सकता है । पहला मैच जीतने के बावजूद भारत की चिंता कम नहीं हुई है। लिस्ट ए क्रिकेट में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले रुतुराज गायकवाड़ को चौथे नंबर पर भेजा गया लेकिन वह इसके लिये तैयार नहीं दिखे। कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल छठे नंबर पर उतरे। वॉशिंगटन सुंदर को बल्लेबाजी क्रम में प्रयोगों की आदत हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट में तीसरे नंबर पर उतरने के बाद उन्हें पहले वनडे में पांचवें नंबर पर भेजा गया लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल सके। गेंदबाजी में उन्होंने तीन ही ओवर डाले और 18 रन दिए।

### रायपुर वनडे में बावुमा और महाराज की वापसी

मार्को यानसेन ने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 39 गेंद में 70 रन बनाये ।मैथ्यू ब्रीज्के ने भारत के खिलाफ पहला वनडे खेलते हुए 72 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका ने पहला वनडे कप्तान तेम्बा बावुमा और स्पिनर केशव महाराज के बिना खेला, जिन्हें आराम दिया गया था। अब दोनों की वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम पर एकमात्र वनडे जनवरी 2023 में खेला गया था जब पिच से मिलने वाली सीम की मदद से मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड टीम को 108 रन पर आउट कर दिया था। भारत ने 30 ओवर बाकी रहते आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। यहां दिसंबर 2023 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच में भी भारत ने 20 रन से जीत दर्ज की थी।

#### संभावित टीमें

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मारक्रम, डेवाल्ड ब्रेविस, नांद्रे बर्गर, क्विंटन डी कॉक, मार्को यानसन, टोनी डी जॉर्जी , रुबिन हरमन, ओटनील बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायन।

**आईपीएल 2026**

# नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल, नाम लिया वापस




एजेंसी ▶▶| सिडनी

आईपीएल में एक दशक के कैरियर में कुछ खास नहीं कर सके ग्लेन मैकसवेल ने अबुधाबी में 16 दिसंबर को होने वाली मिनी नीलामी से नाम वापिस ले लिया। 'बिग शो' के नाम से मशहूर 37 वर्ष के मैक्सवेल ने 2012 से हर आईपीएल (2019 को छोड़कर) खेला है। वह 141 मैचों में 2819 रन ही बना सके और उनका औसत 24 से भी कम रहा। उन्होंने अपनी आफ ब्रेक गेंदबाजी से 8.30 की इकॉनामी रेट से 41 विकेट लिए।

■ आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर निखारा

### भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी : मैक्सवेल

मैक्सवेल ने इंस्टाग्राम पर लिखा,'आईपीएल में कई यादगार सत्रों के बाद मैंने इस साल नीलामी से नाम वापिस लेने का फैसला किया है। यह बड़ा फैसला है और लीग से जो कुछ भी मिला है, उसके प्रति कृतज्ञता जताते हुए लिया है।' उन्होंने लिखा,'आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के तौर पर निखारा है। मैंने कई विश्व स्तरीय खिलाड़ियों और टीमों के साथ खेला और क्रिकेट के लिए असाधारण जुनून रखने वाले दर्शकों के सामने खेला है। ये यादें, चुनौतियां और भारत की ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी।' मैक्सवेल ने कोई कारण नहीं बताया लेकिन अधिकांश बड़ी टीमें उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए इंतजार से थक चुकी हैं। अक्सर महंगे दामों पर बिकने के बावजूद वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

**हॉकी**

## भारत ने स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

भाषा ▶▶| मदुरै

मनमीत सिंह ने दो गोल करके अपने जन्मदिन का जश्न मनाया जबकि शारदा नंद तिवारी ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जिससे भारत ने मंगलवार को यहां एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप में स्विट्जरलैंड को 5-0 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखा और क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत तीन मैच में तीन जीत से नौ अंक के साथ पूल बी में शीर्ष पर रहा। भारत के लिए मनमीत (दूसरे और 11वें मिनट) और शारदा नंद तिवारी (13वें और 54वें मिनट) ने दो-दो गोल किए जबकि अर्शदीप सिंह (28वें मिनट) ने भी एक गोल दागा। इस बीच यहां पहले मैच में स्पेन ने नामीबिया को 13-0 से हराकर तीन मैच में सभी जीत के रिकॉर्ड के साथ पूल डी में शीर्ष पर रहते हुए सीधे क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। ब्रूनो एविला (पांचवें, 23वें, 47वें, 58वें मिनट) ने हैट्रिक सहित चार गोल किए जबकि एंड्रेस मेडिना (सातवें, और 27वें) और जोसेप मार्टिन (44वें और 59वें) ने दो-दो गोल दागे। अल्बर्ट सेराहिमा (15वें), निकोलस मुस्तारोस (37वें), टोन मोरन (41वें), एलेक्स बोज़ल (54वें) और पेरे अमात (55वें) ने स्पेन के लिए एक-एक गोल किया। पूल डी के दूसरे मैच में बेल्जियम ने मिस्र को 10-0 से हराकर दूसरी सबसे अच्छी टीम के तौर पर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। मैक्सिमिलियन लैंगर (18वें, 25वें और 59वें मिनट) ने बेल्जियम के लिए हैट्रिक लगाई जबकि लुकास बल्थाजार (चौथे और 23वें), बेंजामिन थिएरी (28वें), मैथियास फ्रैंकोइस (33वें), जीन क्लोएटेंस (50वें), ह्यूगो लाबुशेरे (53वें) और मारिन वैन हील (56वें) ने भी गोल दागे।




### आयरलैंड को 8 विकेट से हारकर बांग्लादेश ने जीती 2-1 से सीरीज

**चटगांव।** बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। मेजबान टीम ने मतिउर रहमान स्टेडियम में खेले गए सीरीज के अंतिम मुकाबले में 8 विकेट से जीत दर्ज की। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन तमीम को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्होंने 7 बाउंड्री के साथ 55 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, मेहदी हसन को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। चटगांव में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए आयरलैंड की टीम 19.5 ओवरों में महज 117 रन पर सिमट गई। इस टीम को कप्तान पॉल स्टर्लिंग और टिम टेक्टर की जोड़ी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 4 ओवरों में 38 रन टीम के खाते में जोड़े। टिम टेक्टर 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनके आउट होने के बाद विकेटों का पतझड़ लग गया।

## आईपीबीएल: चेन्नई सुपर वॉरियर्स और कैपिटल वॉरियर्स गुड़गांव को मिली जीत

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर वॉरियर्स ने इंडियन पिकलबॉल लीग (आईबीपीएल) में मंगलवार को हैदराबाद रॉयल्स पर 4-2 की शानदार जीत के साथ अपना अजेय क्रम जारी रखा तो वहीं, कैपिटल वॉरियर्स गुरुग्राम ने बेंगलुरु ब्लास्टर्स के खिलाफ एक रोमांचक 'ग्रैंड रैली' मुकाबले में जीत हासिल कर सत्र में पहली बार सफलता का स्वाद चखा। इस बीच लखनऊ लेपर्ड्स ने भी जबरदस्त वापसी करते हुए मुंबई स्मैशर्स के साथ 3-3 से बराबरी का मुकाबला खेलकर ड्रा अर्जित किया। हैदराबाद रॉयल्स और चेन्नई सुपर वॉरियर्स दोनों ही टीमें इस मैच से पहले अजेय थीं। मिच हैरग्रीव्स ने शुरुआती मुकाबले में दिव्यांशु कटारिया से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 15-14 से जीत दर्ज कर चेन्नई की टीम को आगे कर दिया। चेन्नई ने पुरुष युगल में इस लय को जारी रखा जहां हैरग्रीव्स और हर्ष मेहता की जोड़ी ने कटारिया और बेन न्यूवेल को 15-13 से हराया। रूज़ वैन रीक ने महिला एकल में मेगन फुज को 15-7 से शिकस्त दी और फिर आलिया इब्राहिम के साथ मिलकर महिला युगल को 15-11 से जीतकर मुकाबला चेन्नई के नाम कर दिया। हैदराबाद ने ग्रैंड रैली में 21-16 से जीत हासिल करके कुछ सम्मान बचाया, लेकिन चेन्नई ने लगातार दो दिनों में दो जीत के साथ अपना दबदबा कायम रखा।

**न्यूजीलैंड-वेस्टइंडीज पहला टेस्ट**

# विलियमसन की वापसी, लगाया अर्धशतक ब्रेसवेल-स्मिथ की शानदार साझेदारी

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

केन विलियमसन ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करते हुए अर्धशतक जड़ा, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 9 विकेट पर 231 रन बनाए। विलियमसन ने 102 गेंद में छह चौकों की मदद से 52 रन की पारी खेली।

उन्होंने सलामी बल्लेबाज और कप्तान टॉम लैथम (24) के साथ दूसरे विकेट के लिए उस समय 93 रन की साझेदारी की जब टीम ने मैच की तीसरी गेंद पर ही डेवोन कॉनवे (00) का विकेट गंवा दिया था। विलियमसन




हालांकि 33 गेंद के निजी स्कोर पर भाग्यशाली भी रहे जब वह ओजाय शील्ड्स की गेंद पर बोल्ड हो गए थे लेकिन यह नोबॉल हो गई।


**एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई ओपनर उस्मान ख्वाजा बाहर**

# इंग्लैंड ने ब्रिसबेन टेस्ट के लिए वुड की जगह जैक्स को दिया मौका

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

एशेज श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में चोटिल तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह स्पिन गेंदबाजी करने वाले विल जैक्स के रूप में एकमात्र बदलाव किया गया है। हरफनमौला विल जैक्स को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से ब्रिसबेन में शुरू हो रहे दिन-रात्रि मैच के लिए एकादश में शामिल किया गया है। जैक्स को पिछले दो साल से टीम के नियमित स्पिनर रहे शोएब बशीर पर तरजीह दी गई है।

जैक्स ने तीन साल पहले पाकिस्तान में दो टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने उसके बाद से ज्यादातर सीमित ओवरों के मैच खेले हैं।






**दूसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम** | जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर।

### टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पहली पसंद बशीर

वुड के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड ने जोश टंग और मैथ्यू पॉट्स जैसे तेज गेंदबाजों पर एक स्पिन गेंदबाजी करने वाले को प्राथमिकता दी है। बशीर पिछले दो वर्षों में टेस्ट में इंग्लैंड के लिए पहली पसंद के स्पिनर रहे हैं। उन्होंने 19 मैचों में 68 विकेट लिए हैं। 22 वर्षीय बशीर पहले टेस्ट में टीम के 12वें खिलाड़ी थे। इंग्लैंड इस टेस्ट मैच को दो दिन के अंदर हार गया था। इस बीच एशेज से जुड़ी एक अन्य खबर में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पीठ की चोट के कारण ब्रिसबेन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इस चोट ने पहले मैच में भी उन्हें परेशान किया था।




**बारूद इतना कि 10 किमी क्षेत्र को कर सकता था तबाह**

# देश पर आतंक का खतरा अभी टला नहीं: आतंकियों की बड़ी साजिश नाकाम, राजस्थान के राजसमंद में विस्फोटक से लदी पिकअप जब्त

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश पर आतंक का खतरा अभी पूरी तरह से टला नहीं है। फरीदाबाद मॉड्यूल और दिल्ली ब्लास्ट के बाद राजस्थान से बड़ी संख्या में विस्फोटक बरामद हुआ है। यह विस्फोटक इतना खतरनाक था कि 10 किलोमीटर के क्षेत्र को एक धमाके में तबाह कर सकता था। पुलिस के अनुसार, पिकअप वैन में जितना विस्फोटक मौजूद था, अगर इसमें ब्लास्ट होता तो 10 किलोमीटर तक का क्षेत्रफल प्रभावित हो सकता था।

हालांकि, इस विस्फोटक को कहां लेकर जाया जा रहा था? इसका अंदाजा अभी नहीं लग सका है। पुलिस पिकअप वैन के ड्राइवर से पूछताछ कर रही है, जिसमें कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। उन सभी की तलाश जारी है। राजस्थान पुलिस ने राजसमंद से यह विस्फोटक बरामद किया है। इसे पिकअप वैन में भरकर राजस्थान के आमेद से नाथद्वारा ले जाया जा रहा था। पुलिस ने वैन की तलाशी के दौरान विस्फोटक बरामद किया है।

### ड्राइवर से पूछताछ में सामने आए कई नाम



बॉक्सों में भरा था विस्फोटक

### पिकअप के साथ दो आरोपी पकड़े

प्रारंभिक जांच में विस्फोटक सामग्री ले जाने संबंधी कोई परमिट नहीं मिला और सुरक्षा को लेकर गंभीर बेपरवाही सामने आई है। नाथद्वारा पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर एसपी ममता गुप्ता के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार सुबह श्रीनाथजी थाना पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी।

### खदानों में ले जा रहे थे विस्फोटक

डीएसपी शिप्रा राजावत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में जब्त किया गया विस्फोटक ग्रेनाइट माइंसों पर पत्थर ब्लास्ट के लिए ले जाना सामने आया है। पुलिस द्वारा फिलहाल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खुले में विस्फोटक सामग्री को रखा है और विशेषज्ञों की राय के अनुसार अग्रिम कार्रवाई होगी। फिलहाल ब्लास्ट का कोई खतरा नहीं है।

### आमेट से नाथद्वारा ले जाया जा रहा था विस्फोटक

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुबह पिकअप वाहन में लोड किया गया था। पिकअप वाहन आमेट क्षेत्र से नाथद्वारा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान छापा मारकर इससे विस्फोटक जब्त किया गया। पिकअप में भरे विस्फोटक की मात्रा को देखकर पुलिस दंग रह गई। इसके बाद पूरे विस्फोटक सामाग्री को वाहन से नीचे उतारा गया। विस्फोटकों को कार्टन में रखा गया था। पुलिस के अनुसार इसकी मात्रा इतनी अधिक है कि इससे धमाका किया जाता तो करीब 10 किलोमीटर के क्षेत्र में असर दिखाई देता।

### उमर के साथी आमिर की हिरासत 7 दिन बढ़ी

दिल्ली के लाल किला कार ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी राहत मिली है। पटियाला हाउस स्थित स्पेशल एनआईए कोर्ट ने मामले के मुख्य आरोपी आमिर रशीद अली की कस्टडी सात दिन और बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।



**नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के. त्रिपाठी ने राजधानी में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी है यह जानकारी**

# भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में जल्द शामिल होगी तीसरी परमाणु चालित पनडुब्बी 'अरिदमन'

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत की पूर्वी और पश्चिमी-सीमा पर बने हुए तनावपूर्ण हालात के बीच सामरिक समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र से जुड़ी हुई एक बहुत बड़ी और अच्छी खबर सामने आ रही है। जिसके मुताबिक, अब वो दिन दूर नहीं जब भारतीय नौसेना के जंगी बेड़े में स्वदेश में निर्मित तीसरी परमाणु ऊर्जा चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी 'अरिदमन' शामिल होने वाली है। नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को नौसेनादिवस (4 दिसंबर) के पूर्व में नई दिल्ली में आयोजित किए गए वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की है। जिसमें उन्होंने बताया कि अरिदमन जल्द ही नौसेना में कमीशन की जाएगी।

अभी इससे संबंधित परीक्षण अंतिम चरण में चल रहे हैं। उन्होंने इसे पूर्व पनडुब्बी से उन्नत पनडुब्बी बताया और ये स्पष्ट किया कि जल्द ही इसे बल के जंगी बेड़े में शामिल किया जाएगा। इन पनडुब्बियां का निर्माण भारत के परमाणु चालित बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम (एसएसबीएन) के तहत किया जा रहा है। जबकि इनके संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी सामरिक बल कमांड (एसएफसी) के पास रहती है। जिसकी अध्यक्षता स्वयं प्रधानमंत्री करते हैं। भारत अपने सभी परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के मामले में पहले इस्तेमाल न किए जाने यानी नो फर्स्ट यूज की नीति (न्यूक्लियर डाक्टरीन) का पालन करता है। तीसरी अरिदमन पनडुब्बी के नौसेना के बेड़े में शामिल होने से उसकी जरूरत पड़ने पर जल, नभ और थल तीनों क्षेत्रों से दुश्मन के किसी भी वार का तुरंत मुंहतोड़ जवाब देने की क्षमता और अधिक मजबूत हो जाएगी। अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बियों के देश में निर्माण-विकास के साथ ही भारत दुनिया के उन विशिष्ट देशों के क्लब में शामिल हो गया है। जिनके पास पहले से ये क्षमता मौजूद है। जिसमें अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देश मुख्य हैं।

**त्रिवेंद्रम में होगा नौसेनादिवस समारोह:** इस वर्ष नौसेनादिवस समारोह गुरुवार 4 दिसंबर को केरल के त्रिवेंद्रम में आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता तीनों सशस्त्र सेनाओं की सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। समारोह में नौसेना के युद्धक बेड़े में शामिल तमाम अस्त्र-शस्त्र अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। ये पहला मौका है जब नौसेनादिवस का आयोजन किसी सुदूर दक्षिण-भारतीय राज्य में किया जा रहा है। नौसेनादिवस मनाने की असल वजह पाकिस्तान के साथ 1971 में हुए युद्ध के दौरान 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना द्वारा कराची बंदरगाह पर किए गए अत्यंत घातक हमले के जरिए उसे भारी क्षति पहुंचाने की याद को ताजा करने से जुड़ी हुई है। इस घटना को भी इस युद्ध में जीत का एक बड़ा अहम कारक मानी जाती है।

**अरिहंत का उन्नत संस्करण है अरिदमन:** बताते चलें कि 'अरिदमन' का शाब्दिक अर्थ 'सदा विजयी' है और इसे आम बोलचाल की भाषा में अरिहंत श्रेणी की तीसरी पनडुब्बी के रूप में जाना जाता है। जिसे एस4 स्ट्रैटेजिक स्ट्राइक न्यूक्लियर सबमरीन का नाम दिया गया है। ये अरिहंत श्रेणी की पनडुब्बी का उन्नत संस्करण है। अरिदमन का कुल वजन 7 हजार टन है और इसका निर्माण विशाखापट्टनम के बंदरगाह शहर स्थित जहाज निर्माण केंद्र में उन्नत प्रौद्योगिकी पोत (एटीवी) परियोजना के तहत किया गया है। अभी तक इस श्रेणी की दो पनडुब्बियां जैसे अरिहंत और अरिघात नौसेना में शामिल हो चुकी हैं।

**2016 में नौसेना को मिली पहली पनडुब्बी:** वर्ष 2016 में नौसेना को इस श्रेणी की पहली स्वदेशी अरिहंत पनडुब्बी मिली थी। इसके बाद 29 अगस्त 2024 को दूसरी पनडुब्बी अरिघात और अब जल्द ही तीसरी पनडुब्बी अरिदमन बल के बेड़े में कमीशन हो जाएगी। जिसके बाद नौसेना के पास परमाणु ऊर्जा चालित तीसरी पनडुब्बी हो गई है। इनका निर्माण व्यापकता के साथ किया गया है। पनडुब्बी के डिजाइन से लेकर मैन्युफैक्चरिंग, तकनीक बेहद उन्नत है।

### जल्द मिलेंगी महिला पनडुब्बी कर्मी

नौसेना में महिला पनडुब्बी कर्मियों को शामिल करने की कवायद चल रही है। ये एक प्रकार से महिलाओं की बल में भूमिका बढ़ाने की प्रक्रिया को प्रदर्शित करता है। उभरते हुए समुद्री खतरों को लेकर भारत की सक्रियता वाली नीति के तहत नौसेना का ध्यान अपनी रणनीतिक तैयारी को मजबूत बनाने और आगामी क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों से दो-दो हाथ करने पर टिका हुआ है।

### 2028 में मिलेंगे 4 राफेल-एम विमान

उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश के विभिन्न शिपयार्ड, डीपीएसयू में नौसेना के कुल 51 प्लेटफार्म बनाए जा रहे हैं। बीते वर्ष दिसंबर के बाद से अब तक पूंजीगत खरीद से जुड़े 94 प्रस्तावों पर आवश्यकता की अनिवार्यता (एओएन) की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिनकी कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 27 हजार 554 करोड़ रुपए है। 94 एओएन का संबंध 47 जहाज और 120 फास्ट इंटर क्राफ्ट से है। 83 मामले अन्य स्वीकृत हैं, जिनमें 46 आपातकालीन खरीद से जुड़े 7 हजार करोड़ रुपए की लागत के हैं। इसके अलावा 26 नौसैन्य राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए इस साल अप्रैल महीने में फ्रांस के साथ 64 हजार करोड़ रुपए का एक समझौता हुआ है। जिसके तहत पहले 4 विमान वर्ष 2028 में नौसेना को मिलेंगे। प्रोजेक्ट 75-इंडिया के तहत 6 स्टेल्थ पनडुब्बियों की खरीद की प्रक्रिया लगभग अंतिम दौर पर पहुंच गई है।

### उदयगिरि बना स्वदेश में निर्मित 100वां युद्धपोत

एडमिरल त्रिपाठी ने पिछले साल दिसंबर 2024 में हुए नौसेनादिवस के बाद से लेकर आज तक बल के बेड़े में कुल एक दर्जन जहाज शामिल करने की बात कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल जनवरी महीने में आईएनएस वागशीर पनडुब्बी को कमीशन किया था। इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों कमीशन हुआ उदयगिरि युद्धपोत नौसेना के डिजाइन ब्यूरो द्वारा स्वदेश में निर्मित-विकसित सौंवा युद्धपोत है। हाल ही में आईएनएस माहे को कमीशन किया गया था। जिसका डिजाइन निजी तौर पर तैयार किया गया। पीएम मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में इसका जिक्र भी किया था।

### जारी किया इंडियन मेरीटाइम डॉक्टरीन

संवाददाता सम्मेलन में नौसेनाप्रमुख ने संशोधित इंडियन मेरीटाइम डॉक्टरीन-2025 भी जारी किया है। सबसे पहले इसे 2004 में और उसके बाद 2009 में दूसरी बार इसे जारी किया गया था। समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों और भारत की रणनीति को यह व्यापकता के साथ दर्शाता है।

**यात्रा वार्षिक शिखर सम्मेलन के मद्देनजर हो रही**

# पुतिन की यात्रा से ठीक पहले बोला भारत दोनों देशों के बीच होंगे अहम समझौते

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 4 से 5 दिसंबर तक भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जिसे लेकर देश के कूटनीतिक गलियारों में तैयारी जोरशोर से चल रही है। हो सकता है कि इस दौरान दोनों देशों के बीच कई बड़े और महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान किया जाए। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि रूस के राष्ट्रपति की यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन के मद्देनजर की जा रही है। जिसके केंद्र में दोनों देशों के बीच स्थापित प्राचीन-ऐतिहासिक द्विपक्षीय संबंध और उनसे जुड़े हुए तमाम पहलू रहेंगे।

जबकि दोनों देशों के साझा हितों से जुड़े मुद्दे भी इस दौरान होने वाली शीर्ष नेताओं की चर्चा में शामिल किए जा सकते हैं। यहां नई दिल्ली में रूस के राष्ट्रपति के आगमन के बाद वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। जिसमें संभवतः रक्षा-सुरक्षा सहयोग, व्यापार और उससे जुड़ा घाटा कम करने, ऊर्जा, सिविल परमाणु ऊर्जा, भारत-रूस के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए, यूरेशियन इकनॉमिक यूनियन के बीच) और कामगारों से जुड़ा गतिशीलता यानी मोबिलिटी समझौते जैसे मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है। दोनों शीर्ष नेताओं की वार्ता में आतंकवाद के मुद्दे को भी जगह मिलने की उम्मीद है। भारत-रूस के बीच बीते करीब ढाई दशक से रणनीतिक साझेदारी है। राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा से भारत के साथ रूस के आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ता के साथ आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### एफटीए पर पहले दौर की बातचीत पूरी हुई

अधिकारियों ने बताया, भारत-रूस एफटीए को लेकर पहले दौर की बातचीत संपन्न हो चुकी है। एफटीए के बाद भारत को लगता है कि उसे रूस और उसके आसपास के देशों के बाजारों में उसे अपने उत्पादों के लिए और अधिक पहुंच मिलेगी। दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा एक अहम मुद्दा है। रूस से कच्चे तेल, उर्वरक व रक्षा उपकरणों का आयात बढ़ा है। राष्ट्रपति पुतिन की इस यात्रा में व्यापार घाटा कम करने और व्यापार के नए माध्यम बनाने पर चर्चा संभव है। भारत में फिक्की और रूसी पक्ष द्वारा एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दोनों देशों की कंपनियां भाग लेंगी। निवेश, व्यापार पर चर्चा करेंगी।

### गतिशीलता समझौता लगभग पूरा हुआ

अधिकारियों ने कहा कि दोनों देशों के बीच कौशलयुक्त और गैर कौशलयुक्त कर्मियों से जुड़े हुए गतिशीलता समझौते का दस्तावेज लगभग तैयार कर लिया गया है। रूस इसकी मदद से अपने देश में कामगारों की संख्या में इजाफा करना चाहता है। जबकि भारत को इसका ये फायदा होगा कि समझौते की मदद से भारतीयों के लिए रूस में काम करने के मौके बढ़ जाएंगे। वहीं, अधिकारियों ने पुनः भारतीयों को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें रूस या दुनिया के किसी अन्य देश में रोजगार से जुड़े तमाम अवसरों पर प्रतिक्रिया देने या उसे लेकर किसी समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले सतर्कता के साथ तमाम जमीनी तथ्यों की गहनता के साथ जांच-पड़ताल करनी चाहिए।

### यूक्रेन युद्ध को लेकर साफ है भारत का रुख

अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए भारत अपने पुराने रुख पर कायम है। रूसी राष्ट्रपति की स्वदेश यात्रा के दौरान भी हमारा यही पक्ष रहेगा। जिसमें प्रधानमंत्री मोदी स्वयं यह कह चुके हैं कि यह युद्ध का युग नहीं है। समस्या का समाधान केवल बातचीत और कूटनीति के जरिए ही संभव है। जिसमें दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर बैठना पड़ेगा। भारत शांति स्थापना के लिए जारी तमाम प्रयासों को अपना समर्थन प्रदान करता है। रूस और यूक्रेन के बीच हमने कभी मध्यस्थता की कोई पहल नहीं की है। भविष्य में भी हमारा यही रुख जस का तस कायम रहेगा।

**यूएनडीपी की चेतावनी: दुनिया में संघर्ष कर रहे लोग विकास से रह जाएंगे दूर**

**सुधारात्मक कदम नहीं उठाने से अमीर देशों का बढ़ेगा दबदबा**

# एआई से दुनिया में बढ़ सकती है असमानता समाज में महा-विभाजन लौटने का खतरा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चकाचौंध और वादों के बीच संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने दुनिया के सामने एक कड़वी हकीकत रखी है। यूएनडीपी ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि यदि सही नीतियां नहीं बनाई गईं, तो एआई दुनिया को जोड़ने के बजाय अमीर और गरीब देशों के बीच की खाई को और बढ़ा देगा।

रिपोर्ट में इसे औद्योगिक क्रांति के दौरान हुए ग्रेट डायवर्जेंस यानी 'महा-विभाजन' की तरह बताया गया। उस समय पश्चिमी देश आधुनिकता की दौड़ में आगे निकल गए थे और बाकी दुनिया पिछड़ गई थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एआई के मामले में बिना सुधारात्मक कदमों के अमीर देशों का दबदबा बढ़ सकता है। एआई का लाभ केवल संपन्न राष्ट्रों और वर्गों तक सिमट कर रह जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार डेटा-संचालित दुनिया में गरीब, बुजुर्ग और विस्थापित लोग पीछे छूट सकते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एशिया में दोहरे मानक हैं। चीन-जापान जैसे देश एआई के मामले में भले ही आगे हैं, लेकिन कई देश बुनियादी ढांचे के अभाव में पिछड़ रहे हैं। उत्पादकता बनाम मानवीय जीवन रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में कॉरपोरेट जगत और सरकारों का पूरा ध्यान एआई के जरिए उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने पर है।


फाइल फोटो

लेकिन रिपोर्ट में सवाल उठाया गया है कि इसका मानवीय जीवन पर क्या असर होगा? रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसे समुदाय जो आज भी बिजली, इंटरनेट और कौशल के लिए संघर्ष कर रहे हैं-जैसे युद्ध पीड़ित, शरणार्थी या जलवायु आपदाओं के शिकार लोग- वे डेटा सेट में शामिल ही नहीं किए जाएंगे। नतीजतन, नीतियां बनाते समय उनपर चर्चा नहीं होगी और विकास की दौड़ से वे पूरी तरह बाहर हो जाएंगे।

### एआई के कारण बिजली और पानी की भारी खपत

डेटा सेंटर्स की ओर से बिजली और पानी की भारी खपत अमीर देशों के लिए भी चिंता का विषय बन गई है। बिजली की मांग पूरी करने के लिए जीवाश्म ईंधन का उपयोग बढ़ने से कार्बन उत्सर्जन कम करने के वैश्विक प्रयासों को धक्का लग सकता है। रिपोर्ट में डीपफेक, गलत सूचना और हैकर्स की ओर से साइबर हमलों में एआई के इस्तेमाल को लेकर भी आगाह किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई का लोकतंत्रीकरण जरूरी है। यूएनडीपी ने एआई को अब बिजली, सड़क और स्कूलों की तरह ही एक आवश्यक बुनियादी ढांचा बताया है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि सरकारों को डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और सामाजिक सुरक्षा में निवेश बढ़ाना होगा।

**वॉशिंगटन स्थित इंडिया हाउस पहुंचे अमेरिकी सांसद**

# भारतीय राजदूत क्वात्रा से हुई चर्चा

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने ऊर्जा, रक्षा और व्यापार जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रभावशाली अमेरिकी सांसदों के एक समूह के साथ 'उपयोगी बातचीत' की। क्वात्रा ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम, रिचर्ड ब्लूमेंथल, शेल्डन व्हाइटहाउस, पीटर वेल्च, डैन सुलिवन और मार्कवेन मलिन की मेजबानी करने का मौका मिला।

ये सभी सांसद वाशिंगटन स्थित 'इंडिया हाउस' में पहुंचे थे, जो भारत के राजदूत का आधिकारिक आवास है। क्वात्रा ने भारत और अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के लिए उनके समर्थन पर आभार व्यक्त किया। क्वात्रा ने लिखा, 'ऊर्जा और रक्षा सहयोग से लेकर व्यापार तथा महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों तक भारत-अमेरिका साझेदारी पर उपयोगी बातचीत हुई। भारत-अमेरिका संबंध को और मजबूत बनाने के उनके समर्थन के लिए आभारी हूं।' इससे पहले, सोमवार को भारतीय राजदूत ने 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' के चेयरमैन जनरल डैन कायने से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, हमारी द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और आपसी रुचि के क्षेत्रीय मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।


सांसदों की सामूहिक तस्वीर

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109